माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 174, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 16
लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 2

# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार



**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

### सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे



**सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।

### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद के निवासी व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

# फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**गोंडा कार्यालय**

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

## स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।

# मोदी पहुंचे यूएई, रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत

**आबू धाबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दौरे पर पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं मुलाकात की। इस दौरान दौरान दोनों नेताओं ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई और भारत के मजबूत होते संबंधों की चर्चा की। उन्होंने वहां बने मंदिर में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के अनोखे संबंधों की शक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



● राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने की अगवानी, एक-दूसरे को गले लगाकर अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से कहा, "आपका भारत के प्रति जो लगाव है और यूएई के उज्जवल भविष्य के लिए जो विजन है, उसका एक उदाहरण मैं देख रहा हूं- यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) का मंदिर बनना। आपके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मेरी पहली मुलाकात में मैंने आपसे आग्रह किया की कि जरा आप देख लीजिए और आपने बता दिया कि जगह पर आप उंगली रख दीजिए, आपको जगह मिल जाएगी।"

### प्रगति में साझेदार हैं भारत और यूएई: प्रधानमंत्री मोदी

**अबू धाबी।** भारत और यूएई को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।' प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## सपा को पल्लवी पटेल ने दिया झटका, उसे वोट न देने की अपील

**लखनऊ, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी को मंगलवार को एक साथ दो झटके मिले। एक ओर राष्ट्रीय महासचिव पद से जहां स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा दिया वहीं, पार्टी की सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट ना देने की बात मीडिया से साझा की है।

विधायक पल्लवी पटेल ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। राज्यसभा में जया बच्चन और आलोक रंजन को भेजने नाराज पल्लवी पटेल ने कहा कि, पीडीए का मतलब मैं पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक समझती हूं, लेकिन इसे इसे बच्चन और रंजन से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि, जब लड़ाई पिछड़ा दलित खेत-खलिहान की हो रही है तो फिर पीडीए कहां गया। ऐसे में सपा को अपने राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार को जिताना भी मुश्किल होगा।

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी**

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में संयुक्त प्रवेश प्रवेश परीक्षा (जेईई) का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है।

जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर जेईई की प्रवेश परीक्षा के लिए महावीर नगर प्रथम के एक हॉस्टल में रहकर निजी शिक्षण संस्थान से कोचिंग कर रहा था। वह कोचिंग करने के अलावा 12वीं का छात्र भी था।

सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। शुभ कुमार चौधरी के आत्महत्या करने का पता उस समय चला, जब परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने उस हॉस्टल के वार्डन को फोन किया, जिसमें वह रह रहा था। हॉस्टल का वार्डन ने शुभ कुमार चौधरी के कमरे में पहुंचा और उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो छात्र फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार



**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

# नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

# शत्रुघ्न-सनी लोस की किसी बहस में नहीं आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पांच साल में सभी 274 बैठकों में मौजूद रहे भाजपा के कांकेर और अजमेर सांसद



भारतीय जनता पार्टी के मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी 17वीं लोकसभा में ऐसे दो सदस्य रहे, जिन्होंने पांच साल की अवधि के दौरान कुल 274 बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति का गौरव हासिल किया। यह संयोग की कहा जाएगा कि पहली बार लोकसभा पहुंचे इन दोनों सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें आवंटित की गई थीं। दूसरी तरफ, अभिनेता-राजनेता सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) उन नौ लोकसभा सदस्यों में से थे, जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। मंडावी ने कहा कि मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करता हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं और मैंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी सदन में भाग लिया था।'

'पीआरएस लेजिस्लेटिव' नामक संस्था द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान के अजमेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी और मंडावी की उपस्थिति 17वीं लोकसभा के दौरान 100 प्रतिशत रही। इस पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान औसतन 79 प्रतिशत की उपस्थिति देखी गई।

यूपी के हमीरपुर से भाजपा सदस्य पुष्पेंद्र सिंह चंदेल संसद में सबसे सक्रिय सदस्य थे, जिन्होंने 17वीं लोकसभा में 1,194 चर्चाओं में भाग लिया था, उनके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से कुलदीप राय शर्मा थे। यह संस्था किसी सदस्य द्वारा विधेयकों पर चर्चा में भाग लेने, शून्यकाल के दौरान मुद्दे उठाने, विशेष उल्लेख और अन्य सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों से खुद को जोड़ने को 'चर्चा में भागीदारी' की श्रेणी में मानती है। बसपा सांसद मलूक नागर (बिजनौर) ने 582 चर्चाओं में भाग लिया।

# 75 जिलों में लगेंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

## मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई



केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णत: अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

**सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

# भारतीय टीम के सामने मजबूत नीदरलैंड की चुनौती

## भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी एफआईएच महिला प्रो-लीग में भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक

**राउरकेला, एजेंसी**



पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की, लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं। टीम को सबसे बड़ा झटका पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी से लग रहा है। ओलंपिक क्वालीफायर के बाद टीम को 5 मैचों में 21 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इसमें से एक भी गोल में नहीं बदला। नीदरलैंड को चुनौती देने के लिए बुधवार को गुरजीत कौर, दीपिका और उदिता जैसी खिलाड़ियों को पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुनाना होगा। साथ ही टीम को आसान गोल खाने से बचने के लिए पेनल्टी-कॉर्नर के खिलाफ अपने रक्षण को मजबूत करने की जरूरत होगी।

भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि नीदरलैंड मजबूत टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा की कमी नहीं है। हम तेज गति के साथ धैर्य बनाए रखेंगे। हम गोल करने के मौकों को भुनाने की कोशिश करेंगे।

# रविंद्र ने 3 विकेट लेकर अंतिम टेस्ट के पहले दिन द. अफ्रीका पर बनाया दबाव

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी**

न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला



हरफनमौला रचिन रविंद्र के 3 विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर 6 विकेट लेकर द. अफ्रीका पर दबाव बनाने में सफल रहा।

बाए हाथ का स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिघम (39) के विकेट चटकाए। उन्होंने 21 ओवर में केवल 33 रन दिए। रुआन डी स्वार्ड्ट ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई। उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में 6 विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया। टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी, जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वह यहां के सेडॉन पार्क में 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए। पिच पर घास होने का फायदा उठाते हुए तेज गेंदबाज मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट लिए। लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 64 रन था। लंच के बाद रविंद्र ने अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने 13 ओवर में 6 मेडन के साथ 15 रन दिए।

## खेल डायरी

### अर्जेंटीना ओपन टेनिसः वावरिंका अंतिम 16 में पहुंचे, सिलिच बाहर हुए



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** तीन ग्रैंड स्लैम खिताब के विजेता स्टैन वावरिंका अर्जेंटीना ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जैरी का सामना करेंगे। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज वावरिंका ने सोमवार को स्थानीय खिलाड़ी पेड्रो कैचिन के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। अमेरिका ओपन (2014) के चैंपियन रहे मारिन सिलिक को लास्लो जेरे ने 4-6, 6-3, 6-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

**कोलकाता, एजेंसी।** दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड़ रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

**पुणे, एजेंसी।** बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अपनी अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर13, 15, और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे सीनियर टीम के लिए रास्ता खुलता है।

### रोहन बोपन्ना को 50 लाख का नकद पुरस्कार देगी कर्नाटक सरकार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को रोहन बोपन्ना को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के लिए 50 लाख के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। बोपन्ना को यहां सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनका परिवार भी उपस्थित था। सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रोहन बोपन्ना से मिलकर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई दी और उनके लिए 50 लाख की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। बोपन्ना ने अपने साथी मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता था। वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले लिएंडर पेस और महेश भूपति ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह कारनामा किया है।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

**राजकोट, एजेंसी**



खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैंः कुलदीप

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दियाः पोप

**राजकोट, एजेंसी**



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।



पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

# दत्ताजीराव गायकवाड़ : हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर



- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन

किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

**दुबई, एजेंसी**



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।



# बॉलीवुड हलचल

## 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

## भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी।



भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।

## रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

## माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




# गड्ढे में मिली लाश, हत्या की आशंका

## कानपुर-इटावा हाईवे पर खोजाफूल गांव के पास मिला शव, युवक की शिनाख्त नहीं, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार:** कानपुर-इटावा हाईवे पर खोजाफूल गांव के पास मंगलवार की सुबह एक गड्ढे में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के साथ ही शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। मौके के हालात देखने के बाद ग्रामीण हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रारंभिक तौर पर हादसा बता रही है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव के पास कानपुर-इटावा हाईवे के किनारे एक गड्ढे में मंगलवार की सुबह 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। गांव के लोग उधर से गुजरे तो शव पड़ा देखा। लाश की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से छानबीन कराई। फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए। बताते हैं कि युवक की पीठ पूरी तरह से काली पड़ी थी। ग्रामीणों की माने तो हत्या करके शव हाईवे के किनारे फेंका गया है।



मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

### गले से नीचे नहीं उतर रही हादसे की बात

कानपुर-इटावा हाईवे के किनारे गड्ढे में मिले युवक के शव को हादसे में मौत बताना किसी के गले नहीं उतर रहा है। पुलिस के हादसा बताने पर लोगों का कहना है कि अगर हादसे में मौत हुई होती तो शव हाईवे अथवा पटरी पर पड़ा होना चाहिए था, लेकिन शव हाईवे से दूर गड्ढे में पड़ा था, जो हत्या की ओर इशारा कर रहा है। लोगों का मानना है कि भले ही युवक की हत्या कहीं और की गई हो और शव यहां लाकर फेंक दिया गया हो।

- **देर शाम तक युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त**
- **प्रारंभिक तौर पर पुलिस बता रही सड़क हादसा**

मौके पर छानबीन करने के साथ ही पुलिस युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर जुटे लोग उसकी पहचान नहीं कर सके। लोगों का कहना है कि इसके पहले यह युवक इलाके में नजर नहीं आया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मर्च्युरी भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले को सड़क हादसा मान रही है।

> प्रथम दृष्ट्या मार्ग दुर्घटना में मौत प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट होगा।
>
> – प्रिया सिंह, सीओ सिकंदरा

# मफलर से कसा गला और फिर चाकू से रेता

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के उलरापुर गांव में बीते शुक्रवार को हुई अनुज यादव की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्यारोपियों ने पहले मफलर से गला कसा और फिर चाकू से रेत मार डाला। रुपयों के लेन-देन के विवाद में उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने एक युवक के साथ दो बालअपचारियों को गिरफ्तार किया है।

उलरापुर में बीते शुक्रवार को अनुज यादव की हत्या कर शव को गांव के बाहर कुएं में फेंक दिया गया था। उसके गायब होने पर पिता करन सिंह की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। कुएं से शव मिलने के बाद यह अनुमान लगाना आसान था कि गला रेतकर हत्या की गई है। हमजोली दोस्त के जरिए हत्यारोपियों का सुराग लगा था। शव मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमे को अपहरण और हत्या के मुकदमे में तरमीम किया था। मंगलवार को पुलिस ने एक गेस्ट हाउस के पास से आरोपी हंसराज और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रुपयों के लेन-देन में हत्या की बात कबूली है। यह भी कहा कि अगर उसे नहीं मारते तो वह हम सबको मार देता। पुलिस ने चाकू, मफलर भी बरामद कर लिया है। एसओ अजय पाठक ने बताया कि दोनों बालअपचारी किशोर न्याय बोर्ड में पेश होंगे।



आरोपी हंसराज।

### क्लोरोफॉर्म से किया बेहोश

अनुज के हत्यारोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि पहले उसे क्लोरोफॉम सुंघा कर बेहोश किया गया और उसके बाद गांव के बाहर ले जाकर मफलर से गला कसा। जब मफलर से गला कसने के बाद भी अनुज नहीं मरा तो चाकू से उसका गला रेत दिया।

# लूट के आरोपी की जमानत खारिज

**कानपुर देहातः** शिवली थाना क्षेत्र में पांच माह पहले ड्यूटी से घर जा रहे युवक के साथ हुई लूट के मामले में जेल में बंद आरोपी की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिसे एंटी डकैती कोर्ट ने खारिज कर दी है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि शिवली क्षेत्र के गांव बसंठी निगोहां निवासी विशाल कुमार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि वह स्वरूप नगर स्थित चांदनी हॉस्पिटल में बतौर ओ टी टेक्निशियन काम करता है 27 अगस्त 2023 को रात साढ़े दस बजे वह ड्यूटी करके अपने घर जा रहा था ।रास्ते में पचोर के पास अचानक पीछे से दो बाइक में पांच लोगों ने उसकी स्कूटी के आगे आकर उसे रोक लिया और उसकी स्कूटी की चाभी निकालकर उसपर तमंचा लगाकर उसके साथ हाथापाई कर उसका मोबाइल और पांच हजार रुपए लूट कर भाग निकले। पुलिस ने रास्तपुर निवासी अनुराग पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।आरोपी की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी ।जिसकी सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# युवक की ट्रेन की चपेट में आने से चली गई जान



मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के समीप से निकले दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई स्टेशन मास्टर के भेजे मेमो की सूचना पर पहुची पुलिस ने प्रथिमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बा रूरा के अंबेडकर नगर (बिहानी मिल) मोहल्ले में रहने वाला आशुतोष उर्फ मनी पाठक (28) जो मंद बुद्धि था ।जिसके कारण वो आए दिन इधर उधर भ्रमण किया करता था। मंगलवार को थाना क्षेत्र क जगदीश पुर गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल लाईन के अप ट्रैक पर खंभा नंबर 1063/5 के बीच ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने वाकी टाकी से इसकी सूचना स्टेशन मास्टर रूरा को दी वहा से भेजे गए मेमो की सूचना पर पहुचे कस्बा इंचार्ज राकेश सिंह ने प्रथमिक छानबीन के बाद शव को पीएम के लिए भेजा वही पुत्र की मौत से मां सुधा पिता लखनलाल का रो रोकर बुरा हाल हो गया ।थाना प्रभारी अजय पाठक ने बाताया कि युवक की मानसिक हालत ठीक नही थी।



आशुतोष पाठक।

# नामांकन के हिसाब से खातों में पहुंची कंपोजिट ग्रांट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- **प्रधानाध्यापक कार्ययोजना बनाकर क्रय करें सामग्री**

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों के छात्रों को निजी स्कूलों की तरह हर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कंपोजिट ग्रांट जारी किया जाता है। छात्र संख्या के हिसाब से परिषदीय स्कूलों को कंपोजिट ग्रांट प्रत्येक वर्ष मिलता है। कंपोजिट ग्रांट खर्च नहीं होने पर 31 मार्च 2024 को यह स्वतः ही लैप्स हो जाएगी।

शासन ने वर्ष 2023-24 में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के लिए 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट जारी कर दी है। कंपोजिट ग्रांट को रजिस्टर्ड फॉर्म को ही स्थानांतरित करना है और जीएसटी बिल लेना है। इस बजट से विद्यालयों को दिए गए दो-दो टैबलेट के लिए सिम की खरीद में भी प्रयोग किया जा सकता है। काफी समय से शिक्षक इसकी मांग कर रहे थे। वहीं वित्तीय वर्ष के आखिर में बजट जारी होने से प्रधानाध्यापक इसके समय से खर्च होने पर शंका व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि दो महीने में इस राशि को पूरा खर्च कर पाना कैसे संभव होगा। वहीं शासन मार्च में शेष 50 फीसदी राशि भी भेजेगा। अगर समय से यह राशि मिली होती तो विद्यालय के विकास कार्यों में इसका बेहतर प्रयोग होता।

कंपोजिट ग्रांट का उपयोग सामान्य शैक्षिक, सह-शैक्षिक, भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति व स्कूल स्वच्छता एक्शन प्लान के लिए किया जाता है। इसमें 10 फीसदी धनराशि स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर अनिवार्य रूप से खर्च करने के निर्देश हैं। स्वच्छता में टॉयलेट क्लीनर, टॉयलेट ब्रश, फिनायल, डेटॉल साबुन, फूल झाड़, सीख झाड़, नारियल झाड़, फ्लोर वाइपर, नेलकटर, कंघा, जाला क्लीनिंग ब्रश, हैण्डवॉश, पेडल डस्टविन, ट्रैश बिन, टॉवेल, सीजर, फ्लोर क्लीनिंग क्लॉथ, डोर मैट, सैनिटाइजर इत्यादि एवं स्वास्थ्य के लिए डिजिटल वेट मशीन, डिजिटल थर्मोमीटर, वाटरप्रूफ बैंडेज, कॉटन, कॉटन पट्टी, हाइड्रोजन, स्पिरिट, डेटॉल लिक्विड, सावलॉन लिक्विड, बीटाडीन, बीटाडीन लिक्विड, डोलो 500, डिस्प्रिन, ऑनडेम एमडी, मेफ्टाल स्पास, बारालगन, सोफ्रामायसिन, सूमोजेल, झंडू बाम, आयोडेक्स, विक्स वापोरब, बर्नहील, इलेक्ट्रॉल, ईनो, ओआरएस इत्यादि खरीद सकते हैं। रंगाई पुताई, फर्नीचर, स्टेशनरी खरीदारी, उपकरण मरम्मत में खर्च कर सकते हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने कहा स्कूलों के विद्यालय प्रबंधन समिति के खातों में कंपोजिट ग्रांट भेज दी गई है। पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से उक्त धनराशि का व्यय किया जाएगा जिसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

# पूरा परिवार शादी में गया चोर समेट ले गए सामान

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचारः** क्षेत्र के बैजुपुरवा गांव में बीती रात को चोरों ने तीन घरों का ताला तोड़ कर जेवरात समेत लाखों का माल पर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर चोरों की तलाश शुरू की है।

बैजूपुरवा के अजय पाल की बेटी की शादी रूरा के एक गेस्ट हाउस से थी, जहां परिवार के सभी लोग मौजूद थे। इसी दौरान घर सुनसान होने के चलते चोरों ने गांव के ही थी। संदीप पाल के यहां से दो जोड़ी सोने के बाला एक जोड़ी तोड़िया अंगूठी, अयोध्या पाल के तोड़िया कान झुमके व सोने के बाला, विनोद पाल के घर से दस हजार की नगदी, सोने के झुमके, बाला, तोड़िया चोरी कर ले गए। जब सुबह घर पहुंचे तो सामान बिखरा देख सन्न रह गए। एसओ अजय पाठक ने कहा कि चोरो की तलाश की जा रही है।

### दुकान से भी माल समेटा

**रूरा।** भटौली में डेरापुर रोड स्थित एक फेब्रीकेशन की दुकान में सोमवार की रात को चोरों ने करीब एक लाख रुपये का माल पार कर दिया। भटौली के कारोबारी अंकित शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात्रि उसकी दुकान में चोरों द्वारा ताला तोड़कर एक स्टील गेट व एक लोहे और स्टील का मिक्स गेट और एक रोशनदान चोरी कर लिया।

## सार-संक्षेप



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### नारी शक्ति वंदन में महिलाओं का सम्मान

**पुखरायां।** नगर पालिका सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ, जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने महिलाओं को आजीविका चलाने के विषय में जागरूक करने के साथ समूह की महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिलाओं का आर्थिक उन्नयन, उज्ज्वला योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, सहायता समूह से स्वरोजगार आदि योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कैबिनेट मंत्री ने समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । यहां तहसीलदार सुनील सिंह, पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेणुका सचान, मालसा ब्लॉक प्रमुख स्वतंत्र पासवान, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि करुणाशंकर दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी से अश्लीलता में दो भाइयों को सजा

**कानपुर देहात।** बिल्हौर क्षेत्र में वर्ष 2014 में एक गांव की रहने वाली किशोरी से वहीं के दो सगे भाइयों ने रास्ते में पकड़ कर छेड़छाड़ की थी। मंगलवार को मामले की सुनवाई पूरी होने पर पॉक्सो कोर्ट ने दोनों आरोपी युवकों को दोषसिद्ध करते हुए एक को तीन साल और दूसरे को एक साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता राम रक्षित शर्मा ने बताया कि बिल्हौर क्षेत्र की पीड़िता की मां ने बताया था कि 25 मार्च 2014 की सुबह उसकी पुत्री शौच करके घर लौट रही थी। रास्ते में पड़ोसी रिजवान और उसके भाई नफीस ने पुत्री को दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता की। पुत्री के शोर मचाने पर वह अपने पति के साथ दौड़ कर पहुंची तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे ।मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी ।मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी दोनों भाइयों को दोषसिद्ध करते हुए रिजवान को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही उसपर छह हजार रुपए अर्थदंड लगाया वहीं नफीस को एक साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही एक हजार रुपए अर्थदंड लगाया है ।वहीं अर्थदंड अदा न करने दोनों दोषियों को अतरिक्त कारावास काटने की सजा दी है साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

### रसूलाबाद और मूसानगर में निकलीं कलश यात्राएं

**मूसानगर।** क्षेत्र के किसवा गांव के दुर्गा देवी मंदिर में मंगलवार को विशाल कलश यात्रा और गणेश पूजन के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा। कलश यात्रा में महिलाएं सर पर कलश रखें और पुरुष हाथों में पताकाएं लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा दुर्गा देवी मंदिर किसवा से शुरू होकर पूरे गांव में भ्रमण कर सेंगुर नदी से जल भरकर वापस कथा स्थल पहुंच कर समाप्त हुई। परीक्षित रामशंकर ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन लगातार होता चला आ रहा है। कलश यात्रा में महिलाएं सर पर कलश रखें और साथ में चल रहे लोग जय श्री राम,हर हर महादेव, राधे राधे के जयघोष कर रहे थे ।कथा व्यास देवी ऊष्मा किशोरी झांसी ने विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामलाल निषाद,दनकू, तुलसी राम, जगन्नाथ, देशराज, ज्ञान सिंह, खेमराज, प्रताप,चुनकू, सूबेदार, सुरजीत, सोमनाथ, सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे।

### भागवत पुराण के साथ निकाली गई यात्रा

**रसूलाबाद।** कस्बे के रहीम नगर में जय बाबा समिति ने मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत की। मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी गयी। शोभायात्रा देखते ही बन रही रही थी। कलश यात्रा में मोहल्ले की 251 महिलाएं और किशोरियों ने हिस्सा लिया। बाजे गाजे के साथ निकाली गयी कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु कथा स्थल से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए मां जगदंबा के मंदिर के पास से जल भरकर के बाद कस्बे का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचे। इस दौरान भजन और भगवान के जयकारे से सारा वातावरण गुंजायमान रहा। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु खूब झूमें। कलश यात्रा के समापन के बाद कथा स्थल पर पहुंच कर आचार्य पूज्य पंडित ललित नारायण त्रिवेदी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की शुरुआत की गई। जय बाबा समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप ने बताया कि रहीम नगर में इस वर्ष भी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है।

# समेकित शिक्षा के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण




शिक्षकों को प्रशिक्षण देते नोडल अफसर। अमृत विचार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** संत हंसानंद इंटर कालेज पहाड़ीपुर में 158 शिक्षकों को स्पेशल एजूकेटर ने दो बैच में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा के बारे संदर्भदाता अनुपम कुमार ने बताया कि सभी प्रकार के छात्र, विशिष्ट या दिव्यांग के लिये एक ही शिक्षा स्तर की जांच की जाती है। विशिष्ट बच्चे सामान्य या औसत बच्चों से निश्चित रूप से काफी अलग एवं भिन्न होते हैं। इन्हें वातावरण के अनुरूप अनुकूलित करने की आवश्यकता होती है।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत दिव्यांगिता की श्रेणियों को सात से बढ़ावर इम्बीस कर दिया गया है संदर्भदाता अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि आप सबको स्कूल में अध्ययनरत बच्चों की पहचान 21 प्रकार की दिव्यांगता मे से करनी है। जब तक आप सभी प्रकार की दिव्यांगता के लक्षण की पहचान के बारे में समझ विकसित गहीं कर पायेगे तब तक आप 21 प्रकार की दिव्यांगता में से किस प्रकार की दिव्यांगता बच्चों केम अंदर है इसकी पहचान नही कर पायेगे। उन्होने सभी वे चिन्हांकन के बारे में बताया वे उन्होने पूर्ण दृष्टि दिव्यांग बच्चों के लिये ब्रेल लिपि वर्णमाला ब्रेल लिपि अंग्रेजी वर्णमाला तथा गिनती इसरे अतरिक्त अबेकस तथा टेलर फ्रेम के विषय में बताया।

बीईओ अजब सिंह ने समान अवसर पर प्रतिभागियों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में प्रावधानों को पूर्ण अनुरुप है। उन्होंने कहा आप सभी परिवार सर्वे के समय इन बच्चो की पहचान कर उनका प्रवेश विद्यालय में अवश्य का साथ ही जो बच्चे स्कूल जाने में असमर्थ है उनको एजुकेटर घर जाकर ऐसे बच्चों को स्पोर्ट करने का कार्य करे। तथा इन नामांकित बच्चो को उपकरण, स्टारपेन्ड, स्कार्ट एलाउंस आदि योजनाओं का लाभ मिल सके।

# योजनाओं को घर-घर पहुंचा रहे भाजपाई

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। सभी प्रभारी अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का काम कर रहे है।

भाजपा विधायक पूनम शंखवार ने मंगलवार को रसूलाबाद के लाल गांव पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने लोगों से जानकारियां भी ली कि गांव में यदि कोई समस्या है तो अवगत कराएं। यहां प्रमुख रूप से गौरव सिंह, अनुराग शर्मा, तारबाबू राजपूत, भोलेनाथ दीक्षित, सुरेंद्र पाल, सुरेश, आदिल आदि रहे।



विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

# जजमुइया में चलाया गांव चलो अभियान

**रूरा।** जजमुइया में भाजपा ने घर घर जाकर गांव चलो अभियान के बारे में बताया। मंगलवार को पिछड़ा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रमुख अनुज सविता एवं शक्ति केंद्र के संयोजक अखिलेश अग्निहोत्री ने जजमुईया, बनीपारा, डगराहा,में जनसंपर्क किया। तीनों पंचायत के शक्ति केंद्र के बूथों पर पीएम की कार्ययोजना और अबतक के कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान राकेश कुमार शुक्ला, सतेंद्र पाठक, पंकज शुक्ला आदि लोग रहे।

लगेगा जमघट | गांव के बाहर स्मारक स्थल पर आयोजित होगी श्रद्धांजलि सभा

# बेहमई कांड की आज फिर ताजा होंगी यादें

संवाददाता, राजपुर

- **सभा के लिए स्मारक स्थल पर हुई साफ-सफाई, तैयारियां पूरी**

**अमृत विचारः** बेहमई नरसंहार कांड के 43 साल बाद भी यहां के लोगों को इंसाफ का इंतजार है। अदालत से तारीख पर तारीख मिल रही हैं, लेकिन नरसंहार में अपनों को खोने का संताप झेल रहे परिजनों को अभी तक इंसाफ नहीं मिल सका है। 14 फरवरी को एक बार फिर बेहमई कांड की बरसी मनाई जाएगी। स्मारक स्थल पर 'अपनों' का मजमा लगेगा।

14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने बदले की आग में गिरोह के साथ बेहमई गांव में धावा बोलकर निहत्थे लोगों को लाइन में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था। इस नरसंहार कांड में 20 लोग मारे गए थे, जबकि दो लोग घायल हुए थे। इस नरसंहार में मारे गए लोगों को उनके परिवारीजन शहीद मानते हैं। उनकी याद में गांव के किनारे शहीद स्मारक स्थल बनाया गया है, जहां प्रति वर्ष उनकी याद में बरसी मनाई जाती है और शांति पाठ के कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

इस आयोजन में बेहमई गांव के अलावा आसपास के क्षेत्र के कई गांवों से लोग आकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। 14 फरवरी यानी बुधवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को स्मारक स्थल पर साफ-सफाई कराई गई। गांव के बाबू सिंह, रामकेश, लल्लन सिंह ने बताया कि बुधवार को स्मारक स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



शहीद स्मारक का छाया चित्र।

### नरसंहार के वादी राजाराम ने बनवाया था स्मारक स्थल

बेहमई नरसंहार कांड के गवाह और मुकदमे के वादी राजाराम सिंह ने गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था। अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। बीमारी के चलते उनका 13 दिसंबर 2020 को निधन हो चुका है। जब तक वह जिंदा रहे, तब तक स्मारक स्थल पर हर वर्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। उनके पुत्र रामकेश सिंह उर्फ खिल्लन ने बताया कि गांव में नरसंहार के बाद उनके पिता ने ही गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था, जहां हर साल निर्दोष लोगों की याद में कार्यक्रम का आयोजन होता है।

## एक नजर

### राजन लाल को शिक्षा रत्न सम्मान



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश नवाचारी गतिविधियां समूह की ओर से राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान–2023 का आयोजन किया गया। यूपी से राजन लाल का इस अवार्ड के लिए चयन हुआ, जो प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम, विकासखंड चौबेपुर कानपुर में कार्यरत हैं। राजन लाल विद्यार्थियों के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य करते हैं।

### जेठ पर छेड़खानी व मारपीट की रिपोर्ट

**कानपुर।** एक महिला ने जेठ पर छेड़छाड़ और पीटने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। कैंट थानाक्षेत्र के मीरपुर की रहने वाली पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि पांच फरवरी की सुबह जेठ ने कमरे में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध पर जेठानी ने मारपीट की। जेठ, जेठानी के साथ उनके बेटे व बेटी ने भी मारपीट की। पति बेहोश होकर गिर पड़े। पति और बेटे को जान से मारने की धमकी दी। रेलबाजार पुलिस ने जेठ, जेठानी, बेटे और बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हादसे में युवक की मौत साथी गंभीर घायल

**राजपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी ललित शर्मा पुत्र सुनील शर्मा (37) बाइक से अपने साथी प्रदीप शर्मा के साथ मंगलवार की देर रात भोगनीपुर से अपने घर लौट रहे थे, तभी सट्टी थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे ललित की मौत हो गई, जबकि प्रदीप शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल भेजा गया है।

### सटोरिये को किया गिरफ्तार

**कानपुर।** चमनगंज पुलिस ने सटोरिये ओमप्रकाश उर्फ इंद्रपाल कोरी निवासी श्रीनगर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हामिद ने बताया कि आरोपी के पास से 570 रुपये, एक डायरी बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।




शिक्षक- शिक्षिकाओं को जरूरी दिशा- निर्देश देते डीएम राकेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# परीक्षा कक्षों में 360 डिग्री पर घूमने वाले कैमरे लगाए जाएं

## केंद्र से एक किमी दायरे में फोटो कॉपी मशीन और स्कैनर नहीं होने चाहिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा से पहले सभी उपकरण दुरुस्त कर लिए जाएं। परीक्षा कक्षों में 360 डिग्री पर घूमने वाले सीसीटीवी लगे होने चाहिए। परीक्षा केंद्रों से एक किमी दायरे में कोई भी फोटो कॉपी मशीन, स्कैनर और ध्वनि उपकरण नहीं होने चाहिए। छात्राओं की चेकिंग सिर्फ महिला सुरक्षा अधिकारी या अध्यापिका करेंगी। परीक्षा केंद्र पर शिक्षक अपने परिचितों को नहीं बुलाएगा। शिक्षक को अपना आधार कार्ड रखना जरूरी है। सीएसए के कैलाश भवन सभागार में मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी समीक्षा बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह ने यह दिशा निर्देश अफसरों को दिए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक अतिरिक्त व केंद्र व्यवस्थापक ऑनलाइन, ऑफलाइन, कंट्रोल रूम प्रभारी और सचल दल प्रभारियों का मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस तैनात रहेगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 129 सेंटर बनाए गए हैं। जिले को कुल 11 जोन में बांटा गया है और 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी भी वायस रिकार्ड के साथ होना चाहिए। रिकार्डिंग एक माह से एक साल तक रखनी चाहिए। साथ ही रिकार्डिंग की क्षमता बढ़ाना है। प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक की तैनाती होगी। डीएम ने कहा कि प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा के बीच चार पहिया वाहन से भेजा जाएगा। जोनल अधिकारी सबसे पहले अपने अधिकारी को सूचना देंगे। शिक्षकों को एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। ऑनलाइन कंट्रोल रूम का ट्रायल अभी से शुरू हो जाना चाहिए। सेक्टर और जोन मजिस्ट्रेट पूरी नजर रखें। स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारी के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। डीआईओएस अरुण कुमार ने कहा कि 22 फरवरी को उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए कमिश्नर से सुरक्षा मांगी गई है। वहीं पेपर की सुरक्षा के लिए 20 पुलिस कर्मियों की तैनाती मांगी है।



सीएसए में आयोजित बैठक में शामिल शिक्षक, शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### अंग्रेजी सेकेंड प्रश्न पत्र रहा सामान्य

**कानपुर।** आईसीएसई बोर्ड की क्लास 12वीं की परीक्षाओं में मंगलवार को अंग्रेजी सेकंड पेपर की परीक्षा आयोजित हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों की तलाशी कर केंद्र में प्रवेश दिया गया। 21 स्कूलों में हुई परीक्षा में लगभग 25 सौ परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा देकर वापस लौटे परीक्षार्थियों ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर सेकेंड पेपर सामान्य रहा। पेपर में कुछ प्रश्न जटिल जरूर थे लेकिन उन्हें हल करने में किसी तरह की समस्या सामने नहीं आई। परीक्षा देने आए परीक्षार्थी परीक्षा के तय समय से लगभग एक घंटा पहले केंद्र पहुंचे। इस दौरान परीक्षार्थियों को परीक्षा संबंधी नियम भी बताए गए। परीक्षार्थियों को इस बार आंसर सीट पर साइन करना नया अनुभव हुआ।

**96** हजार जिले में कुल परीक्षार्थी हैं

**129** कुल बनाए गए परीक्षा केंद्र

**02** जीआईसी में कंट्रोल रूम बनाए गए

**11** जोन में बांटा गया है कानपुर जिले को

### छात्रों के पेन को खास तौर पर चेक करें

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक परीक्षार्थी का पेन जरूर चेक होना चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय में कई प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण पेन की तरह आए हैं जिससे छात्र आसानी से नकल कर सकते हैं।

- ध्वनि उपकरण चलाने पर पाबंदी, छात्रा की चेकिंग महिला ही करें

### परीक्षार्थी व कक्ष निरीक्षक पिता-पुत्र न हों

डीएम ने बताया कि अगर परीक्षा केंद्र पर बेटा परीक्षा दे रहा है तो उसके शिक्षक पिता की ड्यूटी वहां नहीं लगेगी। उसकी ड्यूटी तत्काल दूसरे परीक्षा केंद्र पर लगा दी जाए। परीक्षा लेने वाला शिक्षक लोक अधिकारी होता है। अगर शिक्षक के साथ कोई मारपीट या अभद्रता होती है तो उक्त पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं अगर शिक्षक का परिचित केंद्र पर आता है तो उसे भी अपराध माना जाएगा। पुलिस तत्काल कार्रवाई करें।

# जिले के 11 केंद्रों में शुरू हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले दिन सेकेंड्री और सीनियर सेकेंड्री की थियोलॉजी की परीक्षा हुई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मदरसा बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं जो 21 फरवरी तक चलेंगी। जिले में 11 केंद्र बनाए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को परीक्षा के पहले दिन सेकेंड्री व सीनियर सेकेंड्री की थियोलॉजी की परीक्षा हुई है। परीक्षा में कुल 3643 बच्चे शामिल हो रहे हैं। प्रथम पाली में सेकेंड्री (मुंशी व मौलवी) के कुल 1839 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1284 परीक्षार्थी शामिल हुए। 555 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली सीनियर सेकेंड्री (कामिल व फाजिल) के कुल 1792 परिक्षार्थियों के सापेक्ष 1565 परीक्षार्थी आए, 227 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने दो परीक्षा केंद्रों अमीन गर्ल्स इंटर कालेज बाबूपुरवा व डीटीएस इंटर कालेज जाजमऊ का निरीक्षण किया।



परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### ये भी निर्देश दिए

- मोबाइल व इलेक्ट्रानिक उपकरण पर परीक्षा केंद्रों में रोक।
- परीक्षार्थी के जूते और मोजे न उतराएं, न अभद्रता की जाए।
- प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्रों को गुप्त रखा जाए।
- परीक्षा केंद्रों में बाहरी लोगों का प्रवेश न होने पाए।
- छात्रों के प्रवेश पत्र से उसकी फोटो मिलान की जाए।
- उत्तर पुस्तिका जमा कराकर ही परीक्षार्थी बाहर जाएं।
- सेंट्रल रिकार्ड रूम में आने-जाने वालों की लिखापढ़ी हो।

### और शिक्षकों की मांग की

बैठक के दौरान डीआईओएस ने कहा कि कुल 3239 महिला व 3933 पुरुष अध्यापक चाहिए। जिसमें 2300 पुरुष व 2643 महिला शिक्षक मिली हैं। अभी 930 पुरुष व 190 महिला शिक्षकों की और आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कालेज चुन्नीगंज में कापियां रखी जाएंगी। स्ट्रांग रूम में भी सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

# हैलट में सर्वर ठप, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुबह नौ बजे चला गया था सर्वर, इंतजार करते रहे रोगी
- पैथोलॉजी और एक्सरे की जांच की गई निशुल्क

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में सर्वर की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को फिर सर्वर नहीं आने से मरीजों को दिक्कत हुई, लेकिन कुछ मरीजों को सर्वर न आने का फायदा भी मिला। सर्वर नहीं आने से मरीजों से जांचों के रुपये नहीं लिए गए। पर्चे पर मोहर लगाकर मरीजों की जांचे निशुल्क की गईं।

हैलट से बाल रोग, मुरारी लाल चेस्ट, जच्चा-बच्चा व संक्रामक रोग अस्पताल संबद्ध हैं। मंगलवार सुबह अस्पतालों में सैकड़ों लोग इलाज कराने को पहुंचे लेकिन सुबह करीब नौ बजे के बाद सर्वर चला गया। एक घंटे इंतजार के बाद जब सर्वर नहीं आया तो कंप्यूटर ऑपरेटरों ने जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। उच्चाधिकारियों ने पर्चे का इंतजाम कराया और करीब डेढ़ घंटे के बाद ऑफलाइन पर्चे बनने शुरू हुए। इसी बीच सुबह करीब 11 बजे सर्वर आया और थोड़ी देर बाद फिर चला गया। पर्चा न बनने पर कई मरीज बिना इलाज कराए ही लौट गए। सर्वर न आने का फायदा उन मरीजों को हुआ, जिनको जांच करानी थी। दरअसल, सर्वर न आने की वजह से बिल नहीं जमा हो रहे थे और मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही थी। ऐसे में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को जांच कराने आए सभी मरीजों की जांचें निशुल्क की गईं। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह के निर्देश पर डॉक्टरों ने अधिक समय तक मरीजों को भी देखा।



हैलट में जांच कराने के लिए इंतजार करते मरीज। अमृत विचार

> सर्वर न आने की वजह से ओपीडी में मरीजों के पर्चे ऑफलाइन बनाए गए। मरीजों से यूजर चार्ज मंगलवार को नहीं लिया गया। इसके साथ ही इंटरनेट कंपनी के अधिकारियों को भी समस्या के बारे में अवगत कराया गया, जिन्होंने जल्द समस्या के समाधान की बात कही है।
>
> -डॉ .आरके सिंह, प्रमुख अधीक्षक, हैलट

# प्लॉट पर कब्जा, मांगी पांच लाख की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला 16 पर रिपोर्ट दर्ज
- दो अधिवक्ता समेत 6 नामजद, बाकी अज्ञात

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के आदर्श विहार इलाके में प्लॉट पर कब्जा करने और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने पर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर दो अधिवक्ता समेत 6 नामजद और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

नौबस्ता के द्विवेदी नगर के मोहनलाल ने तहरीर में बताया कि उन्होंने एक फरवरी 23 को चकेरी के आदर्श विहार इलाके में 200 वर्गगज का प्लॉट किसान चंद्रपाल से 22 लाख रुपये देकर बैनामा कराया था। कब्जा और दाखिल खारिज 10 अप्रैल 23 को हो गया था। आरोप है कि इस प्लॉट पर पड़ोसी अधिवक्ता सम्राट सिंह, सुधीर वर्मा, नितिन जायसवाल, राजेंद्र राजपूत, अधिवक्ता ज्ञानेंद्र गुप्ता व राम सिंह के अलावा 8-10 अज्ञात लोगों ने 12 फरवरी 24 की सुबह ताले तोड़कर कब्जा कर लिया। उन्होंने 112 नंबर डायल किया। साथ ही चौकी प्रभारी दहेली सुजानपुर को फोन कर घटना बताई। आरोपियों ने पांच लाख रुपये देने पर ही गेट का ताला खोलने की बात कही। ऐसा न होने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।






ग्रीन पार्क में प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेते संयोजक संजीव पाठक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# खेलो इंडिया में जुटेंगे 500 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्रीन पार्क में होगा आयोजन पंजीकरण शुरू

**अमृत विचार।** खेलो इंडिया अभियान के तहत कानपुर संसदीय क्षेत्र में टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी जिसकी तैयारियों को मंगलवार को ग्रीन पार्क में अंतिम रूप दिया गया।

इस बार प्रतियोगिता में अंडर 11 बालक व बालिका वर्ग को भी सांसद सत्यदेव पचौरी के निर्देश पर जोड़ा गया है। अब प्रतियोगिता अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17 बालक व बालिका एकल वर्ग में आयोजित होगी। एक खिलाड़ी अधिकतम दो वर्ग में प्रतिभाग कर सकेगा।

नगर के किसी भी बोर्ड के छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में निशुल्क भाग ले सकेंगे। ग्रीन पार्क में प्रतियोगिता संयोजक संजीव पाठक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन, आरएन सिंह उप निदेशक खेल, अनूप पचौरी, सुनील सिंह टेबल टेनिस प्रभारी, आशुतोष सत्यम झा बैडमिंटन प्रभारी, अविनाश यादव, रमेश यादव बैडमिंटन कोच, अभिसारिका यादव टीटी कोच के साथ प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा की। बता दें कि सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 19 व 20 फरवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम में होगा। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। खिलाडी ग्रीन पार्क हाल में कोच को अपना आधार कार्ड दिखाकर पंजीकरण कर सकते हैं। खिलाड़ियों के जन्मतिथि की गणना एक जनवरी 2024 से की जाएगी। खिलाड़ियों की एंट्री की जिम्मेदारी बैडमिंटन कोच रमेश यादव, टीटी कोच अभिसारिका यादव को दी गई है। प्रतियोगिता से जुडी जानकारी के लिए संयोजक संजीव पाठक, सुनील सिंह, बैडमिंटन प्रभारी आशुतोष सत्यम झा, सौरभ श्रीवास्तव, सचिव संजय टंडन से संपर्क कर सकते हैं।

**सियासत** भाजपा महिला मोर्चा का स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन, मंत्री, सांसद समेत बड़े पदाधिकारी हुये शामिल

# आत्मनिर्भर भारत में मातृशक्ति का योगदान जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश को विकसित एवं आत्म निर्भर भारत बनाने में हमारी मातृशक्ति का योगदान जरूरी है, यह बात मंगलवार को प्रदेश में महिला बाल पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन में कही।

मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी सभी महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उज्जवला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और सिलेंडर, आवास योजना के अंतर्गत बेटियों को संयुक्त भागीदारी का हक दिया। मातृत्व बंधन योजना के तहत गर्भ में बच्चों को पौष्टिक आहार देने की योजना, हमारी बेटियां स्कूल ना छोड़ें इसलिये शौचालय बनाने का अभियान चलाकर बेटियों को सशक्त करने का काम किया है। भाजपा क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मातृशक्ति को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम को पारित कराया। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं, बेटियों को बेहतर सुविधाएं और उनकी समस्याओं का तेजी से समाधान करने के लिए वन स्टॉप सेंटर और महिला शक्ति केंद्र समन्वय से काम कर रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला मोर्चा कानपुर उत्तर की जिला अध्यक्ष सरोज सिंह व संचालन दक्षिण जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस दौरान महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी, विधायक नीलिमा कटियार, प्रदेश महामंत्री कमलावती सिंह, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, रीता शास्त्री, विजय तिवारी, जिला अध्यक्ष भाजपा दीपू पांडे, शिवराम सिंह, पूनम कपूर, जयंती वर्मा, ज्योत्सना निगम मौजूद रहीं।




मंत्री प्रतिभा शुक्ला और प्रकाश पाल का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### जिलाध्यक्ष ने महिलाओं का किया सम्मान

**कानपुर।** भाजपा उत्तर कल्याणपुर विधानसभा में मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अभियान एवं शक्ति सम्मान समारोह हुआ। जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। महिलाओं को अपनी-अपनी विधानसभा में एक-एक घर पहुंच कर सभी से संपर्क कर पार्टी का पटका एवं बैग प्रचार के लिए दिया गया। कार्यक्रम में विधायक नीलिमा कटियार, संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, जन्मेजय सिंह, विनय पटेल, चंचल सिंह भदौरिया, गौरव द्विवेदी, राजेश जोशी आदि रहे।

### तीन महिला पीएसी बटालियन

उन्होंने कहा कि बेटियों और महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने को उत्तर प्रदेश में पहली बार तीन महिला पीएसी बटालियन की स्थापना हुई। प्रदेश के सभी 1584 थानों में महिला हेल्थ डेस्क बनी। नवगठित महिला पुलिस बीट्स में 20740 महिला पुलिस बीट अधिकारी नियुक्त की गईं।

# आज से उपवास होगी आराधना

**कानपुर।** यीशु के चालीस दिन निराहार रहने को याद करके बुधवार से 40 दिन ईसाई समाज के लोग उपवास रखेंगे। चालीस उपवास के बाद ही यीशु को सलीब पर लटकाया था। तभी से उपवास रखा जाता है। घरों और चर्चों में आराधना होगी।

गुड शैफर्ड चर्च गोवा गार्डेन कल्याणपुर के पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि गुड फ्राइडे से पहले 40 दिन का उपवास रखा जाता है। उपवास राख का बुधवार से चालू होता है। उन्होंने बताया कि जब लोग पाप करते थे तो पश्चाताप करने के लिए बदन पर राख मलकर टाट की चटाई पर बैठ जाते थे। देखकर लोग समझ जाते थे कि पश्चाताप कर रहे हैं। इसे राख का उपवास कहा जाता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6A KHNo 11, 62, 78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्री रामबली कश्यप के पक्ष में किया गया जो कि खण्ड संख्या 1414 के पृष्ठ सं0 85/102 क्रम संख्या 1312 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनांक 11/02/2003 पे पंजीकृत है। कहीं खो गया है जो किसी सज्जन को प्राप्त हो या कोई अपना दावा करे तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जायेगी। **श्रीमती बबीता श्रीवास्तव पता- भवन सं0- 6A KH No- 11, 62, 78 नौबस्ता खुर्द मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि भूखंड संख्या: सी-167 स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर, आवास विकास कालोनी तहसील व जिला उन्नाव का कब्जा लेटर व एलाटमेंट लेटर कहीं खो गया है। जो कि नरेंद्र जायसवाल पुत्र मेड़ीलाल जायसवाल के नाम से है। चूंकि जरिये बैनामा प्रार्थी उसका मालिक व काबिज है। प्रार्थी से उपरोक्त दोनों मूल लेटर कहीं खो गए हैं। **-रविंद्र देव गुप्ता। मो. नं.-9839234599**

### सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम शहरेयार खां पुत्र इमरान खां है। मेरा नाम आधार कार्ड पर सिराज खां अंकित था। जिसका संशोधन करवाकर शहरेयार पुत्र इमरान खां कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब शहरेयार खां पुत्र इमरान खां के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शहरेयार खां पुत्र इमरान खां, निवासी- ग्राम सतीजोर, परगना चरदा, तहसील नानापारा, बहराइच।**

# अस्पताल में पहले दिखाने को लेकर धक्का-मुक्की

## जिला अस्पताल की ओपीडी में डाक्टरों ने देखे 11 सौ मरीज, पर्चा व दवा काउंटर में लगी मरीजों की भीड़

- चिकित्सकों के देर से आने पर मरीज फर्श पर बैठे रहते
- स्वास्थ्य कर्मचारी मरीजों को देते रहे धैर्य की नसीहत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बदलते मौसम के बीच बीमारियों ने दस्तक देना शुरू कर दी है। जुकाम, बुखार से पीड़ित होकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार को मरीजों की भीड़ नजर आई। पर्चा बनवाने और डाक्टर को पहले दिखाने के लिए मरीजों में धक्का-मुक्की भी हुई। डाक्टर को दिखाने में मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह और शाम सर्दी पड़ती है, जबकि दिन में गर्मी हो जाती है। दिन में तीन बार मौसम का मिजाज बदलने के कारण बीमारियों का प्रकोप फैलने लगा है। जुकाम और बुखार लोगों को परेशान कर रहा है। मंगलवार को जिला अस्पताल में करीब 11 सौ लोग इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचे। मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। सुबह 8 बजे के बाद से ही अस्पताल में भीड़ बढ़नी शुरू हो गयी। डाक्टर ओपीडी में देर से बैठते हैं इसलिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। पर्चा बनवाने के बाद मरीज ठंडी फर्श पर डाक्टर कक्ष के सामने बैठने को मजबूर हो रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ के पास सबसे ज्यादा मरीजों की भीड़ लगी हुयी थी। मरीज धक्का मुक्की कर रहे थे। इस पर स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को समझा रहा था कि परेशान न हों। जो मरीज आये हैं वह इलाज के बाद ही जाएंगे। बाल रोग विशेषज्ञ ने 110 मरीज देखे। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारी के सबसे ज्यादा मरीज थे। इसमें खांसी, जुकाम, बुखार भी शामिल है। दंत रोग विशेषज्ञ के पास भी मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। सीएमएस डा. पीके सिंह का कहना है कि अस्पताल में डाक्टरों की कमी है। जो डाक्टर हैं वह बीमारों को देख रहे हैं और दवा दे रहे हैं।


मंगलवार को अस्पताल में इलाज कराने के लिए लगी लंबी लाइन। अमृत विचार

### मौसम बदलने से मरीज बढ़े

दिन में तेज धूप और शाम को सर्दी के साथ ठंडी हवा के झोंके थोड़ी-थोड़ी देर में मौसम बदल रहे हैं। जिसकी वजह से अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी और वायरल बुखार के साथ दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बात करें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की तो यहां भी रोजाना ओपीडी में आमतौर पर मरीजों की संख्या 200 के आस पास रहती है। पिछले कुछ दिनों से मरीजों की संख्या कम हुई थी। लेकिन, मौसम में तेजी के साथ हो रहे बदलाव के चलते मरीजों की संख्या में फिर तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है।

### 105 मरीजों ने करायी रक्त की जांच

जिला अस्पताल की लैब में जांच कराने वाले मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिली। 105 मरीजों ने ब्लड के सैंपल दिये। पूर्व में जांच मशीन में खराबी आ गयी थी जिसके चलते दो दिन कुछ रोगों की जांचें नहीं हो पायी थीं। इसमें लीवर, किडनी आदि की जांचें शामिल हैं। अब यह मशीन भी सही हो चुकी है। ऐसे में लीवर, किडनी की जांच कराने वाले भी पहुंचे। इससे और भीड़ रही। वहीं एक्स-रे कक्ष में भी मरीजों की भीड़ रही। 60 मरीजों के एक्स-रे हुये। यहां पर भी बाहर की ओर जल्दबाजी में मरीज नजर आये।

### यह बरतें सावधानी

डाक्टरों के मुताबिक बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। इसलिए पौष्टिक आहार लेना चाहिए, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। खानपान का विशेष ध्यान रखें, पर्याप्त पानी पीना चाहिए। ठंडे पदार्थों का सेवन भी कई बार बुखार का कारण बन जाता है। सिर दर्द या बुखार महसूस हो तो विशेषज्ञ डाक्टर की सलाह से ही दवा लें। सुबह की सैर के साथ-साथ नियमित योग करना चाहिए। इस समय मौसम में बदलाव हो रहा है और दिन में धूप निकल रही है तो सुबह व शाम को ठंड रहती है। ऐसे में लोग लापरवाही शुरू कर देते हैं और वह बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

# दस दिन से लापता बुजुर्ग महिला का शव नहर में उतराता मिला

- चार फरवरी को घर के बाहर से हो गई थी लापता
- कपड़ों में मिले आधार कार्ड और बैंक पासबुक से हुई पहचान

संवाददाता, असोथर-फतेहपुर

**अमृत विचार।** दस दिन से लापता एक बुजुर्ग महिला का शव निचली गंगा नहर में उतराता मिला है। ग्रामीणों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे को बाहर निकाला तो महिला के कपड़े से मिला एक छोटे झोला में आधार कार्ड और बैंक पास बुक से पहचान करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

असोथर थाना क्षेत्र के बुधरामऊ व बेसडी पुल के बीच निचली गंगा नहर में एक अज्ञात महिला का शव बह कर जा रहा था। नहर के आस पास खेत में काम कर रहे लोगों ने जब शव को देखा तो पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालकर कपड़े की तलाशी ली तो एक छोटा झोला मिला। जिसमें सद्गुरु नेत्र अस्पताल चित्रकूट लिखा था। झोले के अंदर एक बैंक पास बुक और आधार कार्ड बरामद होने पर महिला के शव का शिनाख्त चंद्रावती (80) पत्नी चंद्रिका निवासी हिराईखेड़ा नामामऊ थाना बकेवर के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस दौरान शव मिलने की खबर पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। थाना प्रभारी विंनोद मौर्या ने बताया कि मृतक महिला के पति चंद्रिका ने बकेवर थाने में पांच फरवरी को तहरीर दी थी कि उसकी पत्नीर चंद्रावती जो कि मानसिक रूप से बीमार हैं और बाएं पैर से दिव्यांग भी है। चार फरवरी की रात से वह घर से गायब हो गई थीं। इस मामले में बकेवर थाना में महिला का गुमशुदगी दर्ज है। महिला के परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक महिला के गले में डोरी में बंधी एक चाबी भी मिली है।


नहर में शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

# स्टेटिक मजिस्ट्रेट के सामने खोले जाएंगे प्रश्नपत्र के लिफाफे

- बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलेगी
- प्रशासन स्तर पर परीक्षा की तैयरियां अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखे जाएंगे। सेंटर में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के सामने ही खोला जाएगा। उधर जीआईसी से परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है।

डबल लाक को स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के पास उपलब्ध चाभियों से खोला जाएगा। वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की अनुपस्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास सुरक्षित उपलब्ध रखी चाभी का उपयोग आपात परिस्थितियों में ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट या केंद्र व्यवस्थापक द्वारा सुरक्षित रखी गई डुप्लीकेट चाभी के उपयोग किए जाने की आपात स्थिति, तिथि, समय आदि का पूरा विवरण जिला विद्यालय निरीक्षक को स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

केंद्र पर प्रश्नपत्र खोलने से पहले प्रश्नपत्रों के लिफाफे के ऊपर मुद्रित परीक्षा तिथि, विषय एवं पाली का भलीभांति मिलान परीक्षाओं के लिए निर्धारित समय सारिणी से कर लें। इसके बाद अनिवार्य रूप से तीनों सदस्यों की सामूहिक उपस्थिति में ही उनके द्वारा प्रश्नपत्र का लिफाफा खोला जाए। किसी भी दशा में गलत तिथि, विषय एवं पाली का प्रश्नपत्र न खुलने पाए। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र वितरण के बाद स्ट्रांग रूम में ही दूसरी डबल लाक अलमारी में अवशेष प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखा जाएगा। बंडल स्लिप को भी दूसरी डबल लाक अलमारी में ही रखा जाएगा। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि बोर्ड की तरफ से जारी गाइड लाइन का पूरी तरह से पालन कराया जाएगा।

### महत्वपूर्ण टॉपिक का रिवीजन जरूरी

एक ओर जहां प्रशासन बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं शिक्षक भी अपने छात्रों को अच्छे अंक लाने के टिप्स दिए जा रहे हैं। शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि परीक्षा के अंतिम दिनों में वही पढ़े जो पूरे वर्ष पढ़ा है। महत्वपूर्ण टॉपिक का रिवीजन अवश्य करें। परीक्षा के दौरान देर रात तक न पढ़े। परीक्षा के तनाव से स्वयं को मुक्त रखें पर्याप्त नींद ले। कम मात्रा में भोजन करें। प्रश्न पत्रों को अध्ययन करें और निर्धारित समय में सभी प्रश्न पत्र को हल करने का प्रयास अवश्य करें। आत्मविश्वास बनाए रखें। मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। प्रतिदिन कुछ समय अपने परिवार या मित्रों के साथ बिताएं।

## मिट्टी खनन कर रही जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना व कस्बा क्षेत्र में गस्त के दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग से मिट्टी भरे ट्राली को निकलते हुए देख पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान एक जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा रहा।

जहानाबाद थान से कार्यवाहक थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह यादव व कस्बा प्रभारी प्रशांत कटियार पुलिस बल के साथ गस्त भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान कापिल रोड पनिहा नाले पास एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था। जेसीबी मशीन सहित एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। इससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। वहीं देर शाम तक खनन माफिया व जेसीबी मशीन सहित ट्रैक्टर पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। जेसीबी मालिक बेंता गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।


जननी सुरक्षा योजना की जानकारी देते जिम्मेदार। अमृत विचार

# नवीन पीएचसी में प्रसव केंद्र शुरू

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव केन्द्र की शुरुआत मंगलवार को कर दी गई। सीएमओ ने पहुंचकर प्रसव केन्द्र का शुभारंभ किया और वहीं मौजूद स्टाफ और महिलाओं को इसकी विस्तार से जानकारी दी।

नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र औंग में मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार पहुंचे और यहां के प्रसव केन्द्र का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. धर्मेन्द्र सिंह पटेल, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक इन्द्रपाल पासवान, डा. राजन सिंह, डा. शालिनी सिंह, राजेश कुमार बीसीडीएम आदि ने जननी सुरक्षा योजना के तहत बनाए गए प्रसव केन्द्र की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रसव केंद्र में डिलीवरी सम्बन्धित शुरुआती जांच के साथ प्रसव भी कराए जाएंगे। बताया गया कि औंग, गोधरौली, बीकमपुर, रावतपुर, मानिकपुर, बड़ाहार, आशापुर, अभयपुर समेत दो दर्जन से अधिक गांवों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### लोहे के दरवाजे लादकर चला ई-रिक्शा चालक फरार

**फतेहपुर।** भाड़े में लोहे के दरवाजे लादकर एक ई-रिक्शा का चालक फरार हो गया। खरीदार के घर दरवाजे नहीं पहुंचने पर उसने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के प्रसादपुर (पंथू सिंह का पुरवा) निवासी मनोज कुमार पुत्र जगदीश निषाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि चार दिन पूर्व कस्बा के बस स्टैंड के करीब बिंदकी रोड में अयांस ट्रेडर्स के यहां से लोहे के दो दरवाजों की खरीदारी की थी। जिन्हें घर पहुंचाने के लिए एक ई-रिक्शा को भाड़े में तय करके दरवाजे लदाकर पता बताते हुए घर भेजा था। वहीं ई-रिक्शा चालक दरवाजा लादकर निकल गया लेकिन उसने दरवाजे घर नहीं पहुंचाए हैं। ई-रिक्शा में दरवाजा लादकर निकल रहे ई-रिक्शा की वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके आधार पर उसने काफी तलाश भी किया है लेकिन कहीं कुछ जानकारी नहीं हुई। कार्यवाहक थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

### अस्पताल के बाहर से साइकिल पार

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम एक अस्पताल के बाहर खड़ी साइकिल को नकाबपोश चोर ने पार कर दी। जहानाबाद कस्बा के पोजेपुर के पास स्थित एक निजी अस्पताल में एक मरीज भर्ती था। मरीज के रिश्तेदार उसका हाल जानने पहुंचे थे। अस्पताल के बाहर साइकिल खड़ी करके मरीज देखने चले गए। वापस लौटने पर साइकिल चोरी हो चुकी थी। बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि बाइक से दो युवक पहुंचे थे। एक युवक मुंह में मफलर बांधे था। जो कि उतरकर साइकिल लेकर फरार हो गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।


शहर के व्यस्ततम मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

### सहालग में गेस्ट हाउस के बाहर पार्किंग से यातायात संकट

**फतेहपुर।** सहालग तेज होने से हाईवे के अलावा शहर की यातायात व्यवस्था का पूरी तरह से ध्वस्त रही। बीच सड़क बरातियों का नाच-गाना और गेस्ट हाउसों के बाहर वाहनों की पार्किंग से घंटों जाम लगा रहा। शादी ब्याह के दिनों में रोज शाम से देर रात तक पूरा शहर जाम में जकड़ा रहता है। सोमवार रात हालात इस कदर बिगड़े कि इस समस्या से आम लोगों को दो-चार होना पड़ा। गेस्ट हाउस के बाहर वाहनों के जमावड़े से नउवाबाग बाइपास मार्ग-जेल रोड पर जाम लगा तो भारी वाहनों को निकलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। रात 11 बजे तक शहर में यातायात रेंगता रहा। सहालग के दिनों में जाम से शहरियों को बेहाल कर दिया है। एक तरफ हाइवे पर बन रहे पुल की वजह से समस्या बढ़ी तो दूसरी ओर शहर में सबसे बड़ी लापरवाही गेस्ट हाउस संचालकों की है। शहर में छोटे-बड़े दो दर्जन से अधिक गेस्ट हाउस हैं। इनमें से ऐसा एक भी गेस्ट हाउस नहीं है जहां पार्किंग की व्यवस्था हो। फुटपाथ और सड़क पर ही पार्किंग होती है। शाम होते ही यातायात रेंगने लगता है। सोमवार की रात को भी यही हुआ। जेल रोड, नउवाबाग और जीटी रोड समेत अन्य मार्गों में शादियों के चलते लोगों को काफी जहमत उठानी पड़ी। रात में सहालग की वजह से कुछ देर समस्या रही है। पुलिस कर्मियों को तैनात कर जाम खुलवाया जा रहा है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**थरियांव।** थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी सुशील गुप्ता पुत्र शीतला प्रसाद गुप्ता फतेहपुर से अपने गांव बहरामपुर थरियांव जा रहा था। जैसे ही वो दिहुली मोड़ के पास पहुंचा था कि तभी हाईवे पार कर रहे एक युवक को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भिजवाया है।

# बिजली विभाग ओटीएस में वसूल पाया 5.89 करोड़

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग ने बकाएदारों को ब्याज में छूट देकर बिल जमा करने की लिए ओटीएस वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू की थी, इसमें उम्मीद थी कि बकाएदार अपना बिल जमा कर देंगे लेकिन इस योजना में ज्यादातर ने बिल जमा नहीं किया। बकाएदारी 604 करोड़ की है जबकि इस अभियान के दौरान सिर्फ 75 करोड़ 89 लाख रुपये की रकम ही जमा हुई।

अब बिजली विभाग का करीब 528 करोड़ रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया है, जिसे वसूल किया जाना है। इसे लेकर विभाग ने वसूली अभियान छेड़ दिया है। विभाग की ओर से यह प्रयास किया गया था कि ओटीएस योजना के तहत अधिक से अधिक बकाएदार अपना बिल जमा कर दें, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया और सिर्फ 75.89 करोड़ बकाया जमा हुआ। बिजली विभाग के जिले में 3.39 लाख बकाएदार थे इनमें से इस योजना में सिर्फ 69 हजार 492 बकाएदारों ने अपना बकाया बिल जमा किया। शेष बकाएदार से वसूली की तैयारी है।

### ओटीएस में पंजीकरण कराने वाले किस्त जमा करें

अधीक्षण अभियंता ने बताया है कि जिन लोगों ने ओटीएस में रजिस्ट्रेशन कराया है वह तत्काल अपनी किस्त जमा कर दें। इसके साथ ही सभी बकाएदार उपभोक्ता अपना बिल जमा करें। विभाग की ओर से बकाया बिल की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# सरकारी स्कूलों में होगी ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्रों की उपस्थिति डिजिटल रूप से ही मान्य होगी। शिक्षक संगठनों के विरोध को दरकिनार कर विभाग ने अब ऑनलाइन हाजिरी प्रक्रिया 15 फरवरी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल प्रधानाध्यापक इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करेंगे। ऐसा नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ऑनलाइन हाजिरी के लिए विभाग ने प्रत्येक परिषदीय विद्यालय को टैबलेट पहले ही प्रदान कर दिए हैं। अब शिक्षकों के साथ बच्चों की उपस्थिति भी ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज होगी। विभाग के अनुसार परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका डिजिटल रूप से ही मान्य होगी। विभाग की ओर से स्कूलों में प्रतिदिन प्रयुक्त होने वाली 12 पंजिकाओं को डिजिटल करने के निर्देश पहले ही जारी किए गए थे। निर्देशों के बाद भी जनपद के 22 सौ से अधिक स्कूलों से अभी तक पंजिकाएं डिजिटल करने के प्रगति की कोई पुष्टि जानकारी विभाग के पास उपलब्ध नहीं हो सकी है। नए शैक्षिक सत्र से बच्चों की दैनिक उपस्थिति डिजिटल माध्यम से करना अनिवार्य किया गया है। प्रवेश पंजिका सहित 12 पंजिका डिजिटल माध्यम से तैयार होगी।

### 12 कार्य भी होंगे आनलाइन

12 कार्यों की एंट्री भी डिजिटल माध्यम से होगी। विभाग के अनुसार इनमें बच्चों की उपस्थिति, पंजीकरण, एमडीएम, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण, स्टॉक, आय व्यय, स्कूल बजट, बैठक, निरीक्षण, बाल गणना, पत्र व्यवहार, पुस्कालय व खेलकूद पंजिका डिजिटल माध्यम से ही भरी जाएंगी।

### प्रधानाध्यापकों को मिलेगा प्रशिक्षण

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आनलाइन हाजिरी एवं रजिस्टरों डिजीटाइलेशन के लिए प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण जरुरी है। तभी यह काम सुचारु रूप से सम्पादित हो सकेगा।

15 फरवरी से आनलाइन हाजिरी के लिए खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी। शासन द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था हर हाल में लागू कराई जाएगी।

-पंकज यादव, बीएसए

## भाजपा महिला मोर्चा का गठन

**फतेहपुर।** भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय में हुई। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने कार्यकारिणी घोषित की।

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने बताया कि शैलजा राज लोधी, सोमवती निषाद, अन्नू सविता, रेखा सरोज, साधना सिंह और संजना द्विवेदी को महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सुनिधि तिवारी व पूनम श्रीवास्तव को जिला महामंत्री, मधु शर्मा, रितु पटेल, संगीता तिवारी, नीतू सिंह, नीलम ज्योति व गीता गुप्ता को जिला मंत्री, सरोज मौर्या को कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी को कार्यालय प्रभारी, रुचि श्रीवास्तव, आभा मिश्रा, कल्पना सिंह को मीडिया प्रभारी और बबुनी निषाद को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### घरेलू कलह से तंग युवती ने खाया जहर

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के लंका रोड निवासी रामखेलावन की पुत्री रानी ने घरेलू कलह से तंग आकर घर मंज रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे युवती की हालत खराब हो गई। जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर मे हड़कम्प मच गया। युवती ने जहर खाने की बात बताई तो परिजन युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर देर तक उपचार चलता रहा। काफी देर के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ तो परिजन युवती को घर वापस ले गए। परिजनों ने बताया कि धोखे से युवती ने जहरीला पदार्थ खाया था। अब उसकी हालत में सुधार है।

शुभ संयोग | अबूझ मुहूर्त में मांगलिक कार्य बिना ज्योतिष विचार के संभव

# त्रिग्रही व गज केसरी योग में आज मनाई जाएगी बसंत पंचमी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां सरस्वती प्रकट हुई थीं। इसलिए यह दिन माता सरस्वती को समर्पित है। बसंत पंचमी पर माता सरस्वती का विशेष पूजन किया जाता है। विद्यार्थी और संगीत प्रेमी इस दिन ज्ञान की देवी माता सरस्वती के पूजन के अलावा अपनी किताबों और वाद्ययंत्रों का पूजन भी करते हैं।

आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी बुधवार को मनाया जायेगा। इस बार बसंत पंचमी पर बहुत ही अच्छे शुभ योग बन रहे हैं। वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा के लिए शुभ योगों व नक्षत्रों का निर्माण होने जा रहा है। बसंत पंचमी पर रेवती के साथ अश्विनी नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसके अलावा शुभ, रवि योग, शुक्र-मंगल-बुध की युति से त्रिग्रही योग बनेगा। वहीं बसंत पंचमी के दिन मेष राशि में चंद्रमा-गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है जो धन दायक माना जाता है। ऐसे में अगर विद्यार्थी माता सरस्वती की पूजा के दौरान उनकी प्रिय वंदना करेंगे और माता के मंत्रों का जाप करेंगे तो माता सरस्वती की कृपा आपको जरूर प्राप्त होगी। वसंत पंचमी के दिन मां सस्वती का प्रकाट्य हुआ था। इस अवसर पर पूरे दिन अबूझ मुहूर्त होता है। आप जो भी शुभ कार्य करना चाहते हैं, वह कर सकते हैं। इसके लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने बताया कि वैदिक ज्योतिष के अनुसार जब योग व नक्षत्रों का विशेष संयोग बन रहा हो तो उस समय विवाह करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

### ध्यान रहे, देवी सरस्वती को पसंद पीला रंग

बसंत पंचमी का पर्व बहुत ही पवित्र त्योहार माना जाता है। इस दिन देवी सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। सरस्वती जी की पूजा में बहुत सी चीजों का खास ध्यान रखना होता है। देवी मां को कौन-कौन सी प्रिय चीजें अर्पित करनी चाहिये इस संबंध में आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन पीले रंग का विशेष महत्व है। इसलिए मां सरस्वती को पीले रंग के कपड़े अर्पित करें और स्वयं भी पीले रंग के वस्त्र पहनें। पीले रंग के फूल माता को बहुत प्रिय हैं, इसलिये पूजा में पीले रंग के फूलों का इस्तेमाल जरुर करें। सरस्वती देवी वाणी, विद्या, ज्ञान व कला की देवी मानी जाती है। वहीं सरस्वती पूजा में पेन और कापी जरूर शामिल करें।

### बसंत पंचमी से पूर्व सुंदरकांड का पाठ

**औंग।** बसंत पंचमी के पर्व से एक दिन पूर्व मंगलवार को कस्बे में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें 251 किलो मोतीचूर के लड्डू प्रसाद में वितरण किए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी बीच भक्तों में भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम चलता रहा। सीताराम जी ने ब्यास पीठ पर बैठ कर सुन्दर हनुमान जी की लीला का वर्णन किया और मनमुग्ध कर देने वाले भजन सुनाये। नगर सेठ मनोज गुप्ता व उनका परिवार भव्य सुन्दरकाण्ड के मुख्य आयोजक के अलावा राजेश शिवहरे उर्फ रज्जू, बीसीसी अनिल गुप्ता, ओमजी गुप्ता, पवन, दीपक, सूरज महेश, बृजेश पटेल समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।


औंग कस्बे में होता सुंदरकांड का पाठ।



# बहरीन से शौहर ने वीडियो कॉल पर बीवी को दिया तीन तलाक

## मलवां क्षेत्र की युवती की कानपुर नगर में हुई शादी, पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, फतेहपुर




- ससुर की गलत हरकतों का विरोध पड़ गया महंगा

**अमृत विचार।** ससुर की अश्लील हरकतों का विरोध करना उसे तब महंगा पड़ गया जब शौहर ने पिता की तरफदारी करते हुए बीवी को बहरीन मुल्क से वीडियो कॉल कर तलाक-तलाक-तलाक कह दिया। महिला ने ससुर पर आरोप लगाया कि ससुर की बेजा बात न मानने व दहेज को लेकर सौहर ने उससे रिश्ता तोड़ा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता और बेटे पर दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी के साथ अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलवां थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 2015 में कानपुर नगर में किदवई नगर निवासी सफदर अली के बेटे खालिद अली से हुई है। खालिद से दो बेटियां भी हैं। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए बाप-बेटे आएदिन प्रताड़ित करते रहे हैं। बताया कि महिला का पति खालिद बहरीन में हैं। घर में ससुर और बच्चों के साथ महिला रहती है। महिला का आरोप है कि 20 दिसंबर 2023 को महिला घर में अकेली थी। इस दौरान ससुर ने बुरी नीयत से उसके साथ छेड़खानी का प्रयास किया। विरोध करने पर कहा कि नहाते समय उसकी अश्लील वीडियो बना लिया है। इतना ही नहीं वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। विरोध करने पर महिला का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह ससुर के चंगुल से छूटकर महिला घर के कमरे में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद पिता से घटना की जानकारी पाकर बहरीन से बेटे ने पिता के फोन पर वीडियो कॉलिंग कर पत्नी से बात की। कॉल के दौरान पति ने महिला से कहा कि जैसा अब्बा कह रहे हैं वैसा करो। महिला के विरोध करने पर उसने गालीगलौज करते हुए तलाक दे दिया। साथ ही धमकी भरे लहजे में बोला कि यहां तुम मेरा कुछ नहीं कर पाओगी। इसके बाद महिला अपने दोनों बच्चियों को लेकर मायके वापस आकर परिजनों से आपबीती बताई। महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# इजराइल जाने वाले श्रमिकों की दक्षता परीक्षण पूर्ण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इजराइल जाने के लिए आवेदित श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। आवेदन के बाद लखनऊ में हुए दक्षता परीक्षण के बाद पात्रों की सूची श्रम विभाग को भेजी गई है। अब ऐसे लोगों का मेडिकल परीक्षण समेत अन्य प्रक्रियाएं पूरी करते हुए विदेश भेजने की कार्यवाही पूरी की जानी है।

सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि इजराइल जाने के इच्छुक ऐसे श्रमिक जिन्होंने 23 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य आईटीआई अलीगंज में आयोजित दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग किया था। परीक्षण में चयनित श्रमिकों की सूची श्रम कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई है। दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग कर चुके ऐसे सभी श्रमिक श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि वह अपने पहचान पत्र के साथ दो दिनों में श्रम कार्यालय में संपर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर लें। जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट व पुलिस वेरिफिकेशन व अन्य कार्रवाई पूरी कराई जा सके।

### अभी है विदेश जाने का अवसर

सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि ऐसे अन्य श्रमिक जो इजराइल जाने के लिए इच्छुक हैं, जिन्होंने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के संबंध में पंजीकरण नहीं कराया है। वह अपने पहचान पत्र के साथ श्रम कार्यालय में आकर तत्काल संपर्क कर सकते हैं। जिससे फरवरी माह के अंत में लखनऊ में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सके।

## सार-संक्षेप



विजयी छात्रों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई रुचि

**चौडगरा।** वाणी इंटरनेशनल एकेडमी अलीपुर मे जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को हुआ। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलो के बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा एक से तीन मे वाणी इंटरनेशनल एकेडमी से प्रथम अनुष्का, द्वितीय अनन्या और तृतीय आयांश रही। कक्षा चार व पांच में कनक, अनुराग तोमर, मान्या उत्तम ने बाजी मारी। वहीं सेंट थामस जहानाबाद की छात्रा शकीना फातिमा अव्वल रही। कक्षा छ से आठ में देबन एकेडमी के शिवेंद्र यादव, सेंट मैरी के अनमोल सिंह व वाणी के अथर्व पाल प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। नौ से इंटर मे वाणी ने बाजी मारी। देवांश मौर्य, आदर्श सिंह व अथर्व पटेल को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को पांच सौ से ग्यारह सौ रुपये की राशि एवं टैबलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद पूर्व प्रधानाचार्य स्वयंबर सिंह ने बच्चो को आशीर्वाद प्रदान किया। देवेंद्र कौर, सिरिन राम, फैनी जोसेफ, आलोक गौड़, डा. रामशरण सिंह, जसवीर कौर के अलावा प्रबन्धक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रिसिंपल शिवेंद्र कुमार, एकेडमिक हेड एसएस कृष्णन, पंकज यादव, ध्रुवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### केतकी ने फांसी लगाकर दी थी जान, पिता-भाई ने फेंका था कुएं में

**फतेहपुर।** सप्ताह भर पूर्व सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में एक कुएं से मिले युवती के शव के मामले में पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। युवती ने पिता व भाई की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली थी। जिसके बाद पिता-भाई ने कथरी में शव लपेट कर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर पिता को जेल भेजने की कार्रवाई की है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव में बाग के एक कुएं से सात फरवरी को एक युवती का शव बरामद हुआ था। शव की शिनाख्त आलमतारा मजरे हसनपुर गुर कसार निवासी केतकी पुत्री भज्जी के रूप में हुई थी। मामले में पुलिस ने गहन छानबीन की और विवेचना के दौरान मृतका के पिता भज्जी व भाई लाल जी का नाम सामने आया। भज्जी को हिरासत में लेकर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि केतकी द्वारा लड़कों से बातचीत को लेकर उन्होंने डांटा था। बताया कि पिता भाई की डांट व प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसने दस जनवरी को फांसी लगा ली थी। दोनों ने घटना को छिपाकर दो दिन तक शव को घर में रखकर 12 जनवरी की रात में साक्ष्य छिपाने के आशय से शव को कथरी में लपेटकर गांव के ज्ञान सिंह उर्फ मुन्नु सिंह के खेत बाग के पुराने कुएं में शव की कमर से बोरी में ईट रस्सी से बांधकर डाल दिया था। मामले में मृतका की मौसी विनीता पत्नी जिया लाल निवासी कड़ा धाम कौशाम्बी ने पिता-पुत्र पर खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने भज्जी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक रस्सी, चटाई, चादर, चाकु, फांसी लगाने के लिए लायी गई साड़ी के टुकड़े, कथरी, बोरी, ईट के टुकड़े बरामद किया है।

### छुट्टा मवेशी के हमले से बुजुर्ग महिला गंभीर

**बिन्दकी।** बकेवर थाना क्षेत्र के उसरहा खेड़ा गांव में राजरानी देवी पत्नी रामदास गांव के पास खड़ी थी तभी एक अन्ना मवेशी ने राजरानी पर हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### युवक ने संदिग्ध हालत में लगाई फांसी

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के बुड़ंदा गांव निवासी शालू कुमार पुत्र स्व. विद्या सागर सोमवार शाम अपने नलकूप गया इसी दौरान वह पास में ही आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के दादा मनीराम ने बताया कि आठ माह पूर्व भतीजे ने फाइनेंस में लोडर खरीदा था। किश्त जमा न होने पर बैंक वाले उसे ले गये थे। तब से वह मानसिक तनाव में था। जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दिया है।

# बिना पर्ची के क्रय केंद्र गन्ना ला रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- देरी से जारी हो रही पर्ची से गन्ना किसान परेशान
- किसानों का आरोप, केंद्रों में बिचौली रहते सक्रिय

**अमृत विचार।** गन्ना तौल पर्ची देरी से जारी होने से किसान हलकान हैं। जिसके चलते बिना पर्ची के ही क्रय केंद्र गन्ना लाया जा रहा है। किसान की इस बेवशी को देख क्रय केंद्रों पर बिचैलिया सक्रिय हो गए हैं। औने-पौने दाम पर गन्ने की खरीद कर रहे हैं। क्रय केंद्रों पर गन्ना लोड खड़ी ट्राली खुद ही हकीकत बयां करती है।

गन्ना किसान अपनी फसल को अन्ना मवेशियों से बचाने के लिए साल भर जूझता आया है। अब खरीद कर रही हैदरगढ़ चीनी मिल द्वारा तौली पर्ची जारी न किए जाने जूझ रहा है। जिले के गन्ना किसानों का आरोप है कि खरीद कर रही हैदरगढ़ चीनी मिल पर्ची जारी नहीं कर रही है। जिससे खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंच रहा है। जिससे चलते औने-पौने दामों में बिचैलियों के हाथों अपना गन्ना बेचने को मजबूर हैं। सस्ते दामों में गन्ना की बिक्री करने वाले किसानों ने बताया कि प्रति ट्राली चार क्विंटल की कटौती तथा तीन प्रतिशत तय भुगतान में कटौती की जाती है।



क्रय केंद्रों में तौल के इंतजार में खड़ीं गन्ना से लदी गाड़ियां। अमृत विचार

### 14 सोसाइटी से सात जिलों में खरीद

हैदरगढ़ चीनी मिल जिले सहित सात जिलों के 14 सोसाइटी से गन्ना की खरीद करती है। बिंदकी क्षेत्र के क्रय केंद्रों रोजाना छह हजार क्विंटल गन्ना की खरीद की जाती है। चीनी मिल ने 9 लाख क्विंटल से अधिक खरीद करने को गन्ना सहकारी समिति से सट्टा किया था। 12 फरवरी तक 5 लाख 76 हजार क्विंटल की खरीद भी कर ली है।

"हैदरगढ़ चीनी मिल 12 फरवरी तक खरीद का समस्त बकाया भुगतान कर चुकी है। 14 दिनों में भुगतान के निर्देश भी हैं। चीनी मिल आन लाइन इंडेट जारी करती है। गन्ना किसान बिना पर्ची के ही क्रय केंद्रों पर गन्ना ट्राली लेकर आते हैं।

–आनंद शुक्ल, गन्ना सहकारी समिति, बिंदकी

# 17 दिन बाद भी युवक की हत्या का नहीं लगा सुराग

अमृत विचार फालोअप

- जमीन के विवाद में हत्या का आरोप, चार पर दर्ज किया गया मामला

संवाददाता, असोथर

**अमृत विचार।** असोथर थाना क्षेत्र के प्रेममऊ कटरा गांव में 17 दिन पहले एक अपहृत युवक का अपने ही खेत में हत्यायुक्त शव मिला था। मृतक के भाई ने गांव के ही स्वजातीय एक महिला उसके पति सहित चार लोगों पर पुराना जमीनी विवाद होने के कारण हत्या करने का मामला दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक फोरेंसिक टीम के साथ कई बार जांच पड़ताल कर जुटाए गए साक्ष्य को लखनऊ जांच के लिए भेज चुके है लेकिन अभी तक जांच पूरी नही हुई।

असोथर थाना क्षेत्र के कटरा गांव के रहने वाले घर्मेन्द्र उर्फ देवेंद्र 21 अगस्त को घर से निकला था। वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश शुरू की थी लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। 28 अगस्त को उसका शव खेतों में मिला था। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम व परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली थी। वहीं घटना स्थल से फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटा कर जांच के लिए लैब भेज दिया था। मृतक के भाई हरिओम ने एक महिला समेत चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के भाई हरिओम ने कहा कि भाई के हत्या के खुलासे के लिए आईजी और डीआईजी प्रयागराज को शिकायती पत्र सौंपा। इसके अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल में भी मामले की शिकायत की। लेकिन अब तक मामले का खुलासा नहीं हो सका है। जांच पड़ताल जारी है। वहीं थरियांव सीओ अरुण कुमार राय ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल जारी है। विसरा रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। तभी आगे की कार्रवाई संभव होगी।

# रोजगार मेले में 165 युवाओं को दी गई नौकरी

**बहुआ।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बहुआ ब्लाक में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। नगर पंचायत सदस्य एवं संयुक्त खंड विकास अधिकारी द्वारा सेवायोजित हुए 165 प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर वितरित करते हुए उनका मार्ग दर्शन कर शुभकामनाएं दी गई।

रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में अरूण कुमार गुप्ता नगर पंचायत सदस्य बहुआ द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रोजगार मेला में आठ कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में विनोद कुमार तिवारी जिला कौशल प्रबंधक, नीलम सिंह चौहान जिला कौशल प्रबंधक कौशल विकास मिशन, नारायण तिवारी प्रशिक्षण प्रदाता, जगदंबा बाल विद्या मंदिर, श्रीकांत, श्रेय शुक्ला, कुलदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### जहरीले कीड़े ने युवक को काटा, मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली के कटोघन गांव निवासी गोपाल सिंह का पुत्र कामता सिंह सोमवार की शाम खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। घर आने पर वह अचेत होकर गिर गया। तभी परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आ रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बसंत पंचमी को कवि सम्मेलन

**फतेहपुर।** बिंदकी नगर के महरहा रोड स्थित मृत्युंजय पाण्डेय के आवास में बुधवार को साहित्य विकास समिति के तत्वावधान में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। समिति के सदस्य हयातउल्ला नजमी ने बताया कि कवि सम्मेलन सुबह 9.30 बजे होगा।

### 47 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** मंगलवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 47 वाहनों का चालान किया। एक वाहन से एक हजार शमन शुल्क वसूला है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

- प्रथम जनपद आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों ने जताई खुशी
- शहर के मुख्य मार्गों से निकाला गया जुलूस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे के प्रथम जनपद आगमन पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जुलूस नउवाबाग होते हुए जिला अस्पताल, लक्ष्मी टॉकीज, ज्वालागंज, वर्मा चौराहा, आईटीआई रोड, पटेल नगर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। अंत में पार्टी कार्यालय पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल की अध्यक्षता में नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे का 51 किलों की फूलों की माला पहनाई गई। साथ ही पार्टी के शीर्ष सभी नेताओं ने बड़ी-भारी से अध्यक्ष का फूल माला पहनकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व हमें दिया है, उसे हम बखूबी निभाएंगे और पिछड़ा वर्ग के लोगों को ज्यादा ज्यादा जोड़कर के पार्टी को मजबूत करेंगे और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की मंशा के अनुसार समाज का कार्य करूंगा। कार्यक्रम में श्याम सिंह यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, कामता मौर्य, अभिजीत पटेल, गौरव पटेल, अभिषेक श्रीवास्तव, अभय यादव, शिवपूजन, महेश साहू, प्रदीप प्रजापति, जितेंद्र पटेल, राममिलन शिवहरे, यशवीर सिंह, अविनाश तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, विक्रम सिंह चंदेल, स्वरूप राज सिंह जूली सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पार्टी कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# 304.56 करोड़ से बनेंगे 38 संपर्क मार्ग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में 304.56 करोड़ की लागत से 38 संपर्क मार्गो का निर्माण होगा। मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया गया। वहीं कई मार्गो का लोकार्पण भी किया गया।

शहर के जीटी रोड स्थित डाक बंगले में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलापटों का पर्दा हटाकर जनपद की समस्त विधान सभाओं में 304 करोड़ 56 लाख 17 हजार की लागत से 38 सम्पर्क मार्गों का शिलान्यास किया गया। जिनकी लम्बाई 305 किलोमीटर व 975 मीटर एवं 48 करोड़ 23 लाख 52 हजार की लागत से 10 सम्पर्क मार्गों का लोकार्पण भी किया गया। जिनकी कुल लम्बाई 66.784 किलोमीटर बताई गई। इसके अलावा 352 करोड़ 79 लाख 69 हजार की लागत से 372 किलोमीटर 759 मीटर की 48 सम्पर्क मार्गों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया।



संपर्क मार्गों का शिलान्यास करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक। अमृत विचार

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दोआबा के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत अनेक सड़के स्वीकृत हुई हैं। सीवर लाइन, गाजीपुर से विजयीपुर मार्ग, की स्वीकृति के बाद कार्य बहुत जल्द प्रारम्भ होंगे। विधायक खागा कृष्णा पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी तभी से योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार द्वारा सड़कें, शिक्षा, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, आवास, सीवर लाइन, पेंशन, गैस पाइप लाइन, मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय आदि योजनाएं जनपद के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंहने कहा कि यह दोआबा की धरती में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जन्म हुआ है। देश को स्वतंत्र कराने में अपने प्राणों का बलिदान देकर स्वतंत्रता दिलायी है। ऐसे सपूतों को नमन करता हूं। गाजीपुर से विजयीपुर मार्ग के लिए 89 करोड़ रुपये स्वीकृति करवायी गयी है, जिसका कुछ दिन के बाद कार्य प्रारंभ हो जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि सनातन धर्म व विकास का कार्य साथ-साथ चलेगा।

इस अवसर पर विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक बिन्दकी जयकुमार सिंह जैकी, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, , जिलाध्यक्ष भाजपा, ज्योति प्रवीण, अक्षय लोधी, बैजनाथ वर्मा, कमलेश योगी, पुष्पराज पटेल, बीरेंद्र बाजपेयी समेत मुख्य विकास अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बादल घुमड़े — एक बार फिर मौसम ने बदली करवट, सर्दी में हो सकता इजाफा

# रात में बारिश, दलहन-तिलहन को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** फरवरी माह में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। कभी बारिश तो कभी तेज धूप निकल रही है। बीते कई दिनों से अच्छी धूप निकलने के बाद सोमवार की रात अचानक एक बार फिर तेज बारिश हो गई। दूसरे दिन मंगलवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप के दर्शन होते रहे। बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इनका कहना है कि यदि तेज बारिश हुई तो अब दलहन-तिलहन फसलों को तगड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि गेहूं के लिए कोई नुकसान नहीं होगा।

बेमौसम बरसात से परेशान किसान भी अब इंद्रदेव से दुआ कर रहे हैं की बरसात ना हो ताकि उनकी फसल को नुकसान ना हो। बेमौसम बारिश से दलहन-तिलहन और सब्जियों की फसलों में नुकसान देखने को मिल रहा है। आलू फसल से जुड़े किसान खासा चिंतित हैं। आलू की फसलों में पानी भरने से सड़न की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही आलू विभिन्न रोगों से ग्रसित हो जाएगा। कुछ क्षेत्रों में सरसों व अन्य तिलहनी फसलें तेज हवा के कारण जमीन पर भी गिर गई हैं। सोमवार की रात हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवा के साथ हुई बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई। गेहूं जौ के साथ साथ चना, अरहर सहित अन्य दलहनी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

क्षेत्र के किसानों ने बताया, बारिश से फूल वाली फसलों को काफी नुकसान हुआ है। दलहनी फसलों को भी नुकसान है। गेहूं की उन फसलों को लाभ हुआ है जिनकी लेट बुवाई की गई थीं। बारिश के बाद से गलन बढ़ गई है। बेमौसम हुई बारिश से फसलों की सुरक्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बारिश से दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई है। साथ ही आलू की फसल को भी काफी नुकसान होगा।

### पैदावार पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

अन्नदाताओं ने बताया कि बारिश से अरहर, सरसों, अलसी, चना, मसूर में लगे फूल नष्ट हो जाएंगे। जिससे पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जिस तरह से अचानक सोमवार की रात बारिश हुई है और अभी भी मौसम साफ नहीं है, आशंका है कि कही तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई तो किसान कहीं का नहीं जाएगा।

### पशुपालकों की भी बढ़ी चिंता

बारिश व ठंड से बचाव के लिए पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है। बारिश से जगह जगह जलभराव व कीचड़ की समस्या होने से लोगों को आवागमन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का क्रम इसी तरह से अनवरत जारी रहा तो पशुओं को बांधने के लिए सूखा स्थान नहीं मिल पाता है।

# मनरेगा के कार्य में जेसीबी से तालाब खोदाई

**जाफरगंज फतेहपुर।** अमौली विकास खंड की ग्राम पंचायत पांडेपुर स्थित चौबे तालाब की खुदाई लगभग पांच लाख रुपए से हो रही है। जिसमें रात में जेसीबी से तालाब की खुदाई चलती है। ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

वायरल वीडियों की ग्रामीणों ने सूचना मोबाइल के जरिए जिलाधिकारी को दी है। उपजिलाधिकारी बिंदकी ने देवरी चौकी इंचार्ज सुमित नारायण तिवारी को फोनकर मौके पर भेजा। एसडीएम को मोबाइल से अवगत कराने पर अमौली खंड विकास अधिकारी ने सुबह मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है।

# भाकियू टिकैत गुट ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर

**अमृत विचार।** 19 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के लोगों ने सड़कों पर जमकर प्रदर्शन किया। इसके पहले यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पंचायत लगाई। जिसमें तय किया गया कि किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय आवाहन पर 16 फरवरी को भारत बंद का समर्थन किया जाएगा।

मंगलवार को नगर के लंका रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यालय परिसर में यूनियन की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा समस्याओं को हल करने के लिए बार-बार आश्वासन दिया जाता है लेकिन समस्याएं हल नहीं की जा रही हैं। यदि कोई अधिकारी ज्ञापन लेने मौके पर नहीं आता तो सड़कों पर प्रदर्शन करेंगे।



मांगों का ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

काफी देर इंतजार के बाद जब कोई अधिकारी ज्ञापन लेने बैठक में नहीं पहुंचा तो नाराज यूनियन के लोगों ने सड़कों पर उतर कर फाटक बाजार, मेन बाजार, खजुहा चौराहा, ललौली चौराहा, अस्पताल रोड होते हुए तहसील गेट के सामने पहुंचे। तहसील परिसर के अंदर अधिकारियों के मौजूद न होने पर सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम ने ज्ञापन लिया। आश्वासन दिया कि समस्याओं को हल करने का काम करेंगे। यूनियन ने मांग किया कि विद्युत कार्यालय द्वितीय का कार्यालय बिंदकी कस्बे में खोला जाए। बिंदकी बाईपास का निर्माण पूरा कराया जाए। किसानों को 18 घंटे बिजली दी जाए। इस मौके पर नवल सिंह पटेल, दिनेश कुमार शुक्ला आदि रहे।

# कच्छा-बनियान गिरोह के चार डकैतों को साढ़े सात साल की सुनाई सजा

## विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) बोले, इसमें जेल में बिताई गई अवधि भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में दो घरों में परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले कच्छा-बनियान गिरोह के चार डकैतों को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने जेल में बिताई अवधि सात साल सात माह 20 दिन कारावास की सजा सुनाई है। चारों डकैतों पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दोनों को दस-दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि जनपद संभल के थाना आसमौली क्षेत्र के ग्राम सदीमपुर निवासी नजर हुसैन उर्फ पंजाबी, अजमल, शाबिद व इस्तखार उर्फ जौनी निवासी बेला जनपद औरैया ने शहर के दो घरों में डकैती की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर डकैतों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे लूट का माल भी बरामद हुआ था। पुलिस ने चारों डकैतों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था तथा अभियोजन पक्ष की तरफ से 18 गवाह पेश किए गए थे। चारों डकैत पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद थे। कोर्ट में चारों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) इंद्रजीत सिंह ने चारों डकैतों को दोष सिद्ध करते डकैती व घातक चोट पहुंचाने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि सात वर्ष सात माह 20 दिन का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विदित हो कि इससे पूर्व 30 जनवरी को इसी गिरोह के दो डकैतों सुल्तान उर्फ राशिद व बरांडी उर्फ शोएब को भी कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई थी।

● शहर के दो घरों में डकैती की वारदातों को दिया था अंजाम, गिरफ्तार होने के बाद कबूला

**इन मामलों में हुई सजा**

**केस 01** शहर के मोहल्ला बालाजी नगर में एक मई 2016 की रात में यशवीर सिंह भदौरिया के मकान पर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया और परिजनों को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। डकैतों ने लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। सभी बदमाश कच्छा-बनियान पहने हुए थे।

**केस 02** शहर के मोहल्ला नसरापुर नई बस्ती में एक मई 2016 की रात डेढ़ बजे के करीब कच्छा-बनियान गिरोह के बदमाशों ने सोहन मिश्रा के मकान पर धावा बोल दिया तथा परिजनों को बंधक बनाकर लाठी-डंडे व सरिया से पीटा। डकैतों ने नगदी व लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। बदमाशों की पिटाई से भाभी रेनू मिश्रा व बेटी काजल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।

**कच्छा-बनियान गिरोह में शामिल डकैत**

- मुकीम उर्फ मुन्ना निवासी भोजपुर पीपल, जनपद मुरादाबाद
- साबिर उर्फ कोकी निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल
- नत्थू उर्फ जंगली निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल
- अजमल खान निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल
- शादाब उर्फ लंबरदार निवासी पंडुआ चौराहा थाना भोगांव जनपद मैनपुरी
- नईम उर्फ छोटा निवासी ग्राम बेला थाना बेला जनपद औरैया
- इस्तखार उर्फ जौनी निवासी ग्राम बेला थाना बेला जनपद औरैया
- नजर हुसैन उर्फ पंजाबी निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल
- शोएब उर्फ बरांडी निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल
- राशिद उर्फ सुल्तान निवासी सदीमपुर थाना आसमौली जनपद संभल

## ट्रैक्टर से कुचल कर किशोरी की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** मौसी की वरीक्षा में शामिल होने पिता के साथ आई किशोरी की ट्रैक्टर से कुचल कर मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतका के पिता ने पुलिस को चालक के खिलाफ तहरीर दी है। उसने चालक पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर मिलने की बात कही है।

सदर कोतवाली के मानीमऊ चौकी क्षेत्र के पहलवान गंज निवासी सुनील कुमार पुत्र बाबूराम अपनी 12 साल की पुत्री वैष्णवी को लेकर ससुराल थाना ठठिया क्षेत्र के बांकी गांव आया हुआ था। जहां से उसकी साली की वरीक्षा कार्यक्रम थाना क्षेत्र गौरनपुर्वा जाना था। कार्यक्रम के दौरान चालक ट्रैक्टर पीछे करने लगा। उसने पीछे नही देखा, वहां वैष्णवी खड़ी थी। ट्रैक्टर की टक्कर से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजन शव बांकी गांव ले आए।सू चना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनील ने पुलिस को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# टीएससीटी 149 परिवारों को दे चुकी 42 करोड़ रुपये की मदद

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज



बीईओ को टीएससीटी की पत्रिका देकर सदस्यता ग्रहण कराते पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** मंगलवार को टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने ग्राम सराय प्रयाग स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें ट्रेनिंग के दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षकों को टीचर सेल्फ केयर टीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर तालग्राम खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी को टीचर्स सेल्फ केयर टीम की सदस्यता दिलाई गई। शिक्षकों से व्यवस्था शुल्क जमा कराने के साथ विचार क्रांति पत्रिका भेंट की गई।

जिला संयोजक अंकित कटियार ने बताया कि अब तक टीचर सेल्फ केयर टीम द्वारा 149 दिवंगत परिवारों को 42 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दे चुकी है। जिला सह संयोजक हितेंद्र सिंह ने बताया कि जनवरी से शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, खंड शिक्षा अधिकारी और क्लर्क को भी इस टीम से जोड़ा जा रहा है। जिला सह संयोजक आशीष तोमर ने बताया कि जनवरी माह में छह दिवंगत परिवारों को तीन करोड़ 32 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई। जिला प्रवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने बताया की व्यवस्था शुल्क के 50 रूपये लिए जा रहे है। इससे 46 परिवारों को 17 लाख से अधिक की मदद की जा चुकी है। जिला सह संयोजक सोनपाल ने बताया कि प्रति परिवार 55 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक मदद की गई है। तालग्राम ब्लॉक संयोजक संदीप चौहान ने बताया कि जनपद में 2900 टीचर्स टीम से जुड़ चुके हैं। बीईओ ने कहा कि टीएससीटी के संस्थापक विवेकानंद और उनकी टीम की सराहना की और कहा की यह टीम सहयोग, समर्पण और पुण्य का कार्य कर रही है। इस दौरान अरविंद चौहान, सुदीप पटेल, मलिखान सिंह, रेवतीरमण, जयवीर सिंह, पंकज यादव, नवीन मिश्रा, धर्मेंद्र पटेल, संजीव कटियार रहे।

## कैरम प्रतियोगिता में शालिनी का पहला स्थान

**कन्नौज।** राजकीय महिला कॉलेज बांगर में दो दिवसीय 11वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का मंगलवार को समापन हो गया। कैरम प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शालिनी बीए तृतीय वर्ष, दूसरे स्थान पर साजिया बीए द्वितीय वर्ष व तीसरे नंबर पर नंदिनी दुबे बीए प्रथम वर्ष रहीं। हुला हूप प्रतियोगिता में संध्या बीए तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर, राधा बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान व शिवांगी बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। नींबू चम्मच प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की नंदनी प्रथम स्थान पर, रागिनी द्वितीय स्थान पर तथा बीए द्वितीय वर्ष की आयुषी कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है।


एसडीएम को ज्ञापन देते वकील। अमृत विचार

# चोरी का सामान खरीदने वाले को भी जेल भेजने की मांग

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील में अधिवक्ता चेंबरो में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर माल बरामद कर घटना का खुलासा कर दिया था। वकीलों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की चोरी का माल खरीदने वाले पर भी कार्रवाई करने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम अशोक कुमार को ज्ञापन दिया। वकीलों ने बताया कि पुलिस ने जो खुलासा किया वह गलत किया है। पुलिस ने नाबालिग को चोर बना दिया, जो अकेले बैट्री नही उठा सकता। मांग की है कि चोरी गया सामान वकीलों को सही हालत में वापस दिलाया जाए। यदि सामान नही मिलता तो सामान खरीदने वाले कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यदि ऐसा नही होता है तो वकील आंदोलन पर मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर सतीश राजपूत, मनोज राजपूत, लाली यादव, रामगोपाल, भूपेंद्र सिह रहे।

## वार्षिक कार्ययोजना की दी जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को ग्राम सराय प्रयाग बीआरसी तालग्राम कार्यालय में निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर बीईओ रमेश चन्द्र चौधरी ने शिक्षकों को जागरूक किया। उन्होंने शिक्षण कार्य को रोचक व गुणवत्ता परक बनाने पर बल दिया।

एआरपी अरविंद चौहान ने शिक्षकों को सत्र 2023-24 में संदर्शिकाओं पर किए जाने वाले कार्य, साप्ताहिक एवं वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की। एनसीएफ के बारे में शिक्षकों को समझाया। एआरपी मलखान सिंह द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण लक्ष्य के प्रति जागरूक किया और कार्य पुस्तिकाओं पर चर्चा की। एआरपी सुदीप पटेल द्वारा गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक योजनाओं पर कार्य करना समझाया गया। एआरपी रेवती रमन ने गणित किट के प्रयोग एवं शिक्षक-बच्चों के मध्य आत्मीय संबंध स्थापित करने पर चर्चा की।

# रामलला के दर्शन को भक्त रवाना

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज/गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से अयोध्या धाम में भगवान श्री राम के दर्शन कराने के लिये प्रशासन की ओर से बसे उपलब्ध कराई गई। इन बसों को ब्लाक व नगर स्तर पर उपलब्ध कराया गया। इन बसों से भक्त श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना किया गया।

परिवहन विभाग ने जिले के राम भक्तों को अयोध्या श्री रामलला के दर्शन कराने के लिये 80 बसें उपलब्ध कराई। इन बसों से भक्त रवाने हुए। बसों पर बैठने से पहले रामभक्तों ने जयश्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाये। भक्त भगवा फहराते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुए। कन्नौज शहर से भी चार बसों को रवाना किया गया। इसमें मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी के नेतृत्व में नगर उपाध्यक्ष राकेश कौशल, विपिन तिवारी, रजनीश राजपूत, दीपू सक्सेना, रामू सविता, राजा तिवारी, मोहित गिहार, राजेश दोहरे, सौरभ शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम इस्माइलपुर से बस से अयोध्या के लिए ऋषी दीक्षित, अभिषेक प्रजापति, रामदास शाक्य, बबलू मिश्रा, रामबाबू प्रजापति, आशीष शाक्य, श्लोक श्रीवास्तव, ऋतिक मिश्रा, राममोहन, गौतम मिश्रा आदि लोग बस द्वारा रवाना हुए।


जयश्रीराम के जयकारे लगाकर अयोध्या के लिए रवाना होते भक्त। अमृत विचार

### सुदामा चरित्र के प्रसंग के बाद हुआ भंडारा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को ब्लाक गुगरापुर स्थित च्यवन ऋषि आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक संत निराला ने भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता के प्रसंग के सुनाया। जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक ने कहा कि सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करने वाला कभी दुखी नहीं रहता। आत्मा अजर, अमर है। धर्म की रक्षा के लिए ईश्वर ने समय-समय पर अवतार लेकर अधर्मियों का नाश किया है। भंडारा में महंत अयोध्या वासी महाराज, कुन्नू बाबा, मुन्नू सिंह ठाकुर, ठाकुर विनय सिंह, पप्पू त्रिपाठी, सर्वेश दुबे, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, दयानंद शास्त्री, आलोक तिवारी, अनुराग दुबे, सोनू द्विवेदी, अरुण त्रिपाठी, बदन सिंह पाल, पप्पू तिवारी, रामानंद दुबे, नन्हे ठाकुर, पूर्व फौजी रामनरेश पाल, नन्हे ठाकुर, प्रमोद त्रिपाठी सहित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सार-संक्षेप

### पीएसएम कॉलेज में आज 164 जोड़े होंगे एकदूजे के

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह होगा। इसमें कन्नौज ब्लॉक क्षेत्र के 57 जोड़े, गुगरापुर के 37 व जलालाबाद ब्लॉक इलाके के 46 जोड़े और नगर पालिका क्षेत्र कन्नौज के 24 कुल 164 जोड़े एकदूजे के होंगे। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। इससे पहले बारिश को लेकर की गई भविष्यवाणियों से एक बार समारोह के टलने की संभावना हो गई थी।

### खड़ी सरसों की फसल काटने का आरोप

**तिर्वा, कन्नौज।** खड़ी फसल काटकर खेत पर डालने की शिकायत करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के सरसई गांव निवासी घनश्याम पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को बताया कि उसके ढाई बीघे खेत में सरसों की फसल खड़ी थी। जिस पर सहियापुर गांव निवासी विजय सिंह, राम सिंह व सरसई गांव निवासी पुत्तन ने केमिकल डालकर फसल नष्ट करने की कोशिश की, जब फसल नष्ट नही हुई तो 9 फरवरी की रात फसल काटकर खेत में डाल दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### नाबालिग को भगा ले जाने पर तीन पर रिपोर्ट

तिर्वा, कन्नौज। थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। उसी दौरान थाना इंदरगढ़ के उद्यमपुर गांव निवासी गैर समुदाय का परवेज पुत्र बब्लू उसे बहला फुसलाकर उसे अपने साथ भगा ले जाने के बाद उसी गांव के शैलेश, निकील ने उसके पति को फोन कर धमकी दी। पुलिस ने तीनो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मातृ सम्मेलन और पाटी पूजन आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार की सुबह 10 बजे बसंत पंचमी के अवसर पर हवन पूजन किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे पाटी पूजन, सरस्वती पूजन व 02 बजे मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रबंधक देवेन्द्र देव ने दी।

# स्वयं सेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

संवाददाता,कन्नौज


जागरुकता रैली निकालते पीएसएम पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने एक दिवसीय शिविर लगाया। इसके तहत कॉले से वार्ड नंबर एक नसरापुर निकट गोल कुआं से प्राथमिक विद्यालय नसरापुर तक रैली निकाली गई। रैली में स्वच्छता अभियान, यातायात के नियमों का पालन करने, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व पौधरोपण से संबंधित तख्तियों पर लिखे नारों के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह के नेतृत्व में रैली निकली। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह व प्रधानकुलानुशासक डॉ. अमित सचान ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया व हरी झंडी दिखाकर कॉलेज से रवाना किया। इस मौके पर श्रद्धा मिश्रा, डॉ. संगीता पांडे, डॉ. प्रीति, रेनू त्यागी, लक्ष्मी नारायण, डॉ. प्रियंका, प्रेम नारायण, पंकज राय, मुकेश गुप्ता, कुलदीप सिंह, डॉ. आशीष सिंह व दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**गुरसहायगंज।** मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत ब्लाक गुगरापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर रतनपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र, छात्राओं, अभिभावको, शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर कक्षा आठ की छात्रा कामिनी ने प्रथम, साजिया ने द्वितीय, कक्षा सात के हिमांशू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रधानाध्यापक विपिन कुमार माथुर, सुजीत दुबे रहे।

**शाबास** कन्नौज से पहली बार बेसिक शिक्षा से 22 और माध्यमिक के 14 बच्चे चयनित

# इंस्पायर अवार्ड मानक में 36 विद्यार्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इंस्पायर अवार्ड मानक में जनपद कन्नौज ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। कुल 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इसमें 22 बेसिक शिक्षा और 14 माध्यमिक के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में कुल 1016 आवेदन हुए थे। विद्यालयों से अधिकतम पांच-पांच आइडिया सबमिट करने को कहा गया था।

छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता एवं नई सोच को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान की ओर से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इंस्पायर अवार्ड मानक होती है।

जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा छह से 10 तक के विद्यार्थी शामिल होते हैं। वर्ष 2022-23 में कुल चार विद्यार्थियों का ही चयन हुआ था जिसमें बेसिक के तीन बच्चे थे। उन्होंने बताया किक जनपद स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को मॉडल बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से 10,000 रुपये विद्यार्थियों के खातों में भेजे जाएंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता जिले के लिए गौरव की बात है।

● मॉडल बनाने के लिए डीबीटी के जरिए खातों में भेजे जाएंगे 10-10 हजार रुपये

● विद्यालयों से अधिकतम पांच-पांच आइडिया सबमिट करने को कहा गया था

**इन छात्रों का जूनियर स्कूलों से हुआ चयन**

ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र से यूपीएस मंगलीपुरवा के सौरभ शर्मा, यूपीएस सतवारी कृष्ण कुमार, कन्नौज क्षेत्र से कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर पैठ के शिवम वर्मा व निशांत, यूपीएस पैंदाबाद की रजनी, तालग्राम के यूपीएस अमोलर से रिया सुंदरी व खुशी बानो, यूपीएस चंदपुरा की डोली, यूपीएस सलेमपुर के अरमान, यूपीएस लखैयामऊ के आकिब, गुगरापुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर की सुप्रिया व यूपीएस गौहनाखेड़ा के रामजीत, छिबरामऊ इलाके के यूपीएस महमूदपुर खास की भूमि, हसेरन विकास खंड से उच्च प्राथमिक विद्यालय निजामपुर द्वितीय की प्रतिभा, प्राथमिक विद्यालय नादेमऊ दीपेंद्र, उमर्दा क्षेत्र के यूपीएस बेलामऊ सरैया के शिवा, यूपीएस तिलसरा की आफरीन, यूपीएस तिलसरा के रिजवान, कंपोजिट विद्यालय कड़ेरा की गीतिका सिंह व सृष्टि, यूपीएस पट्टी से चंद्रिका और यूपीएस रतनापुर से प्रियंका देवी का चयन हुआ है।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पत्रांकः / के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन /6639–44 2023–24 / दिनांकः 12/02/20204

**विज्ञप्ति सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक / 11308/2022–23 दिनांक – 14.02.2023 तथा शासनादेश सं0– 2805/68–5–2023 – 5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन दिनांक– 08.02.2024 के अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक – 28.02.2024 की सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पद | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 | अनु0जन जाति | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी) | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 02 | 01 | 0 | 01 | 0 | 22000/– |
| 2 | उर्दू शिक्षिका (उर्दू) | उर्दू–बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा | 02 | 01 | 01 | 0 | 0 | 13200/– |
| 3 | अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा) | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0 एड0 सी0पी0एड0 एवं डी0 पी0एड0 आदि उपाधि) | 02 | 01 | 0 | 01 | 0 | 9800/– |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (कला / संगीत) | कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प | 01 | 0 | 0 | 01 | 0 | 9800/– |
| 5 | मुख्य रसोइया | कक्षा –08 पास | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 6900/– |
| 6 | सहायक रसोइया | कक्षा –08 पास | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | 5175/– |
| 7 | चौकीदार | कक्षा –08 पास | 01 | 0 | 01 | 0 | 0 | 5750/– |

अर्हता एवं शर्त :– https://kannauj.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(उपासना रानी वर्मा)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

# भाजपा में मंत्री, सांसद की हैसियत संविदा कर्मी की: डॉ. राजपाल

**पूर्व मंत्री बोले, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के बीच चल रही तनातनी, सपा मुखिया के विकास कार्यों के आगे पीएम भी हो जाएंगे फेल**

**दावा, दलितों का हितैषी बताने वाले मंत्री तहसीलदार को न्याय नहीं दिला सके, घमंड से भरी सरकार को जनता सिखायेगी सबक**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा है कि भाजपा सरकार में मंत्री व सांसद ठेके पर रखे जाते हैं। उनकी हैसियत संविदा कर्मी से अधिक नहीं है। जिन लोगों की हैसियत पुलिया बनवाने की नहीं वह सपा मुखिया पर टिप्पणी करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच तनातनी चल रही है।

मंगलवार को सपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि जितना सपा कार्यकर्ताओं ने विकास कार्य करा दिया, उतना भाजपा सरकार में सांसद व मंत्री नहीं करा पाए। घमंड से भरी हुई इस सरकार को जनता सही करेगी। खेतों से अन्ना जानवर, किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई वादे किए थे, लेकिन भाजपा एक भी पूरा नहीं कर सकी है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अधिकारी भाजपा में शामिल हुए और खुद को दलितों का हितैषी बताते हैं, लेकिन उनकी ही सरकार में दलित तहसीलदार की पिटाई हुई। उनकी हैसियत नहीं कि पीड़ित को न्याय दिला लें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अपने को सांसद व मंत्री कहने वाले यह नहीं बता सकते हैं कि कन्नौज में एक पुलिया तक बनवाई हो। सांसद की ओर से गोद लिया गांव भी नहीं दिख रहा। जहां भी सरकारी इमारत, अस्पताल व सड़क दिखाई देती है वह मुख्यमंत्री ने बनवाई है। एक दिन पहले समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की ओर से छिबरामऊ के कार्यक्रम में दिए गए सपा मुखिया को चार लाख से अधिक मतों से लोकसभा क्षेत्र का चुनाव हराने वाले बयान पर बिना नाम लिए हुए कहा कि जो मंत्री चुनौती दे रहे हैं उनकी हैसियत संविदाकर्मी वाली है इस वजह से इस चुनौती को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### दलित और पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार

सदर ब्लॉक क्षेत्र के गांव गंगागंज व मेंहदीपुर में पीडीए की जनसभा हुई। सपा नेता नाजिम खां के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा की उत्तर प्रदेश से समाजवादी सरकार जाते ही दलित-पिछड़ों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। हर तरफ भ्रष्टाचार, जंगल राज का बोलबाला है। इस मौके पर पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे, यश दोहरे, नेम सिंह यादव, ओमप्रकाश पाल, राम सेवक, अमित कश्यप, गुड्डू कश्यप, पवन अवस्थी, फौजान खां, सरदार, समीर खान, पवन तिवारी, राजेश पाल, आसिफ हसन, ध्रुव यादव, देवेंद्र यादव आदि लोग रहे।

### आरक्षण व सरकारी नौकरियां खत्म कर रही सरकार

भाजपा सरकार में बाबा साहब के संविधान को खत्म किया जा रहा है। आरक्षण खत्म व सरकारी नौकरियां खत्म हो रहीं। संविदा पर सेना में अग्निवीर भर्ती हो रहे। जनता को भाजपा गुलाम बनाना चाहती है। सपा ने भाजपा को 2022 में घटाया 2024 में सफाया होगा। कन्नौज में सभी विधायक बेईमानी से जीते। दिल्ली में किसान धरने पर हैं उनके लिए पानी बौछार की जा रही और लाठी चलाई जा रही। झूठ बोलने में सपाई हार सकते हैं लेकिन विकास कार्य में भाजपाई हार जाएंगे।


गंगागंज मेंहदीपुर गांव में पीडीए की जनसभा में मौजूद पूर्व मंत्री एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप व अन्य सपाई। अमृत विचार

# शिकंजा: गैंगस्टर की तलाश में ठठिया पुलिस ने दी दबिश

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एसपी ने शातिरों को जेल भेजने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** अपराधों पर लगाम लगाने के लिए ठठिया पुलिस ने शिकंजा तेज कर दिया है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में गैंगस्टर के अपराधी की तलाश में भारी तादाद में पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई, लेकिन कोई भी अपराधी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा।

आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए एसपी ने निर्देश दिए कि जो भी शातिर अपराधी खुलेआम घूम रहे उनको पकड़ कर जेल भेजा जाए। मंगलवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में भारी पुलिस व पीएसी बल ने शातिर अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की।

पुलिस ने ठठिया थाना क्षेत्र के पल्टेपुर्वा गांव के चार शातिर अपराधी जो गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहे हैं। इन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस ने छापेमारी की। भनक मिलते ही पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले। इससे पुलिस के हांथ एक भी अपराधी नही लग सका। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि शातिर अपराधियों की तलाश की जा रही है। उन्हें पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।


अपराधी के दरवाजे खड़ी ठठिया थाना पुलिस।

# अब 10 केंद्रों पर ही होगी पुलिस भर्ती की परीक्षा

**17 व 18 फरवरी को लिखित आरक्षी परीक्षा में शामिल होंगे 4872 परीक्षार्थी, डीएम व एसपी ने ली तैयारियों की बैठक**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद से उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा कराने के लिए 30 केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन 10 विद्यालयों में ही इम्तिहान होगा। 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में होने वाली परीक्षा के केंद्रों की सूची भी जारी कर दी गई है। इम्तिहान में कुल 4872 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसको लेकर डीएम व एसपी ने अफसरों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई।

मंगलवार को कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी पुलिस भर्ती परीक्षा में लगाई गई है वह अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरीके से करें। पहली पाली की परीक्षा का समय सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। परीक्षा वाले दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट कोषागार के डबल लॉक से दोनों सत्र की परीक्षाएं शुरू होने से दो घंटे पहले तक केंद्र व्यवस्थापकों को पेपर उपलब्ध कराएंगे। डीएम ने कहा कि कार्यदायी संस्था गोपनीय परीक्षा संबंधी सामग्री कोषागार में जमा कराया जाएगा। परीक्षा से एक दिन पहले तक स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। नकल रोकने को उड़न दस्तों का गठन होगा।

एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि ड्यूटी में तैनात कर्मचारी सभी नियमों का पालन करें। परीक्षा केंद्र में ड्यूटी समय से पहले ही कर्मचारी व जिम्मेदार पहुंचें। सभी पुलिस कर्मियों के पास ड्यूटी कार्ड होना जरूरी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी विशेष नजर रखने को कहा गया। केंद्र के अंदर किसी को फोन ले जाने व करने की अनुमति नहीं है। इस मौके पर एडीएम आशीष सिंह, एएसपी संसार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी एके मिश्र, एसडीएम अविनाश गौतम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय आदि लोग मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद व अन्य।

### काला चश्मा और टोपी लगाने पर भी प्रतिबंध

डीएम ने कहा कि ई-रिक्शा वालों को परीक्षा केंद्रों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी दी जाए, जिससे अभ्यर्थियों को पहुंचने में दिक्कत न हो। समय पर बजने वाली घंटी ऐसे स्थान पर बजे जहां से सभी कक्षों में आवाज पहुंचे। अगर परीक्षार्थी बीमार हो जाते हैं तो इलाज की व्यवस्था की जाए। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को घड़ी, ईयरफोन, बैग, कागज, काला चश्मा, टोपी, खाने का सामान आदि ले जाने पर प्रतिबंध है।

### वित्तविहीन विद्यालयों पर भरोसा

पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र बनाने में वित्तविहीन विद्यालयों को वरीयता दी गई है। एक भी राजकीय कॉलेज केंद्र नहीं बना है। शासकीय सहायता प्राप्त दो इंटर कॉलेज ही हैं। खास बात यह है कि परीक्षा तिर्वा व कन्नौज के ही 10 केंद्रों पर होगी, इसमें तिर्वा के आठ केंद्र बने हैं। छिबरामऊ इलाके में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है।

### आरपीएफ को मिली सफलता

- कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कन्नौज।
- सोनी पारिया पब्लिक स्कूल कन्नौज।
- दीनानाथ जनता इंटर कॉलेज तिर्वा।
- किसान इंटर कॉलेज तिर्वा।
- महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा।
- महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा।
- एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा।
- एसपी महिला महाविद्यालय तिर्वा।
- सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय तिर्वा।
- एके रहमानियां इंटर कॉलेज किनौरा तिर्वा।

### मोचीपुर गांव में विराजे बगिया वाले हनुमान जी

**कन्नौज।** सदर तहसील क्षेत्र के मोचीपुर गांव में बुढ़वा मंगलवार के अवसर पर बगिया वाले हनुमान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मंत्रोच्चारण के साथ मोचीपुर से तेरामल्लू तक निकली शोभायात्रा में बजरंगबली के जयकारे लगते रहे। भक्तों ने जय श्रीराम के उद्घोष भी बुलंद किए। शोभायात्रा के बाद मंदिर में विधि विधान से बजरंगबली की स्थापना की गई। इसके बाद विशाल हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले भंडारे में आस्थावानों ने प्रसाद ग्रहण कर खुद को धन्य किया। शोभायात्रा में राजेंद्र मिश्र, रामू मिश्र, पंकज मिश्र, विमल मिश्र, धीरेंद्र मिश्र, राजेश मिश्र समेत हजारों की संख्या में भीड़ रही।

## व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** व्यापारियों ने जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी के उत्पीड़न से त्रस्त हो मोर्चा खोल दिया है। नगर के गेस्ट हाउस में भाजपा के सम्मेलन में आए राज्य मंत्री असीम अरुण एवं सांसद सुब्रत पाठक को ज्ञापन देकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारियों ने बताया कि जनपद कन्नौज में तैनात जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी (डीओ) उमेश प्रताप सिंह एवं डॉ. अनुज कुमार व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। सैंपल भरने के नाम पर कार्रवाई का भय दिखाकर वसूली कर रहे हैं। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा यहां का अधिकांश व्यापारी समाज भाजपा समर्थक है लेकिन भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न उसी का किया जा रहा है। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सैंपल भरने के नाम पर व्यापारियों से जमकर धन उगाही कर सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।

## सार-संक्षेप


परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सीसीए में सीआईएससीई की बोर्ड परीक्षाएं शुरू

**छिबरामऊ।** काउंसिल फार दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स नई दिल्ली के तहत सिटी चिल्ड्रेस एकेडमी में आईएससी की बोर्ड परीक्षायें आरम्भ हो गयी हैं। परीक्षा में विद्यालय के कुल 126 परिक्षार्थी भाग ले रहे हैं जिनमें 79 छात्र व 47 छात्रायें शामिल हैं। परीक्षा के प्रथम दिन विद्यालय प्रशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों का मुंह मीठा करा कर परीक्षा हाल में भेजा। प्रबन्धक प्रदीप प्रधान व प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने बच्चों को शुभकामनायें एवं आशीर्वाद दिये। केन्द्र व्यवस्थापक राम यादव ने बताया कि विद्यालय में चल रही बोर्ड परीक्षाओं का संचालन सुपरवाइजिंग एग्जामिनर माडर्न पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद के रजनीश भदौरिया व चीफ एग्जामिनर क्रिस्टु ज्योति अकादमी कन्नौज के केसी अब्राहम की देखरेख में संचालित किया जा रहा है।

### पात्रों तक पहुंचाएं सरकार की योजनाओं का लाभ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बागपत से स्थानांतरित होकर नगर पालिका आए नवागंतुक अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने मंगलवार को पटल सहायकों के साथ बैठक की। उन्होने पटल सहायकों को सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, मनोज कुमार तिवारी, जनार्दन मिश्रा, राजेश वर्मा, वीर सिंह, अशोक शर्मा, राजन वर्मा, गौरव मिश्रा, अशोक कुमार आदि कर्मी मौजूद रहे।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम पनगवां निवासी काजल का कहना है कि उसकी शादी दो वर्ष पहले मैनपुरी के थाना बेवर के ग्राम विनचड़ा निवासी रोहित उर्फ पिंटू से हुई थी। शादी के बाद पति रोहित, ससुर हरीबाबू, सास रामादेवी ने दहेज में बाइक व भैंस की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसके बाद उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसडीएम गए जांच करने, झोपड़ी में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भूमि विवाद की जांच को पहुंचे एसडीएम सदर की मौजूदगी में ईंटों से बनी झोपड़ी में आग लग गई। किसी तरह महिला को निकाला गया। राजस्व टीम के सामने झोपड़ी में आग लगने से हड़कंप मच गया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

बताया गया है कि कोतवाली गुरसहायगंज इलाके की ग्राम सभा अनौगी के मजरा अमृतापुरवा में भूमि विवाद चल रहा है। उसकी जांच के लिए एसडीएम सदर अविनाश गौतम मौके पर गए थे। तभी विवादित भूमि पर रखी विधवा की झोपड़ी में आग लग गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने राजस्व कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।

इस बारे में गांव के प्रदीप यादव का कहना है कि भूमि विवाद पर स्टे आर्डर है और मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। कागजात दिखाने के बाद भी अधिकारी उसकी बात नहीं मान रहे हैं और जबरन भूमि पर दूसरे पक्ष को कब्जा कराना चाहते हैं। बताया गया है कि झोपड़ी में उसकी विधवा बहन शांति देवी बच्चों के साथ रहती है। कुछ लोगों का दावा है कि महिला गलत तरीके से काबिज है और उसका मकान दूसरी जगह बना है।


महिला को जलती झोपड़ी से खींच कर बाहर निकलते लोग।

> किसी काम से अनौगी गया था। मौके पर देखा तो महिला झोपड़ी में थी। उससे बाहर आने को कहा तो टंगे कपड़े उतारने की बात कही और इसी बीच महिला ने ही आग लगाकर दबाव बनाने की कोशिश की। महिला दूसरे की जमीन पर गलत तरीके से काबित है। इससे अन्य लोग परेशान हैं। आग से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। हैंडपंप के पानी से आग बुझा दी गई।
>
> **अविनाश गौतम, एसडीएम सदर**

## महिला की चेन छीन फरार हुए लुटेरे

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला बनवारी नगर निवासी नीलम बाजपेई पत्नी रामकिशन बाजपेई ने बताया कि मंगलवार को वह बाजार गई थी। वहां से वापस आते समय मोहल्ले में पहुंचते ही लाल रंग की बाइक पर सवार दो लुटेरे आए और झपट्टा मार कर गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली। जब तक महिला मदद के लिए चिल्लाई, तब तक बाइक सवार लुटेरे गोविंद गेस्ट हाउस की पीछे वाली गली से भाग गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# मुंशी की परीक्षा में 45 फीसदी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले के 11 केंद्रों पर शुरू हो गईं मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं
- दोनों पालियों में पंजीकृत हैं 3444 परीक्षार्थी, शाम को 88 फीसदी शामिल

**अमृत विचार।** जिले के 11 केंद्रों पर मंगलवार से मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं दो पालियों में शुरू हो गईं। पहली पाली में करीब 45 फीसदी तो दूसरी में 12 फीसदी परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि 21 फरवरी तक चलने वाली मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में 3444 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सुबह पहली पाली में सेकेंड्री यानि मुंशी-मौलवी की परीक्षाओं में कुल पंजीकृत 2317 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1277 ने ही परीक्षा दी। अनुपस्थित छात्र संख्या 1040 है। उन्होंने बताया कि कुल हाजिरी प्रतिशत 55.11 और 44.89 फीसदी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री, कामिल व फाजिल की परीक्षाएं हुईं। पंजीकृत 1107 छात्र-छात्राओं में 977 उपस्थित रहे। 130 अनुपस्थित रहे। 88.25 फीसदी उपस्थित और 11.74 फीसदी अनुपस्थित रहे।

### केके इंटर कॉलेज में निगरानी में रखे गए प्रश्न पत्र

यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से नौ मार्च तक होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र आ गए हैं। 12 व 13 फरवरी को दो दिनों तक पेपर आए हैं। पेपरों को केके इंटर कॉलेज में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। कुछ दिनों बाद इनको जिले के 100 परीक्षा केंद्रों पर धीरे-धीरे कड़ी सुरक्षा के बीच भेजा जाएगा।

**मौसम** आसमान में छाए रहे बादल, मौसम विभाग ने जारी किया दो दिन का अलर्ट

# बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उत्तर-मध्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ पानी व ओले गिरने की संभावना

**अमृत विचार।** हवा की दिशा बदलते ही पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है और जिले में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग ने भी दो दिन का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और तेज गति से हवा वली। इसे भी चक्रवाती हवा व पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव माना जा रहा है। किसानों को दो दिन तक गेहूं की फसल में सिंचाई न करने की एडवाइजरी जारी की गई है।

मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे और सात किमी प्रतिघंटा के वेग से हवा चल रही थी। सुबह हवा की दिशा उत्तर-पूर्वी थी, लेकिन दोपहर होते ही हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई। हालांकि बीच में कुछ देर के लिए धूप निकली, लेकिन हवा के प्रभाव से थोड़ी ही देर में बादल घिर आए। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ 9 फरवरी से सक्रिय है। हवा की दिशा में परिवर्तन के कारण बारिश की संभावना प्रबल हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 14 और 15 फरवरी को विक्षोभ का असर मध्य उत्तर प्रदेश में दिखाई देगा और बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान गिरने की संभावना बढ़ गई है। वहीं, हवा की गति सात किमी प्रतिघंटा होने से हल्का शीतलहर का प्रकोप भी रहा।


खेत में खड़ी गेहूं की फसल,



मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया अलर्ट मैप। अमृत विचार

### गेहूं को फायदा लेकिन अन्य फसलों में नुकसान

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण बेमौसम बारिश से गेहूं को फायदा होगा, जबकि सरसों समेत अन्य फसलों में नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। किसानों को सलाह दी जाती है कि वह अभी रबी की फसलों में सिंचाई का काम दो दिन के लिए स्थगित करें।

# आओ-आओ सुहागिन नारि कलश ...

- अखिल विश्व गायत्री परिवार ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर गायत्री परिवार के साधकों ने भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया। इससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और लोगों ने पुष्पवर्षा की।

श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर स्थित गायत्री यज्ञशाला में भारी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं। पहले हवन-पूजन किया गया बाद में आचार्य शिवानंद द्विवेदी ने वैदिक मंत्रों के साथ कलशों का पूजन करवाया। इसके बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं अनन्या त्रिपाठी ने सरस्वती माता, स्नेहा यादव ने गायत्री माता व दिव्या ने भारत माता के रूप में कलश यात्रा में भाग लिया। विद्यालय के बच्चे 'हम सुधरेंगे युग सुधरेगा,... 'हम बदलेंगे युग बदलेगा'... 'अपना-अपना करो सुधार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार'... 'हम सब ने यह ठाना है धरती को स्वर्ग बनाना है'... 'नशा-नाश की जड़ है भाई इससे दूर रहो सब भाई'... आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। आचार्य शिवानंद दुबे ने आओ आओ सुहागिन नारि कलश सिर धारण करो... गीत गाकर समां बांध दिया। यात्रा के आगे पीछे पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ चल रहा था। गायत्री परिवार की महिलाएं पीले वस्त्रों में सिर पर कलश रखकर बसंती छटा बिखेर रही थीं। नगर के अंदर पुष्प वर्षा करके जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा विशुनगढ़ रोड से मुख्य बाजार होते हुए मां कालका देवी मंदिर पर समाप्त हुई जहां भाजपा नेता वेद प्रकाश राठौर व विक्कू तिवारी ने प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर हीरा दीक्षित, मंजू दुबे, कल्पना, राधा देवी, निधि, ब्रह्मानंद दुबे, मुकेश दुबे, राकेश दुबे महेश चंद्र वर्मा, राहुल दुबे, रामचंद्र दुबे, शिखर दुबे, प्रखर दुबे, प्रवीण तिवारी, योगेश पांडेय व अंबर दुबे सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक यात्रा में सम्मिलित हुए।


कलश यात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

## कल रद रहेगी कानपुर फर्रुखाबाद पैसेंजर

**कन्नौज।** गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य तथा सिग्नल प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए 15 फरवरी को ट्रेनों का आवागमन प्रभावित रहेगा। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05344 फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज विशेष गाड़ी को निरस्त कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 15037 कानपुर-अनवरगंज-कासगंज एक्स. को शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा और यह गाड़ी कानपुर-अनवरगंज से फर्रुखाबाद के बीच निरस्त रहेगी। इसे केवल कासगंज से फर्रुखाबाद जंक्शन के बीच चलाया जाएगा। इसी प्रकार 15038 कासगंज-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस गाड़ी खुदागंज रेलवे स्टेशन पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह केवल एक दिन का ब्लॉक है, अगले दिन 16 फरवरी को सभी ट्रेनों को पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलाया जाएगा।

## एक नजर

### जहर खाने वाली युवती की उपचार के दौरान मौत

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर क्षेत्र की युवती की मंगलवार को उपचार के दौरान डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। युवती को जहरीला पदार्थ खा लेने पर रविवार को भर्ती कराया गया था। थाना क्षेत्र के गांव आजादनगर चाचूपुर के रहने वाले लालमन की पुत्री आरुषि(18) ने रविवार को चूहे मार दवा खा ली थी।गम्भीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने कादरी गेट पुलिस को सूचना भेज दी है।

### कार की टक्कर से पिता-पुत्री घायल, हालत गंभीर

कायमगंज-फर्रुखाबाद। बरझाला के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता, पुत्री गंभीर घयल हो गए। दोनो को सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कार को ग्रामीणों ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस को सूचना दी गई है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव किसरौली निवासी आलोक गंगवार अपनी पुत्री दिव्या गंगवार के साथ स्कूटी से कायमगंज आ रहे थे। जब वह कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बरझाला गांव के पास पहुंचे। तभी कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें पिता, पुत्री गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना देख आसपास के ग्रामीण दौड़े और कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस को सूचना दी। घायल पिता, पुत्री को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनो को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसी तरह कायमगंज नगर के मोहल्ला टिलिया निवासी रजनेश मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उनका इलाज किया गया।

# मेला देखने आए युवक-युवतियों को समुदाय विशेष के लोगों ने पीटा

## पुलिस ने दो को हिरासत में लिया, अन्य की तलाश जारी, संतों में आक्रोश व्याप्त


अस्पताल में भर्ती घायल युवती। अमृत विचार


घटना की जानकारी देते संत बटेश्वरदास। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में सोमवार को देर रात मेला देखने आए युवक युवतियों की समुदाय विशेष के लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इससे युवक-युवतियों की हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने घायलों का डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया है। पुलिस ने मारपीट करने वाले समुदाय विशेष के दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। अन्य की तलाश जारी है। कल्पवास करने आए संतों में घटना को लेकर आक्रोश है। माहौल बिगड़ने से बचाने के लिए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है।

**मेला रामनगरिया में सतर्कता बढ़ी**

गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में संतों का आक्रोश देख सतर्कता बढ़ा दी गई है। कल्पवास क्षेत्र में पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। मेला प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि मेले में अशांति फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून से खेलने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।

मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे संत बटेश्वर दास ने बताया कि बीच सड़क पर विशेष समुदाय के लोग चारपाई डाले बैठे थे। इसका थाना जहानगंज के गांव मुरहास के रहने वाले गौतम ने विरोध किया तो उन लोगों ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। अपने साथी को पिटता देख कुमारी अंजली व कुमारी रानी ने इसका विरोध किया तो हमलावरों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। युवतियों को पिटता देख संत बटेश्वर दास मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि वह अगर मौके पर न पहुंचते तो हमलावर इन तीनों को जान से मार डालते। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो हमलावरों को हिरासत में ले लिया है। मेला रामनगरिया प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि हमलावर सोता बहादुरपुर के रहने वाले थे, जिनकी तलाश की जा रही। उधर महात्मा बटेश्वर दास में बताया कि मेला क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोगों के मारपीट करने को लेकर संतों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस हिरासत में सकरुद्दीन पुत्र शाकिर निवासी सोता बहादुरपुर थाना कादरी गेट व शमीन पुत्र यूसुफ निवासी मनिहारी सदर कोतवाली ने बताया कि मेला में वह लोग चूड़ी की दुकान लगाए हुए हैं। सोमवार की रात उनके परिजन भी मेला देखने पहुंच गए। वह सभी चारपाई पर बैठे हुए थे। यह लोग भी चारपाई पर बैठ गए। मना किया तो गालीगलौज करने लगे। इसी बात पर झगड़ा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस मेला रामनगरिया से कादरी गेट थाने ले आई है। कादरीगेट थाना प्रभारी विनोदकुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## रोजगार मेले में 109 युवाओं को मिली नौकरी

फर्रुखाबाद। आईटीआई की ओर से लगाए गए रोजगार मेला में 109 युवाओं को जॉब लेटर बांटे गए। नौकरी पाकर उनके चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी।

मंगलवार को विकास खंड कायमगंज क्षेत्र स्थित गायत्री परिवार शिवाला भवन गंगा दरवाजा में रोजगार मेला का आयोजन हुआ। मेले में विभिन्न कंपनियों के कोआर्डिनेटरों ने स्टॉल लगाए। युवाओं ने स्टॉल पर पहुंचकर पंजीकरण कराया। गहनता के साथ इनके शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इसके बाद साक्षात्कार हुआ। साक्षात्कार के दौरान कई अभ्यर्थियों को गलत जवाब देने पर बाहर कर दिया गया। पंजीकृत 178 में 109 को ही रोजगार के लिए चुना गया। विशिष्ट अतिथि कायमगंज चेयरमैन डॉ. शरद गंगवार ने करीब आधा दर्जन से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे।

उन्होंने कहा कि नौकरी को पूरी ईमानदारी के साथ करें। जब आप कार्य ईमानदारी से करेंगे तो भविष्य में काफी आगे बढ़ेंगे। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि रिक्त 1200 पदों के सापेक्ष 178 ने पंजीकरण कराया था, जिनमें 109 को जॉब लेटर दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस अवसर पर कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह व राजकिशोर महतो आदि मौजूद रहे।


जली हुई झोपड़ी। अमृत विचार

# झोपड़ी में लगी आग से जली गृहस्थी, मवेशी भी झुलसे

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मंसूरनगर गांव में गरीब की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग से लाखों की गृहस्थी खाक हो गई। आग से 20 हजार की नकदी भी जली है। वही कई मवेशी भी झुलस गए हैं, जिसमें एक मवेशी की हालत गंभीर है।

सोमवार की देर रात क्षेत्र के गांव मंसूरनगर निवासी बालिस्टर के घर की महिलाए पड़ोस स्थित गांव में बज रही ढोलक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। बालिस्टर भी घर पर नहीं थे। घर पर बच्चे ही सो रहे थे। रात करीब 11 बजे अचानक बालिस्टर के घर आग लग गई। झोपड़ी से धुआ उठता देख आसपास के लोगो ने बालिस्टर के परिवार को जानकारी दी , जिस पर सभी मौके दौड़े। इसी बीच आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से बच्चो को बाहर निकाला और ट्राली इंजन चलाकर पानी डाला। कोई मिट्टी तो कोई बालू लेकर दौड़ा। जब तक ग्रामीण आग बुझा पाते तब तक बालिस्टर का सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। गृहस्वामी ने बताया कि आग से 20 हजार रुपए नकद, कपड़े, गृहस्थी का सारा सामान के अलावा एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी पेंडल, करधनी, तोड़िया, बच्चों के खड्डुए आदि सामान जलकर नष्ट हो गए। मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। कुछ मवेशी भी झुलस गए हैं।

**बिलख पड़ी गृहस्वामी की पत्नी बोली सब कुछ हो गया तबाह**

कायमगंज फर्रुखाबाद। मंसूरनगर के बालिस्टर की पत्नी नुकसान पर बिलख कर रो रही थी। उसका कहना था एक तो उसका झोपड़ीनुमा घर है। कई बार आवास के लिए कहा लेकिन उसकी कोई नहीं सुनता है। न जाने कैसे आग लग गई। उसके घर में कुछ बन भी नहीं रहा था। उसकी बसी बसाई गृहस्थी तबाह हो गई। वह अपना व परिवार का जीवन यापन कैसे करेगी।

# महिला अभ्यर्थियों को जेवर पुरुषों को घड़ी पहनने पर रोक


समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण। अमृत विचार

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में परीक्षा, एक पाली में 17,640 परीक्षार्थी

अमृत विचार। कलेक्ट्रट सभागार फतेहगढ़ में 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में होने बाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी बैठक डीएम व एसपी की मौजूदगी में हुई। बैठक में महिला अभ्यर्थियों को आभूषण व पुरुषों को घड़ी पहनकर आने पर रोक लगा दी गई है।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने निर्देशित किया कि परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये। परीक्षा कराने में कोई परेशानी होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। सभी केंद्रों पर समुचित पुलिस व्यवस्था कर ली जाये। सभी परीक्षार्थियों की समुचित चेकिंग करा ली जाये। महिला अभ्यर्थी कोई भी आभूषण पहन कर परीक्षा केंद्र पर न आये। कोई भी अभ्यर्थी घड़ी पहन कर न आये। सभी परीक्षा केंद्रों पर क्लॉक रूम बना लिए जाये। प्रश्नपत्र खोलने की वीडियोग्राफी कराई जाये। कार्यदायी संस्थाएं यह सुनिश्चित कर ले कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चल रहे हों। खराब या कम हों तो सुधरवा लिये जाएं या लगवा लिये जाएं। सभी कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र बने हों। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र में मोबाइल लेकर नहीं जायेगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश न दिया जाये। केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित कर ले कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक व मेकेनिकल गैजेट परीक्षा केंद्र में न पहुंचे। एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि वो ये सुनिश्चित कर ले कि कोई भी बस टेम्पो ऑटो अवैध वसूली न होने पाए। एआरएम को बसें रिजर्व में रखने के लिए निर्देशित किया गया। जिले में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गये। हर पाली में 17,640 परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का स्काउट-गाइड ने लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


समापन अवसर पर मौजूद स्काउट-गाइड। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में स्काउट-गाइड एवं एडवांस कोर्स का परीक्षण का समापन हुआ। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ एक सीख ले कर गए कि हम सभी लोग अनुशासित रहकर छात्रों को स्काउट जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। उन्होंने स्काउट के भावों को आगे ले जाकर राष्ट्र का नवनिर्माण करने का संकल्प लिया।

समापन के अवसर पर मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया और बताया कि स्काउट के माध्यम से राष्ट्र भावना एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना विकसित होती है। प्रादेशिक सहायक संगठन कमिश्नर प्रज्ञा सिंह द्वारा अगले 5 वर्ष के लिए अधिकार पत्र दिया। मुख्य आयुक्त ने यह आश्वासन दिया कि जनपद में प्रशिक्षण देने वाले अनेकों शिक्षक तैयार करेंगे जो एडवांस एव कुशल नेतृत्व क्षमता वाले शिक्षक तैयार होंगे जो विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड को लगन के साथ बाटेंगे। मुख्य आयुक्त ने प्रशिक्षकों को सम्मानित किया।

## कर्मियों को परोसा खराब पनीर, हंगामा

फर्रुखाबाद। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों को भोजन दिया गया। खराब पनीर देख स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भोजन फेंकते हुए हंगामा किया।

एनएचएम के तहत मंगलवार को सीएमओ सभागार में स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर को लंच के दौरान उन्हें लंच पैकेट दिए। लंच पैकेट में खराब पनीर निकलने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भोजन फेंक दिया। कुछ कर्मचारियों ने सूखी सब्जी के साथ पूड़ी खाई। आरोप लगाया कि ठेकेदार ने घटिया भोजन दिया, जबकि लंच के लिए अच्छा भुगतान किया गया। पनीर की सब्जी में दुर्गंध आ रही थी।

## योजनाओं में बैंकों के रवैये से डीएम नाराज

फर्रुखाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डॉ वी के सिंहकी अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं में बैंको की भागीदारी की कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने बैंकर्स को चेतावनी दी यदि योजनाओं में प्रगति न हुई तो बैंकर्स के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। यूको बैंक के प्रतिनिधि के बैठक में न आने पर स्पष्टीकरण लेने के एलडीएम को निर्देश दिये। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकों से लिखित में जबाब मांगें।

# बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र जीआईसी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- डीआईओएस की देखरेख में कंटेनर से उतारे गए बंडल

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 (यूपी बोर्ड) की परीक्षा के प्रश्नपत्र राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मंगलवार को पहुंच गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में मुख्यगेट के बाहर से ही प्रश्नपत्र के बंडल उतारे गए। जिसकी बजह यह रही कि बैक करते समय कंटेनर फंस गया।

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जीआईसी फतेहगढ़ को कंट्रोल रूम बनाया गया है। मंगलवार सुबह करीब दस बजे कंटेनर से (ट्रक) प्रश्नपत्र जीआईसी लाए गए। बैक करते समय कंटेनर का पिछला हिस्सा कॉलेज के मुख्यगेट पर फंस गया। चालक ने निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन नहीं निकल सका। सायं करीब चार बजे काफी मशक्कत के बाद कंटेनर का पिछला हिस्सा निकल सका।

जानकारी मिलने पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए। कंटेनर को कॉलेज के अंदर न ले जाकर बाहर ही खड़ा करवा दिया गया। इसके बाद कंटेनर से प्रश्न पत्र के बंडल उतारकर स्ट्रांग रूम में रखवाए गए। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रश्नपत्रों को लेकर जो कंटेनर आया था, वह पूरी तरह सील्ड था। बड़ा होने के चलते वह जीआईसी के मुख्य गेट पर फंस गया।

उनकी व प्रधानाचार्य एपी सिंह की देखरेख में कंटेनर की सील्ड तुड़वाकर मिलान किया गया। इसके बाद कंटेनर से प्रश्नपत्र के बंडल उतरवाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में रखवा दिए गए। उन्होंने बताया कि लगभग 350 से ज्यादा प्रश्न पत्र के बंडल आए हैं। गौरतलब है कि जनपद के 79 परीक्षा केंद्रों पर 22 फरवरी से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होनी है।

## सार-संक्षेप


मौजूद अधिकारी व पुलिस। अमृत विचार

### राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

फर्रुखाबाद। लोकतंत्र सेनानी दरबारी लाल दुबे का मंगलवार को निधन हो गया। राजकीय सम्मान के साथ सेनानी का अंतिम संस्कार पांचाल घाट गंगा तट पर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खतराना के रहने वाले दरबारी लाल दुबे पुत्र पुत्तुलाल दुबे आपात काल मे लोक तंत्र की रक्षा करते हुएजेल गए थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे।आज उनका निधन हो गया। सेनानी के निधन की खबर पर शोक की लहर दौड़ गई। नायब तहसीलदार सदर शनि कन्नौजिया, शहर कोतवाल भोलेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्र शेखर कटियार ने पुलिस बल के साथ पहुंच सलामी दी। ज्येष्ठ पुत्र मोनू दुबे ने मुखाग्नि दी। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) की ओर से मंगलवार को विकास भवन सभागार में शक्ति वंदन महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सांसद व जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। मौजूदा समय में डूडा की ओर से लगभग तीन सैकड़ा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह चल रहे हैं। महिलाएं समूह से जुड़कर घर बैठे रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इसके लिए सरकार ने उन्हें कम ब्याज दर पर ऋण भी मुहैया करा रखा है। कोई सिलाई-कढ़ाई, पापड़, टैडीवीयर तो कोई अचार व ब्यूटी पार्लर आदि का कार्य कर घर बैठे रोजगार प्राप्त कर रहा है। यह लोग घर के पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। इन महिलाओं का हौसला बढ़ाए जाने के लिए डूडा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की 50 महिलाओं को शाल उढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी परियोजना अधिकारी व एसडीएम गजराज सिंह और सीएलटीसी मेघा गुप्ता व जगवीर आदि मौजूद रहे।

### महिला ने पीया जहरीला पदार्थ

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल निवासी माला ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### बच्चों के पहले शिक्षक माता-पिता

राजेपुर फर्रुखाबाद। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। बच्चों को पहली पाठसाला घर और पहले गुरु माता-पिता को बताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों व छात्राओं को निपुण भारत, शारदा कायाकल्प कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधान अध्यापक महेश सिंह राठौर ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को बताया कि पहले शिक्षक मां-बाप ही बच्चों के होते हैं। उनका सहयोग बच्चों की पढ़ाई से लेकर शिष्टाचार, सामाजिक ज्ञान माता-पिता से प्राप्त होता है। इसलिए बच्चे व उनके माता-पिता सदैव अपने बच्चों से प्रभावी ढंग से संवाद के साथ शिक्षकों से संवाद बनाए रखें। इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ेगा। इसके साथ ही वृक्षारोपण, जल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम समापन के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया । संचालन की जिम्मेदारी धीरेन्द सिंह ने संभाली। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थित रही। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

### संस्कारों के अर्थ व महत्व पर डाला प्रकाश

फर्रुखाबाद। मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में मंगलवार को प्रतिदिन की भांति प्रात: यज्ञ किया गया। कल्पवासियों ने आहुतियां प्रदान कर सुख संमृद्धि की कामना की। मध्याह्न की सभा में आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि मनुष्यों के कल्याण के लिए ऋषियों ने 16 संस्कारों की व्यवस्था की। संस्कार का मतलब निर्माण करना है। जिन बालकों के सारे संस्कार विधिवत होते हैं उनका जीवन अपने लिए व समाज के लिए उपयोगी होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती संस्कार विधि नामक पुस्तक लिखकर सभी संस्कारों के विषय मे विस्तार से बताया है। हमारे परिवारों में यह पुस्तक अवश्य होनी चाहिए। शिविर के संयोजक डॉ शिवराम सिंह आर्य ने कहा आज स्वमी दयानन्द की कृपा से हम संस्कारों को पुन: जान पाए वरना मध्यकाल में गिने-चुने संस्कार ही समाज के प्रचलन में बचे थे। हमें घरों में सभी संस्कार कराने चाहिए। इस अवसर पर अनिल दत्त नादान, निशा आर्या व उदिता आर्या आदि विशेष रूप से मौजूद रहीं।

**तैयारियां पूरी** — आज पतंगबाजी के शौकीनों के लिए खास दिन

# बसंत के स्वागत के लिए सजी पतंगों की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शहर में बसंत पंचमी पर पतंगबाजी का वर्षों पुराना रिवाज है। पतंगबाजी के शौकीनों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। पतंगसाजों के अलावा त्यौहारी सीजन के दुकानदारों ने भी दुकानें पतंगों और मंझों से सजा ली हैं। बसंत पंचमी को शहर में लाखों के पेंच लड़ाए जाने का अनुमान है।

इस बार बसंत ओर वेलेंटाइन डे दोनों एक ही दिन है। इसके चलते वेलेंटाइन डे की पतंगे भी बाजार में उपलब्ध है ।

बसंत पंचमी को लेकर युवाओं और बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरे दिन वो काटा-वो काटा का शोर गूंजता है। बसंत पंचमी को लेकर पक्कापुल, पालरिया, रेलवे रोड, सिल्वर साइन गली, नितगंजा, बूरा वाली गली, इस्माइलगंज सानी, रेलवे रोड, घुमना, त्रिपोलिया चौक और बीबीगंज आदि मोहल्लों में पतंगों की दुकानें सज गई हैं।

बसंत पंचमी को लेकर लोगों की भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक पतंग की दुकानों पर लगी हुई है। पालरिया में पतंग की दुकान रखे हेमंत कहते हैं कि अगर मौसम ने साथ दिया तो लाखों की पतंगबाजी होने का अनुमान है।


पतंगों से सजी दुकान। अमृत विचार

**तीन से 500 रुपये तक की पतंग**

फर्रुखाबाद। पतंगबाजी का सीजन साल भर का नहीं है। बसंत पंचमी के एक माह पहले शहर में पतंगबाजी का सीजन शुरू होता है। यह बसंत पंचमी तक चरम पर पहुंच जाता है। हेमंत ने बताया पतंग का बाजार काफी अच्छा चल रहा है। सबसे ज्यादा डिमांड बड़ी पतंग की आई। 3 से 5 फीट तक की पतंग उन्होंने ऑर्डर पर बनाई है। इनके पास 3 से लेकर 500 रुपये तक की पतंग उपलब्ध है। बसंत पंचमी पर अच्छी कमाई हो जाती है। दिल्ली, शाहजहांपुर, कानपुर, मैनपुरी आदि जिलों से भी पतंगों के आर्डर मिलते रहते हैं, जिससे घर खर्च चलता रहता है। हेमंत का कहना है कि पतंगबाजी पर महंगाई की मार है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल पतंग और मांझा में करीब 10 से 15 प्रतिशत की महंगाई आई है।

# बालिका से दुष्कर्म में आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- सात साल पहले हुई थी घटना न्यायालय ने 50 हजार जुर्माना भी ठोंका

अमृत विचार। बालिका से दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना भरने के आदेश दिए। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक की पुत्री व पुत्र वर्ष 2017 में मंदिर प्रसाद चढ़ाने गए थे। कुछ देर बाद पुत्र तो आ गया, लेकिन तीन वर्षीय पुत्री घर नहीं लौटी। काफी देर तक पुत्री वापस नहीं आई तो स्वजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान पुत्री स्कूल के पीछे खून से लथपथ हालत में पड़ी मिली। स्वजनों को पुत्री ने बताया बड़े लाल उर्फ अनूप ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने युवक की तहरीर पर बड़ेलाल उर्फ अनूप के खिलाफ बालिका से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सुमित प्रेमी ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर आरोपी बड़ेलाल उर्फ अनूप को दोषी करार देकर उम्रकैद की सजा सुनाई।

सेवितव्यो महावृक्ष: फ़लच्छाया समन्वित:।
यदि देवाद फलं नास्ति,छाया केन निवार्यते।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

## संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164 .6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

## प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है ।

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है ।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं । यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामतों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

## सोशल फोरम

# मंझलों के दुख



संजय वर्मा
इंदौर

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दु:शासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

# परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस न पहुंचे : डीएम

## परीक्षार्थियों की सुविधा को परीक्षा केन्द्रों के आसपास लगाये जायेंगे साइनबोर्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसे लेकर डीएम अवनीश राय ने जरूरी निर्देश दिए। जिले में 17 व 18 फरवरी को यह परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों की स्थिति गूगल पर शेयर कर दी जाए।

डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व उप जिलाधिकारी से कहा कि जनपद में अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों के आने-जाने से भीड़ होगी। ऐसे में रैन बसेरों की साफ सफाई अवश्य करा दी जाए, ताकि अभ्यर्थियों के अभिभावक वहां पर आराम से रह सकें। रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा शहर के प्रमुख चौराहों पर चस्पा कर दी जाए जिससे उन्हें रैन बसेरे तक पहुंचने में आसानी हो। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि केंद्रों के आसपास साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए जिससे परीक्षार्थी को केंद्र ढूंढने में आसानी हो सके। डीएम ने कहा कि जिले में कुल 30 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं जिसमें लगभग 64 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा 17 ,18 फरवरी को आयोजित की जाएगी जिसमे प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायी जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लें जिससे कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि परीक्षा शुरू होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके उनके मोबाइल नंबर अवश्य ले लें जिससे परेशानी का सामना न करना पड़े।


बैठक में भाग लेते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

### यह होगा परीक्षा का समय

**प्रथम पाली :** सुबह 10.00 बजे से 12 बजे तक

**द्वितीय पाली :** 3.00 बजे से 5:00 बजे तक

### चौराहों पर बनेंगे पूछताछ केन्द्र

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र अवश्य बना दिए जाएं जिससे अभ्यर्थियों को एग्जाम सेंटर तक पहुंचने में कोई भी समस्या ना हो। सभी सेंटरों पर दो महिला सिपाही व दो पुरुष सिपाही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना चाहिए। जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए।

### मास्टर कंट्रोल रूम बनेगा

इटावा। एसएसपी ने बताया कि पुलिस लाइन में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिससे कोई भी समस्या आने पर संबंधित को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के समय कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी एवं लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## लोकसभा चुनाव में 158 सेक्टर और पुलिस मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक

इटावा। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल और निर्विघ्न संपन कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समस्त एसडीएम व सीओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 158 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 158 पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए है। जिसमे जसवंतनगर विधानसभा में 54, इटावा विस में 47 व भरथना विस में 57 सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि इस बैठक का मुख्य अभिप्राय जनपद के मतदान केंद्रों को वर्गीकृत करने के कारणों की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि यदि कोई बूथ क्रिटिकल घोषित किया जाता है तो उस बूथ से संबंधित जानकारी एकत्रित करते हुए संबंधित मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित करते हुए विस्तृत जानकारी कारण सहित सात दिन के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक अपने अपने क्षेत्रों भ्रमण अवश्य करें। भ्रमण के समय पूर्व में घटित घटनाओं की जानकारी अवश्य करे और उस घटना के कारण व निराकरण पर भी ध्यान दें।

अपर पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष ये सुनिश्चित करें कि जब भी सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण के लिए थाने पर पहुंचे तो उन्हें पर्याप्त पुलिस फोर्स उपलब्ध कराएं। पुलिस अधिकारी ये भी सुनिश्चित करे कि 116 की कार्यवाही करते समय विशेष सतर्कता बरतें और तेजी लाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों पर विशेष नज़र रखें।

## सार-संक्षेप


बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी।

### सीसीटीवी की निगरानी में हो रही मदरसा बोर्ड की परीक्षा

इटावा। मदरसा शिक्षा परिषद से संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल एवं फाजिल परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। जिले के 5 मदरसों में कुल 229 परीक्षार्थी पंजीकृत है। दो पालियों में परीक्षाएं कराई जा रही हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षा के साथ परीक्षा शुरू हुई। शहर के मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा शहाब खां को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षाओं में जिले के 5 मदरसों से कुल 229 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा साहब खान के प्रधानाचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापक मौलाना एमएम तारिक शम्सी ने बताया कि उक्त परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 11 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं। मदरसा बोर्ड द्वारा केंद्रीयकृत सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही हैं। रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड के निर्देशन में इन्दिरा भवन लखनऊ में केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां से वेब-कास्टिंग के माध्यम से प्रदेश के 73 जिलों में 509 परीक्षा केंद्र की निगरानी की जा रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निरीक्षक ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।



मिस्टर और मिस फेयरवेल के साथ प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा। अमृत विचार

### आयुश मिस्टर व अवनी मिस फेयरवेल चुनी गईं

इटावा। नारायन कालेज ऑफ साइंस एंड आर्टस इटावा में कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के साथ विदाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि समय के साथ अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों के साथ बहुत कुछ सीखा। मुझे पूरा विश्वास है कि आप जीवन में अनुशासित रहेंगे। ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे जिससे राष्ट्र, समाज, गुरु और आपके माता-पिता अपमानित हों। डायरेक्टर डॉ श्रेता तिवारी ने कहा कि अच्छे विद्यार्थियों का निर्माण एक अच्छे शिक्षक की उपस्थिति में ही हो सकता है। यह शिक्षक की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने छात्र को सही रास्ते पर लायें। यह छात्र की भी जिम्मेदारी होती है कि वह अपने शिक्षक की बतायी बातों का पालन करे। हमारे विद्यार्थी बहुत ही अनुशासित, अच्छे संस्कारों वाले, समय के पाबंद और जिम्मेदार हैं। कक्षा 12 के छात्र/छात्राओं को विभिन्न गेम्स में प्रतिभाग करवाया। जिसमें 'इसकी टोपी उसके सर एवं 'पासिंग दॉ पार्सल यू एण्ड मी' में छात्र/छात्राओं ने उत्साह दिखाया। कक्षा 12 के छात्र/छात्राओं ने रैंप वॉक किया। अवनी सचान मिस फेयरवेल व आयुश यादव मिस्टर फेयरवेल चुने गये। कार्यक्रम का संचालन ध्रुविका शर्मा एवं शिवांशु पारासर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अक्षय, प्रिंस, वंश, अनुराग, पियुश, विश्नु एवं छात्रा निष्ठा, श्वेत, मुस्कान, गौरी, अनुश्का का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका सीमा मिश्रा एवं स्कूल कोर्डिनेटर उरूसा रिजवान का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भजन संध्या आज

इटावा। बुधवार को छिपैटी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर भव्य श्रृंगार के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार की शाम को पांच बजे से होगा। यह जानकारी राजेश कुमार ने देते हुए श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### चोरी का मामला दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम हरकूपुर के रहने वाले पत्रकार मेघ सिंह वर्मा के खाली प्लाट से कृषि यंत्र कल्टीवेटर चोरी हो गया। पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

### शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए समय सारिणी निर्गत

इटावा। शैक्षिक सत्र 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए समय-सारिणी निर्गत की जा चुकी है। संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, विद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित किया जाना व ऑनलाइन आवेदन में की गई त्रुटियों को 12 फरवरी से 15 फरवरी तक सही किया जाएगा। छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र द्वारा सही किये गये डाटा को अभिलेखों के अनुसार परीक्षण कर 17 फरवरी तक पुनः अग्रसारित करना होगा। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार शशि ने दी।

### एकलव्य के जेईई मेंस में 99.75 परसेंटाइल

इटावा। छात्र एकलव्य प्रताप सिंह तोमर ने जेईई मेंस में 99 .75 परसेंटाइल के साथ एनआईटी, और आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए क्वालीफाई किया। अब वह मई में होने वाली जेईई एडवांस परीक्षा के लिए तैयारी में जुटा है। कक्षा 10 में केंद्रीय विद्यालय टॉप करने वाले एकलव्य प्रताप सिंह तोमर राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज भी हैं, जो विद्यालय के लिए नेशनल में पदक विजेता भी रहे हैं। एकलव्य के पिता राहुल तोमर शूटिंग कोच तथा कोचिंग संचालक हैं। उसकी माता श्वेता सरकारी शिक्षक हैं। एकलव्य ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पितातथा गुरुजनों को दिया।

## चार छात्रों को मिला इंस्पायर मानक अवार्ड

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवाचार आधारित इंस्पायर मानक योजना में हिंदू विद्यालय जसवंतनगर के चार बच्चों नेहा, जितेंद्र, अंकित, प्रशांत का चयन किया है। नेहा ने मल्टी पर्पस बैसाखी, जितेंद्र ने गड्ढा खोदने की जुगाड़ मशीन, अंकित ने जंगली जानवरों से फसलों के बचाव की तकनीकी तथा प्रशांत ने नल से जल निकालने की विशेष तकनीकी पर आधारित अपने वैज्ञानिक विचारों को मंत्रालय को भेजा था। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में चारों बच्चों के वैज्ञानिक विचारों को भौतिक रूप में मॉडल में परिवर्तित करने के लिए भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक बच्चे को 10,000 का पुरस्कार दिया गया है। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि इस योजना में मजदूर, कारीगरों किसानों इत्यादि की रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने वाले वैज्ञानिक विचारों को वरीयता दी जाती है। चयनित बच्चे बीते जुलाई से अपने टॉपिक पर लगातार अध्ययन कर नई-नई चीजों को खोज रहे थे। बच्चों के चयन पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव समेत समस्त स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी हैं।


अध्यापकों के साथ मौजूद चयनित छात्र। अमृत विचार

## पंचायत भवन में काम नहीं कर रहे कर्मी

बकेवर, इटावा। विकासखंड महेवा के ग्राम पंचायत इंद्रावखी पंचायत भवन बनकर तैयार हो चुका है। प्रधान, पंचायत सहायक और ग्राम विकास अधिकारी पंचायत भवन में कोई भी काम नहीं कर रहे हैं इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। पंचायत सचिव का कहना है कि समय आने पर भवन को खोला जाएगा। वही पंचायत की खुली बैठक करीब एक वर्ष से नहीं हुई है। ना ही किसी पंचायत सदस्य को किसी कार्य सूची की सूचना दी जाती है।

## जनता मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने को है तैयार

संवाददाता बकेवर, इटावा

- विधानसभा मिलन सम्मेलन में सांसद डॉ. रामशंकर ने कहा
- सपा-बसपा छोड़कर 400 लोग भाजपा में हुए शामिल

अमृत विचार। भरथना विधानसभा के अंतर्गत बकेवर में आयोजित भाजपा के मिलन कार्यक्रम में सांसद रामशंकर कठेरिया, जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत और विधानसभा संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा की उपस्थिति में 400 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण जनता ने अगली सरकार भाजपा की बनाने का संकल्प ले लिया है।

उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के शासन में जनमानस को ठगा गया। अब केंद्र और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में सभी वर्गों का उत्थान हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि गांव गरीब के बेटे को भाजपा में ही न्याय मिल सकता है। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष व विधानसभा संयोजक गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस तथा इसके सहयोगी दलों ने देश को खंड खंड करने का काम किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, मुकेश राजावत, राकेश यादव कमलेश कठेरिया, हरनाथ सिंह, दीपक नाथ चौधरी, ममता कुशवाहा, पूजा चौधरी, सुशील राजपूत, शेखर चौहान, विनय चौहान, बंटू गौर, राजेश तिवारी प्रदीप तिवारी, अवधेश चतुर्वेदी मौजूद रहे। सोम हरि अवस्थी प्रधान नसीरपुर बोझा, बसपा छोड़कर अपने साथ सैकड़ों लोगों को लेकर भाजपा में सम्मिलित हुए। सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रधान सावित्री बाथम मल्होसी, योगेंद्र यादव सभासद बकेवर, रोहतास यादव प्रधान दुर्गापुर, मनोज कुमार यादव प्रधान नंद गवा, पिंटूराजपूत प्रधान धरमपुर, अरुण कुमार राजपूत प्रधान वि रहीपुरा, राम सखी प्रधान दाई पुर, राघवेंद्र राजपूत आदि रहे।

## दवा लेने जा रहे अधेड़ की डंपर की टक्कर से मौत

बकेवर, इटावा। नगर में भरथना रोड पर मौरंग ले जा रहे डंपर ने बीआरसी के पास एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मंगलवार को अपराह्न एक बजे क्षेत्र के गांव व्यासपुर के रहने वाले 58 साल के वीरेंद्र सिंह घर से बकेवर में भरथना ओवरब्रिज के पास किसी से दवा लेने पैदल जा रहे थे। तभी बीआरसी के पास लखना की तरफ से आ रहे मौरंग से लोड डंपर ने टक्कर मार दी जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसा होने पर दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से जाम लग गया। आसपास के लोग व राहगीर इकट्ठे हो गए जबकि चौराहे पर मौजूद पुलिस पिकेट को काफी देर तक इसकी खबर ही नहीं लगी कुछ लोगों ने थाना प्रभारी को फोन करके सूचना दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा जाम खुलवाया। मृतक के बेटे महेंद्र ने बताया कि हम तीन भाई हैं, पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ थे।


अर्बन कोआपरेटिव बैंक की शाखा का निरीक्षण करते डॉ. अजंट सिंह व सतीश कुमार।

## छोटे व्यापारियों को असान किश्तों पर ऋण देता है कोऑपरेटिव बैंक

इटावा। इटावा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि. की कृष्णा नगर भरथना रोड इटावा के नए कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। बैंक के पदाधिकारियों ने बैठक कर आगामी वित्तीय वर्ष कार्ययोजना बनाने पर भी चर्चा की। बैंक के अध्यक्ष डॉ अजंट सिंह यादव, महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सभी पटलों पर जाकर कामकाज देखा।

उन्होंने कहा कि अर्बन कोआपरेटिव बैंक छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को असान किश्तों पर ऋण उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही जमा राशियों पर अन्य बैंकों की भांति ब्याज दिया जाता है।

महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में बैंक की जमा और ऋण नीति बनाने के बारे में भी चर्चा की गई। बैंक पिछले कई सालों से लाभांश दे रही है।

इस दौरान उपाध्यक्ष रिटायर्ड सीओ राम नाथ सिंह यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद यादव, सीए संजीव कुमार अग्रवाल, प्रबंधक मुख्यालय प्रमोद कुमार पोरवाल, प्रबंधक मुख्य शाखा प्रदीप कुमार, प्रबंधक श्याम कुमार अग्रवाल, लल्लन सिंह माथुर लेखाकार, इम्तियाज अहमद, अनुज यादव कुलदीप सिंह, सोनी, प्रशान्त यादव, श्याम सिंह एवं राम बेटी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भालासैया विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत-भालासैया/निविदा प्रकाशन/2023-24/ दिनांक: 13.02.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत भालासैया सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत भालासैया विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 14.02.2024 से 20.02.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 20.02.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.02.2024 से 20.02.2024 तक ग्राम पंचायत भालासैया सचिवालय कार्यालय दिवस मं प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लाखन सिंह के घर से अरविन्द के घर तक इंटरलाकिंग नि0 कार्य | पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त | 346665/- | 6934 | 500/- |
| 02 | दिनेश तिवारी के घर से राजू के घर तक तक इंटरलाकिंग एवं नाली नि0 कार्य | पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त | 180248/- | 3604 | 500/- |
| 03 | विपिन के घर से जसवीर के घर तक इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त | 340673/- | 6813 | 500/- |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत भालासैया कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01-अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत भालासैया, वि0ख0 सैफई (इटावा)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कथुआ विकास खण्ड सैफई जनपद इटावा**

पत्रांक- मीमो/चौ.रा.वि./2023-24 दिनांक- 13.02.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कथुआ विकास खण्ड- सैफई के टिन धारक, ईट, ईट मिट्टी 40 एम. एस. एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओं से सीमेंट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., ह्यूम पाइप, टाइल्स चतुर्थ मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 14.02. 2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदायें आमंत्रित की जाती है। विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्तर्गत डाली जायेगी निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कथुआ कार्यालय से दिनांक 14.02.2024 से 20.02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु. 500 नकद रूपये नकद जमा प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.02. 2024 को 03 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कथुआ विकास खण्ड सैफई के कक्ष में उपस्थिति सामग्री आपूर्ति कार्यो की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा समिति के समक्ष खोली जायेगी ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

-: कार्यो का विवरण :-

| क्र.सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री की लागत | धरोहर धनराशि (2%) अनुमानित | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | ग्राम पंचायत कथुआ में उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य। | 736748 | 15000 | 500 |

**प्रधान — सचिव**
**ग्राम पंचायत कथुआ, वि.ख. सैफई-इटावा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैफई- इटावा**

पत्रांक : मीमों / निविदा विज्ञप्ति-ग्रा0प0अ0/2023-24 दिनाँक 13.02.2024

अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति

ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैफई-इटावा के पंजीकृत सप्लायर / कान्ट्रेक्टरों से निविदायें / टेण्डर दिनांक 14.02. 2024 से 18.02.2024 समय 2: 00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 18.02.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.02.2024 से 18.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1: 00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बधित नियम / नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | घरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | मनरेगा | ग्राम पंचायत सहसारपुर में नरोत्तम के घर से जबर सिंह के घर तक इण्टर लॉकिंग निर्माण कार्य। | 595569 | 11912 | 200 |

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सहसारपुर
विकास खण्ड सैफई, इटावा

राजनीति

कहा, सपा का कोई पदाधिकारी भाजपा में शामिल नहीं हुआ, सभी सपाई अखिलेश यादव के साथ खड़े है

# भाड़े की भीड़ के सहारे राजनीति चमका रहे भाजपाई : शाक्य

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि भाजपा के नेता झूठी अफवाहें फैलाकर अपना टिकट पक्का करना चाहते हैं। सपा का कोई भी पदाधिकारी भाजपा में शामिल नहीं हुआ है। भाजपाई अपनी संभावित हार को देखते हुए बौखालाहट में ढोंग रच रहे हैं। जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। इटावा सपा संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की जन्म और कर्म स्थली रही है। यहां का एक एक कार्यकर्ता सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ खड़ा है।

सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपनी हार दिखने लगी है। कुछ दावेदार अपने टिकट का दावा मजबूत करने के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो दावा किया है उसके अनुसार सूची जारी करें तो स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी। उसमें एक भी ऐसा कार्यकर्ता नहीं है जो वर्तमान में पदाधिकारी हो। उन्होंने कहा कि भाजपा के तमाम नेता लगातार उनके संपर्क मां हैं। वार्ता के दौरान प्रवक्ता उदयभान सिंह यादव, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र यादव, विक्की गुप्ता, उपाध्यक्ष चच्चू शुक्ला भी मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू। अमृत विचार

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें पार्टी महिलाएं : अनिता

भरथना, इटावा। समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश प्रमुख महासचिव अनिता यादव ने कहा कि जिम्मेदार महिलाएं घर का दैनिक कार्य निपटा कर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

सपा नेत्री अनीता यादव मंगलवार को मोतीगंज रेलवे किनारे स्थित पार्टी की जिला उपाध्यक्ष ज्ञानवती राठौर के संयोजन में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने पहुंची थीं। भरथना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महिला सभा की सभी पदाधिकारियों की समस्या सुनने के बाद उन्होंने प्रत्येक पोलिंग बूथ पर जिम्मेदार पदाधिकारियों को लेकर जमकर चर्चा की। मतदान वाले दिन प्रत्येक बूथ पर एक एक जिम्मेदार महिला को तैनात रहने के निर्देश दिए। कहा कि भाजपा की सरकारों से प्रदेश की जनता खास कर महिलाएं महंगाई और युवा बेरोजगारी से त्रस्त हो चुके हैं। समीक्षा बैठक के शुरू होने से पूर्व सपा की जिला उपाध्यक्ष ज्ञानवती राठौर ने सपा नेत्री अनिता यादव का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। समीक्षा बैठक में नगर अध्यक्ष फेविदा बेगम, मुन्नी देवी, ब्लाक अध्यक्ष श्रीदेवी शर्मा, उपाध्यक्ष राम जानकी, संगीत कुशवाह, मीरा कठेरिया, मालती देवी आदि रहीं।

## सांड़ के हमले से अधेड़ घायल

बकेवर, इटावा। कस्बा के भरथना रोड पर दुकान से सामान लेने आए एक अधेड़ पर एक आवारा सांड़ ने हमला कर दिया। इस हमले में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कस्बा निवासी राकेश मधुकर सोमवार को अपने घर से भरथना रोड स्थित किराने की दुकान से घरेलू सामान खरीदने आये थे। तभी पीछे से अचानक आवारा सांड ने उनपर हमला कर दिया। सांड़ के हमले के कारण उनके शरीर में काफी चोटें आ गयी हैं। आसपास मौजूद लोगों ने सांड़ को डंडों की मदद से वहां से भगाया। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी सांड़ कई लोगों पर हमला कर चुके है। लोगों ने प्रशासन से आवारा सांड़ों को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है।

# 45 की खुली हिस्ट्रीशीट,16 पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

## अलग-अलग गांव के 55 अपराधियों पर लगाया गया मिनी गुंडा एक्ट

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** इस वर्ष पुलिस पहले ही माह से एक्शन में नजर आ रही है। एक जनवरी से अभी तक 45 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल चुकी है। 16 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। 55 पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया गया है। दो अपराधियों की पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी है और 37 अभियुक्त जेल जा चुके हैं।

अजीतमल कोतवाली में सोमवार फफूंद थाना के गांव अकबरपुर डाढा निवासी विजय प्रताप उर्फ राजा ठाकुर, शहर के मुहल्ला बनारसीदास निवासी अंशुल चौबे उर्फ अंशू व मंगलवार को मुहल्ला इस्लाम नगर निवासी राजे आलम, राजिश खान, जनपद बदायूं थाना हजरतपुर के गांव गढ़िया पैगंबरपुर, थाना बिल्सी के गांव पुशगवां निवासी यशपाल जाटव, जनपद शाहजहांपुर थाना जैतीपुर के गांव बजेड़ा भगवानपुर निवासी अलीम, थाना मदनपुर के गांव इस्लाम नगर पंखाखेड़ा निवासी जहांगीर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि अंशुल चौबे व विजय प्रताप ने 17 नवंबर 2023 में पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। इसके अलावा कार्रवाई के तहत फफूंद कस्बा के कायस्थान निवासी अभय उर्फ मोनू अग्निहोत्री के एसोसिएट के नाम दर्ज 4.53 करोड़ की चल व अचल संपत्ति को 31 जनवरी को जब्त कर लिया गया।



एसपी चारु निगम। अमृत विचार

- 37 आरोपितों को अभी तक भेजा जा चुका है जेल

इसके पहले पेट्रोल पंप पर अपना बार कोड लगाकर लाखों रुपये पार करने में गैंगस्टर के आरोपित इटावा के थाना इकदिल के गांव हरीनगर निवासी अंकित यादव, थाना फफूंद के गांव पसैइपुर केशमपुर निवासी अंकित कुमार की 70 लाख रुपये की चल अचल संपत्ति जब्त कर ली गई थी। लगातार हो रही कार्रवाई से आरोपितों में खलबली मची हुई है।पुलिस अधीक्षक चारु निगम नें बताया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाई जारी रहेगी।

## शराब पीकर पत्नी से की मारपीट

**बिधूना औरैया।** एक विवाहिता ने पति पर शराब के नशे में मारपीट कर घायल किए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भटौली निवासी संगीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार राठौर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने मायके बात कर रही थी तभी उसके पति ने शराब के नशे में उसे शक के चलते मारना शुरू कर दिया। जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। उसकी चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग बचाने आये तभी वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने कहा कि उसका पति इससे पूर्व भी उसे डंडों से मारपीट कर प्रताणित कर चुका है। कहा उसके मायके वालों के समझाने बुझाने पर भी उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है । पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है।

# श्रीमद्भागवत कथा में हुई ज्ञान की अमृतवर्षा

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- रमनगरा, लहटोरिया गांव में चल रही है श्रीमद्भागवत कथा

**अमृत विचार।** अछल्दा क्षेत्र के रमनगरा,लहटोरिया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पहले दिन स्वामी जागेश्वर चैतन्य महाराज ने महाभारत के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि समस्याओं का हल संवाद से होता है, विवाद से नहीं। दुर्योधन ने विवाद का सहारा लिया, जबकि अर्जुन ने संवाद का। यही वजह रही कि अर्जुन के नेतृत्व वाले पांडव दल ने संख्या में कम होते हुए भी बुद्धि व विवेक के बल पर युद्ध जीता।



कथा कहते व्यास जी।

श्रीमद्भागवत कथा में संगीतमय ढंग से स्वामी जागेश्वर चैतन्य ने महाभारत के हर प्रसंग का बड़े ही सारर्भित व प्रभावी ढंग से वर्णन करते हुए बताया कि जीवन में हार व जीत कब होती है।

युद्ध ताकत के बल पर नहीं बुद्धि व विवेक के बल पर जीते जा सकते हैं। वर्तमान में मनुष्य मात्र के जीवन में जिस प्रकार के युद्ध मन में चल रहे हैं। उन्हें ईश्वर की भक्ति, मन व बुद्धि से ही जीतकर कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है। आज व्यक्ति के जीवन तनाव से भरा है, यही वजह है कि वह विवाद करता है, संवाद नहीं है। संवाद की मनःस्थिति परिवार के बीच भी खत्म होती जा रही है।

आज परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर संवाद करना भूल गए हैं, यही वजह है कि परिवार बिखर रहे हैं। इस मौके पर परीक्षित अरविंद यादव,राजकुमारी, देवेंद्र यादव,शिवम यादव व अन्य भक्त मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### भर्रापुर ने पलराई को 72 रनों से हराया

**फफूंद औरैया।** फफूंद अछल्दा मार्ग पर स्थित मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर के प्रांगण में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में भर्रापुर टीम ने पलराई टीम को 72 रनों से हराया भर्रापुर टीम ने 174 रन का लक्ष्य दिया था लेकिन पलराई टीम ने 101 रन ही बना पायी। मैन ऑफ द मैच स्नेहिल दीक्षित रहे जिन्होंने 40 रन बनाए और चार विकेट लिए कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, साजन राजपूत, विकास राजपूत, दीपू राजपूत, चंदन कुशवाहा,विशाल रंजन त्रिपाठी, स्नेहिल दीक्षित,डैनी पाल, जगजीत, विवेक, प्रियांशु, चंद्रशेखर,रईस, अजय कुशवाहा,आदि लोग उपस्थित रहे।



स्मार्टफोन बांटते मुख्य अतिथि शैलेन्द्र नारायण चतुर्वेदी। अमृत विचार

### स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**एरवाकटरा, औरैया।** मंगलवार को कस्बा ऐरवा कटरा के चौधरी अनोखेलाल महाविद्यालय में 63 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन बाटे गए। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश यादव ने बताया वर्ष 2022 में स्नातक डिग्री धारक छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्राप्त हुए स्मार्टफोन वितरण किए गए। इन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि स्मार्टफोन से पढ़कर यूट्यूब से अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करके पढ़ाई में आगे बढ़ें। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मुख्य अतिथि शैलेन्द्र नारायण चतुर्वेदी, सनोज यादव,सुल्खान यादव, नरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य, राजेंद्र कुमार सक्सेना, चंद्रशेखर गुप्ता ग्राम प्रधान, अशोक कुमार सक्सेना, अनिल शाक्य आदि।



लाभार्थियों का सम्मान करते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

# लाभार्थी महिलाओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय, संवाददाता औरैया

- शक्ति वंदन अभियान में औरैया व दिबियापुर विधानसभा में हुआ आयोजन
- पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं से संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है

**अमृत विचार।** भाजपा की शक्ति वंदन अभियान के तहत औरैया विधानसभा का अजीतमल ब्लाक सभागार में व दिबियापुर विधानसभा का दिबियापुर नगर के कमला कुटुंब में महिलाओ का सम्मेलन आयोजित हुआ और लाभार्थी महिलाओं का शक्ति सम्मान भी किया गया। भाजपा द्वारा चलाई जा रही शक्ति वंदन कार्यकम में महिलाओं के उत्थान हेतु विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें महिलाओं की भागीदार हों, इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है और सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ महिला सशक्तिकरण के कार्य को आगे बढ़ाने में शक्ति वंदन योजना महती भूमिका निभा रही है।

औरैया विधानसभा के तहत ब्लाक सभागार अजीतमल में सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ने अजीतमल बाबरपुर की पूर्व चेयरमैन रानी पोरवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम अभियान के जिला संयोजक अनिल तोमर,पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवीर सिकरवार ,मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में व दिबियापुर नगर के कमला कुटुंब में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह ,जिला मंत्री सतेंद्र भदौरिया,जिला मंत्री इंद्र पाल सिंह पाल,मंडल अध्यक्ष दिबियापुर जगमोहन सिंह चौहान की उपस्थिति में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओ के लिए बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है और मोदी जी एवम योगी जी द्वारा विभिन्न योजना से महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाता है और उन्हें उचित मंच के माध्यम से मान सम्मान प्राप्त होता है।

मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप शक्ति वंदन अभियान से पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं से संपर्क करने का महान कार्य भाजपा ने इस योजना के तहत कर रही है।

# सब्जियों में तड़के से दूर हो रहा लहसुन

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** सब्जियों की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी हो रही है। पहले टमाटर फिर प्याज और अब लहसुन की कीमतों में आग लगी है। बाजार में फुटकर लहसुन 600 रुपये किलो बिक रहा है, जबकि किलो वाले को 500 में मिल जाता है। तड़के में लोगों ने अब लहसुन डालना बंद कर दिया है।

महंगाई का दौर लोगों को राहत नहीं लेने दे रहा है। पहले सर्दियों में हरी सब्जियों की कीमतें काफी घट जाती थीं। टमाटर 5 रुपये किलो तक बिकता था। हरी धनिया व मिर्चा बहुत सस्ती हो जाती थी। सब्जी विक्रेता अन्य सब्जी खरीदने पर धनिया मिर्चा फ्री दे देते थे।



सब्जी की दुकान का दृश्य। अमृत विचार

अन्य सब्जियां भी लोग सस्ती खरीद कर खूब खाते थे। सब्जी विक्रेता पंकज व नरेंद्र कुमार का कहना है कि अच्छी और विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध कराने के लिए कानपुर और आगरा की मंडी से सब्जियां मंगाते है। वहीं से सब्जियां महंगी आ रही है। स्थानीय किसान ज्यादा कमाने के लिए अब अपने खेत की सब्जी खुद बाजार में बैठकर बेचने लगे हैं।

### साब्जियों के भाव

- लहसुन 200 से 500 रुपये किलो
- अदरक 100 रुपये किलो।
- प्याज 20 से 25 रुपये किलो।
- टमाटर 20 से 30 रुपये किलो
- मेंथी 30 से 80 रुपये किलो।
- बैंगन 20 से 80 रुपये किलो।
- कटहल 60 से 80 रुपये किलो।
- गाजर 20 रुपये किलो।
- मूली 10 से 20 रुपये किलो।
- पालक 10 से 20 रुपये गड्डी।
- भिंडी 70 से 80 रुपये किलो।
- करेला 80 से 120 रुपये किलो।
- तोरई 80 से 100 रुपये किलो।
- घुइंया 60 से 100 रुपये किलो।

## राम लीला देखने गई अपहृत बच्ची हुई बरामद

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली पुलिस टीम द्वारा वादी मुकदमा द्वारा अजीतमल पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क कर गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक शिव वीर सिंह सांफर चौकी प्रभारी ने नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर भाग ले जाने की सकुशल बरामदगी कर ली है। अभियुक्त अंकुश कुमार 21 वर्ष निवासी ग्राम भीखमपुर थाना तालाग्राम जिला कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मुकदमा की सूचना के आधार पर नाबालिग बच्ची को दिल्ली से बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि 10 तारीख को सूचना प्राप्त हुई 48 घंटे में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया है और अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# भाजपाइयों ने किया ग्राम प्रवास

कार्यालय, संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान प्रवास कार्यक्रम के तहत औरैया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरुहली में भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने जनता को प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी व महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया और सभी लाभार्थी प्रमुखों से सपर्क किया,बूथ की बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर चुनाव में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने की अपील की।

वहीं ग्रामीणों संग अलाव में साथ बैठकर चर्चा की। वहीं पत्रक भी वितरित किए। वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप दुबे प्रधानाचार्य ,जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल गुप्ता ने भी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओ को बताया। उधर बिधूना विधानसभा क्षेत्र के सहार विकास खंड की ग्राम पंचायत कसहा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक विकास गौर ने प्रवास कर अन्य विपक्षी दलो के लोगो से भी सम्पर्क कर वार्ता की।फफूंद क्षेत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता ने भी प्रवास किया।



ग्रामीणों से संवाद करते जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

- भाजपा के पदाधिकारियों ने गांव चलो अभियान में ग्रामीणों से किया जनसंवाद

अभियान के जिला संयोजक विकास गौर ने बताया कि मंगलवार को तीनो विधानसभा के कुल 168 बूथ पर भाजपाइयों ने प्रवास किया । वहीं बताया कि यह अभियान अब 15 फरवरी तक होगा और सभी लोगो को कार्यकम की फोटो , फीडबैक प्रपत्र नमो व सरल एप पर फोटो के साथ भेजनी होगी। और सभी को यह अभियान 15 फरवरी तक पूरा करना है। उन्होंने कहा कि अभियान में कोताही न बरतें।

# इंस्पायर अवार्ड योजना के लिये 34 बच्चों के आइडिया चयनित

कार्यालय, संवाददाता औरैया

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने जारी की सूची

**अमृत विचार।** सत्र 2023 - 24 के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत विभिन्न विद्यालयों के 34 बच्चों के आइडिया चयनित हुए हैं। यह जानकारी जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दी है।

इंस्पायर अवार्ड के नोडल अधिकारी रामेन्द्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं के लिए अधिकतम 5 नामांकन किए जाने थे। परिणाम स्वरूप अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक जनपद के सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं परिषदीय विद्यालयों के साथ साथ राजकीय, सीबीएसई बोर्ड, नवोदय एवं केन्द्रीय विद्यालय के द्वारा कुल 1021 नामांकन किए गए।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा मंगलवार को जारी सूची के अनुसार प्रदेशभर से 1940 बच्चों के आइडिया चयनित हुए हैं जिनमें से औरैया जनपद के 34 बच्चों के आइडिया शामिल हैं। यह भी बताया कि सभी एसआरजी,एआरपी और बीइओ की सक्रियता एवं प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्यों और मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रयास से चयनित बेसिक शिक्षा विभाग के 14 और माध्यमिक के 20 बच्चों के खाते में दस दस हजार रुपए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भेजे जाएंगे इसलिए सभी सम्बन्धित प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं मार्गदर्शक शिक्षक विजेता छात्रों को अपने बैंक खाते सक्रिय रखने और केवाईसी अपडेट रखने की सलाह अवश्य दे दें।

### चयनित माध्यमिक विद्यालय की सूची

- जिला पंचायत इंटर कालेज मुरादगंज
- सुदिति ग्लोबल एकेडमी औरैया
- सर्वोदय इंटर कालेज सांफर
- राजकीय उमावि भटौली
- सेंट जोसेफ दिबियापुर
- सेंट फ्रांसिस औरैया
- राजकीय उमावि मानपुर
- चौधरी रघुनंदन सिंह इंका. राहतपुर
- गोपाल इण्टर कालेज औरैया
- राष्ट्रीय उमावि रुदौली
- स्वतंत्र भारत इंटर कालेज सहायल
- रैपिड ग्लोबल एकेडमी बिधूना
- गांधी इंटर कालेज बिधूना
- सीएमएस उमावि ऐरवा कटरा

### चयनित बेसिक विद्यालय सूची

- यूपीएस गंगदासपुर
- यूपीएस पुर्वा पुने
- कन्या उमावि ऐरवा कटरा
- जूनियर हाईस्कूल शिवगंज
- यूपीएस असू
- यूपीएस डोंडापुर
- यूपीएस दलीपपुर
- यूपीएस चिमकुनी
- यूपीएस गूरा
- यूपीएस नीमहार
- यूपीएस खलरा

**समस्या** जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन सैकड़ों लोग जर्जर मार्ग से गुजरने पर मजबूर हैं

# पता नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद से औरैया मार्ग पर स्थित ग्राम देवरपुर से ग्राम अटा को जोड़ने वाले मार्ग में गड्ढा होने से गुजरने वाले राहगीर परेशान हो रहे हैं गांव से निकलते ही सम्पर्क मार्ग उबड़ खाबड़ नजर आने लगता है। लेकिन लोक निर्माण विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा हैं और जिम्मेदार विभाग सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। जबकि 2024 का चुनाव नजदीक आ गया है। एक तरफ सरकार गांवों को शहरी सुविधा मुहैया कराके प्रगति की ओर अग्रसर हैं। तो वहीं जिला औरैया के ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम देवरपुर से ग्राम अटा को जोड़ने वाली सड़क की बनी दयनीय हालत सरकारी दावे को उल्टा साबित कर रही है।

वहीं औरैया रोड से ग्राम तुर्कीपुर गांव को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क रख-रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है। यह सड़क टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर कभी कभी गिर भी पड़ते है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस टूटी फूटी सड़क को मरम्मत कराने की बात अधिकारियों से की है,सड़क की मरम्मत ही करा दी जाये तो आवागमन होने लगे इस रास्ते से आम पब्लिक का आना जाना भी रहता है सड़क की बदहाल स्थिति को जनप्रतिनिधि सहित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया,लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। सरकार का वादा गांव दिखे शहर जैसा ग्रामीणों को सड़क बिजली पानी विशेष ध्यान सरकार दे रही है लेकिन सरकार के मंसूबे पर पानी फेरने में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी जुटे हुए हैं । सरकार का वादा धराशाई होते हुए दिख रहा है जो कि सरकार का वादा था गड्ढा मुक्त सड़कें लेकिन वहां गड्ढा युक्त सड़के होती चली जा रही हैं लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है ।



टूटी सड़क का दृश्य। अमृत विचार

इतना ही नहीं फफूंद के चंमनगंज तिराहे से सल्हापुर का एक सम्पर्क मार्ग बना हुआ है यह सड़क महावीर धाम से उख़ड़ी शुरू हो जाती है जिस पर चलना दूभर है और जगह जगह गड्ढे होने से राहगीर कराह उठते है। कोठीपुर,वनारपुर,कनौती,दुवेका पुर्वा, तक सड़क उखड़ चुकी है और यह सड़क सल्हापुर में जाकर मिलती है जहां से ककोर मुख्यालय मार्ग जाता है इसके बावजूद यह सड़क उखड़ी पड़ी है और सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे है धरातल पर इसकी स्थिति खराब है कोठीपुर प्रधान अमरेश पाण्डेय का कहना है कि बारिश के कारण सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया है। अब बारिश थम गई है, ऐसे में जल्द ही सड़कों को दुरूस्त कराया जाए। जान जोखिम में डाल प्रतिदिन सैकड़ों लोग जर्जर मार्ग से गुजरने पर मजबूर है।



स्वामी दयानंद की वेशभूषा में मंचन करता छात्र। अमृत विचार

## स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया

**औरैया।** महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वें जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर उनकी जन्मस्थली टंकारा मोरबी (गुजरात) में 10-11-12 फरवरी, 2024 को 'ज्ञान ज्योति पर्व' वृहद रूप में आयोजित किया जा रहा है । इस महोत्सव में सभी डी.ए.वी. शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक सम्मिलित हुए।

मंगलवार को गेल डी.ए.वी. मॉडल स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती जी का 200 वां जन्मोत्सव मनाया गया । जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षकों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद विद्यालय में यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त विद्यार्थियों व शिक्षक गणों ने यज्ञ किया। इसके उपरांत कक्षा- 5 की छात्रा काव्या द्वारा भाषण व कक्षा- 5 की छात्रा आराध्या द्वारा कविता पाठ किया गया। इसके बाद स्वामी जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन की प्रस्तुति की गई, जिसमें कक्षा एक से कक्षा 5 तक के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर डॉली खान, संध्या थपलियाल,पवन तिवारी, अतियां मारूफ, अदिति शर्मा, प्रज्ञा तिवारी,नीलिमा राठौर,मौजूद रहे राधा मिश्रा,नितशी अज़ीम, ज्वाला यादव, पूनम कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद औरैया**

**- नीलामी सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद औरैया के पुराना थाना अजीतमल के जीर्ण-शीर्ण निष्प्रयोज्य अनावासीय भवनों का ध्वस्तीकरण एवं उनके मलबे आदि की नीलामी सार्वजनिक रूप से दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे थाना कोतवाली अजीतमल परिसर, जनपद औरैया में की जाएगी।

अतः इच्छुक ठेकेदार/कबाड़ी समय से पहुँचकर नीलामी की बोली लगा सकते हैं। सभी बोलीदार सिक्योरिटी धनराशि जमा करके टोकन प्राप्त करें एवं साथ में अपना आधार कार्ड/परिचय पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागियों को भाग लेने से पूर्व धनराशि रु0 45,500/- जमानत के रूप में जमा कराना होगा। नीलामी स्वीकृत होने पर नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि शीघ्र जमा करनी होगी तथा मलबा व तुडाई, लाने-ले जाने एवं कोई अन्य व्यय नहीं दिया जायेगा, नियानुसार नीलामी की धनराशि पर देयक आदि अतिरिक्त रूप से जमा करने होगे। नीलामी शुदा सामग्री को ठेकेदार द्वारा 20 दिवस में साइट खाली कर देना होगा। नीलामी से संबधित कोई भी विवाद न्यायालय में निस्तारित नहीं किया जायेगा और नीलामकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह अपने निर्णय की सुरक्षित रख सकता है और उसके लिए किसी पत्राचार का जवाब नहीं दिया जायेगा।

**पत्रांका भ-100/2015 (अजीतमल)**

**दिनांक : फरवरी 13 .2024**

**(चारु निगम)**
**पुलिस अधीक्षक, औरैया**

## एक नजर

### आज आएंगे भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी पांडा

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश में भाजपा लोकसभा चुनाव संगठन का प्रदेश प्रभारी बनने के बाद बुधवार को पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा लखनऊ आएंगे। सुबह 8:45 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित उनका स्वागत करेंगे।

### जिलास्तर से रूर्बन मिशन कार्यों का होगा सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ: श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के कार्यों का सत्यापन मंडल व जिला स्तर से गठित कमेटी करेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी को मंडल व जिला स्तर की संयुक्त कमेटी बनाकर सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

# फर्जी शिक्षकों को बचाने में मदरसा बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार निलंबित

## दो मदरसा शिक्षकों के फर्जी अंक पत्रों के सत्यापन में दी गलत रिपोर्ट, विधायक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुशीनगर के मदरसे में दो शिक्षकों ने नियुक्ति के लिए लगाए फर्जी अंक पत्र
- शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार:** मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। सोमवार देर शाम को यह कार्रवाई कुशीनगर के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा की शिकायत पर की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से दो शिक्षकों के फर्जी अंक पत्र के सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच पूरी होने पर उनको बर्खास्त भी किया जा सकता है।

कुशीनगर जनपद के मदरसा तेगिया शरीफिया नुरूल उलूम शाहपुर के दो शिक्षक साबिर अली अंसारी एवं जाकिर हुसैन अंसारी ने फर्जी अंक पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। दोनों शिक्षकों के अंक पत्र का सत्यापन कराने की मांग मदरसा गौसिया फैजुल उलूम महियरवां, दुदहीं के लिपिक अनवर हुसैन द्वारा की गई। तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने अपने कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या-916 में जाकिर हुसैन की कामिल वर्ष 2014 व साबिर अली की आलिम वर्ष 2014 के अंक पत्रों का मिलान मुख्य परीक्षा अभिलेख से कराया जो पूर्णतया असत्य एवं फर्जी पाया गया। इसके बाद भी इन शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

**शासन को भटकाने का किया था प्रयास:** दोनों शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने कार्रवाई नहीं की। न ही दोनों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। विधायक का आरोप है कि दोनों मदरसा शिक्षकों से मोटी रकम लेकर अपने कार्यकाल में 26 जुलाई 2022 को दस्तावेज को सही बता दिया गया। साथ ही शासन का ध्यान भटकाने के लिए बिना कोई कारण बताए अपने कार्यालय में तैनात लिपिक अरुण कुमार तिवारी और राकेश को 27 जुलाई 2022 को निलंबित कर दिया। मामला शांत होने के बाद रजिस्ट्रार ने दोनों को बहाल भी कर दिया था।

### हाटा के विधायक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

इसकी जानकारी होने पर कुशीनगर जनपद के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने वर्ष 2023 मई में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। जिसमें पूर्व रजिस्ट्रार व इस मामले से संबंधित सभी तथ्यों की जांच एसआईटी से कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच का आदेश जारी हुआ। शुरुआती जांच में पूर्व रजिस्ट्रार दोषी पाए गए। इस आधार पर तत्काल प्रभाव से उनको निलंबित कर दिया गया।

# मास्टर ट्रेनर्स ने दिया मतदान कराने का प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मतदान प्रकिया के संचालन की प्रक्रिया को बताया

**अमृत विचार:** उप्र. के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को मतदान कराने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान पार्टियों के प्रस्थान, मतदान प्रकिया के संचालन और इस प्रक्रिया की समाप्ति से लेकर ईवीएम मशीनों के जमा करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं के संबंध में जानकारी दी गई। मंगलवार को सभी जिलों के दो-दो मास्टर ट्रेनर्स के लिए दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर एवं उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन उप्र. के नेतृत्व में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत ने निर्विवाद निर्वाचन सम्पन्न कराने की अपील की।

# जया समेत सपा के तीनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## अखिलेश और शिवपाल रहे मौजूद, सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने को रहेगी एक वोट की आवश्यकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।

**तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा:** सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सपा ने राज्यसभा में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए दलित नेता रामजी लाल सुमन पर भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

सपा के पास 108 विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। राज्यसभा में एक उम्मीदवार की सीट सुरक्षित करने के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता होगी और इस तरह सपा तीन सदस्यों को राज्यसभा में भेज सकती है।

**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कल:** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

### आलोक रंजन व उनकी पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ: पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924.11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752.86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526.31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670.00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है। पत्नी के पास करीब 46,88,250 कीमत के गहने हैं। 1976 बैच के एमबीए पूर्व आईएएस के पास 70 लाख कीमत की अस्थायी संपत्ति है जबकि 3 करोड़ 75 लाख की पत्नी के नाम है।



आलोक रंजन का नामांकन पत्र दाखिल करते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में प्रत्याशी जया बच्चन व रामजी लाल सुमन।

### पांच साल में छह गुना बढ़ी जया की संपत्ति

लखनऊ। सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी। जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये, 2020-21 में 226,30,11,810 रुपये, 2019-20 में 152,19,16,340 रुपये और 2018-19 में 193,66,97,120 रुपये की थी। इसके अलावा जया बच्चन के पास 57,507 रुपये और अमिताभ बच्चन के पास 12,75,446 रुपये नकद हैं। जया बच्चन के पास 9,82,385 रुपये की मोटर व्हीकल है। वहीं अमिताभ बच्चन के नाम पर 17 करोड़ 66 लाख रुपये से ज्यादा की लग्जरी कारें हैं। इसके अलावा जया बच्चन के पास जहां 40 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा की ज्वैलरी है। वहीं अमिताभ बच्चन के पास 54 करोड़ 77 लाख रुपये की ज्वैलरी है।

### रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

**लखनऊ:** सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

# खजूर वाली मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर दर्ज होगी प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया वक्फ बोर्ड ने खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर लगे आरोपों की कराई थी जांच
- बोर्ड आरसी कटवाकर करेगा नुकसान की वसूली

**अमृत विचार:** शिया वक्फ बोर्ड की जांच में अयोध्या के खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बिना अनुमति के दुकान निर्माण कराने व आवंटन कर धन उगाही का आरोप सही पाया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करने व दुकानों को सील करने की संस्तुति की है। इस पर बोर्ड ने अयोध्या के एसएसपी और विकास प्राधिकरण के वीसी को पत्र लिखा है। वहीं, बोर्ड अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ आरसी कटवाकर नुकसान की वसूली करेगा।

अयोध्या स्थित खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बोर्ड की अनुमति के बिना ही वक्फ संपत्ति पर दुकान का निर्माण कराने और उसका आवंटन कर धन उगाही का आरोप लगा। चेयरमैन अली जैदी ने इस मामले में निरीक्षक को जांच सौंपी थी। निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट बोर्ड को सौंप दी। बोर्ड ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कराने की सिफारिश की है। वहीं, अयोध्या विकास प्राधिकरण से दुकानों को सील करने को कहा है।

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया सेल से जारी पत्र के मुताबिक मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर सरकार से मिले मुआवजे का दुरुपयोग करने व बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत भी सही पाई गई। कमेटी के अध्यक्ष और सचिव द्वारा अपने और अपने सगे संबंधियों के नाम दुकानों का आवंटन कर ख़ुद के बचत खातो में पैसा लेकर वक्फ एक्ट का उल्लंघन किया है।

# लखनऊ में होगा सहकारिता सम्मेलन, आएंगे अमित शाह

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में सहकारिता सम्मेलन आयोजित करके लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता को संबोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा कि तैयारी बैठक में सम्मेलन के लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण व अभूतपूर्व सम्मेलन के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया। बैठक को विधान परिषद सदस्य पवन चौहान, अवनीश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डीके शर्मा ने भी संबोधित किया।

## वर्ग पहेली-342

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।

5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।

6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।

7. जीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।

2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।

3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।

6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



### वर्ग पहेली - 341 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

# आपदा नियंत्रण को आईआईटी रुड़की से लेंगे मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर राहत आयुक्त और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द साइन होगा एमओयू

**अमृत विचार:** राज्य सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से उप्र संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। यह एमओयू पांच साल के लिए मान्य होगा। इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ इसके कारणों पर शोध करेंगे। इतना ही नहीं विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश के जलवायु पैटर्न, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और जोखिम पर शोध करेंगे। इसके जरिये आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों व सटीक कार्यप्रणाली के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### चकबंदी संबंधी कार्यों में भी करेगा सहयोग

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन के साथ चकबंदी संबंधी मामलों में अपना सहयोग करेंगे। आईआईटी रुड़की चकबंदी के सर्वेक्षण और भूमि की नाप-जोख में तकनीकी सहयोग के माध्यम से मामलों के निपटारे में अहम भूमिका निभाएगा।

# कानपुर में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाएगा जेके सीमेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में कई परियोजनाओं में करेंगे निवेश करने की तैयारी

**अमृत विचार:** जेके सीमेंट लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक व सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने प्रदेश में कंपनी के विकास के लिए दीर्घकालिक रोड मैप तैयार करने और रोजगार सृजन के अवसरों को रेखांकित करने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में भाग लेंगे। इनका कहना है कि सीमेंट की कई इकाईयों के साथ कानपुर में मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने की तैयारी में है।

माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि जीबीसी के माध्यम से अलीगढ़ संयंत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेंगे, इसी तरह हमीरपुर संयंत्र के लिए 400 करोड़ रुपये के साथ 500 करोड़ रुपये की लागत के साथ प्रयागराज इकाई के लिए नवीनतम निवेश में परिवर्तित होगा।

जेके सीमेंट लिमिटेड ने कानपुर में एक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल 'यदुपति सिंघानिया मेमोरियल सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल' स्थापित करने के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए थे और 350 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कानपुर में एक मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने का अवसर भी तलाश रहा है।

## सुडोकू-59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

**वृष:** आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

**मिथुन:** आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

**सिंह:** आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या:** आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**तुला:** आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचुअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

**धनु:** आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**मकर:** आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

**कुंभ:** आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म-कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पंचमी।
दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 10.43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- हम साथ साथ है — सुबह: 09.00
- हाफ गर्लफ्रेंड — रात: 09.00

Sony Max
- हे बेबी — दोपहर: 12.53
- तू झूठी मैं मक्कार — रात: 07.02

Utsav Gold
- हमशक्ल — सुबह: 09.15
- दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे — शाम: 06.00

Zee Cinema
- सोचा न था — सुबह: 09.25
- कहो ना प्यार है — रात: 07.00

Colors Cineplex
- दोस्ताना — दोपहर: 12.34
- दिल है तुम्हारा — शाम: 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां-पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...
गर्लफ्रेंड - जानू मेरे घर आ जाओ ना,
लड़का- नहीं टाइम नहीं है,
गर्लफ्रेंड-अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,
लड़का-झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...
अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,
गहरी सांस लेना और जोर से बोलना- ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,
इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी

## डीएम व एसपी ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश, कहा निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से हो परीक्षा

कार्यालय, संवाददाता औरैया

**अमृत विचार** । आगामी 17 एवं 18 फरवरी को जनपद के कुल 27 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में प्रथम पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी सीधी भर्ती लिखित परीक्षा होगी।

इसे निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा में तैनात सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त दिशा निर्देश पुस्तिका का भली-भांति अध्ययन करके परीक्षा को सम्पन्न



मानस सभागार में अधिकारियों के साथ मीटिंग करतीं डीएम, एसपी। अमृत विचार

करायें। जिससे किसी प्रकार की कोई अनियमितता का सामना न करना पड़े। उन्होंने टीम के सदस्यों को निर्देशित किया कि वह अपने पुलिस अधिकारी के साथ आवंटित परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में कुल 13,968 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर उड़नदस्ता एवं पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत केंद्रों पर 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग

- **परीक्षा केंद्रों में डिवाइस पर रोक लगाने को कहा**

हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सुगम यातायात व्यवस्था हेतु सभी चौराहों/तिराहों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात कर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक/भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केन्द्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामितीय, पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबुल, इलेक्ट्रानिक पेन, स्कैनर, इलेक्ट्रानिक गैजेट, जैसे-मोबाइल फोन, कैमरा, किसी प्रकार की घड़ी, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइ क्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, पर्स, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खुला या पैक किया हुआ खाने का समान आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है। किसी भी अभ्यर्थी को सभी सामग्री/उपकरण परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार के अन्दर नहीं ले जाने दिया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रामगोपाल ने देखा मंदिर का निर्माणकार्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर की कार्य प्रगति देखी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा इटावा सफारी पार्क के सामने बनवाया जा रहा केदारेश्वर मंदिर की सियासी गलियारों में खूब चर्चा हो रही है। केदारेश्वर मंदिर को केदारनाथ धाम की दूसरी कृति के रूप में निर्मित कराया जा रहा है। इसकी शिला भी समाजवादी पार्टी के लखनऊ कार्यालय पर पहुंच गई है। अखिलेश यादव, मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, जया बच्चन समेत सपा नेताओं ने शिला की पूजा की है।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने वर्ष 2020 में इटावा सफारी पार्क के सामने उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर इटावा में भव्य केदारेश्वर मंदिर निर्माण का कार्य


केदारेश्वर मंदिर का निर्माण कार्य देखते सपा महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव।

शुरू करवाया था। अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब केदारेश्वर मंदिर की चर्चा जोरों शोरों पर है। ऐसा माना जा रहा है जहां भाजपा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन से वोट बैंक हासिल करने में जुटी हुई है। वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा को जवाब देने की तैयारी कर रही है।

बता दें आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, संतोष यादव इटावा के निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के कार्य प्रगति को देखने पहुंचे। हालांकि प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने इस बात की किसी को सूचना नहीं दी थी, अचानक से ही वह निर्माणाधीन मंदिर पहुंचे थे। ऐसा माना जा रहा है कि इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा जल्द ही होगी।

## एक नजर

### हाईवे की रेलिंग चोरी करने के आरोप में जेल

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अनंतराम चौकी क्षेत्र एनएच 19 वादी नीरज कुमार पुत्र महावीर सिंह कुंजी पुर अनंतराम अजीतमल औरैया की तहरीर पर कि एनएच 19 के किनारे लगी हुई रेलिन तोड़कर पिकअप पर लाद रहे चालक निजामुद्दीन पुत्र अली अहमद निवासी अमीरे पूर्वा थाना अकवरपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।जबकि पिक अप कार संख्या यूपी 78 जेटी 0409 में लादते समय एक अज्ञात आरोपी भाग गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को सरकारी संपत्ति चोरी में जेल भेजा गया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जनता इंटर कालेज अजीतमल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल युवक मोनू पुत्र राम नरेश उड़न पुरा औरैया को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचाया जहा उसका उपचार कर घर भेज दिया गया।

# छात्र का दिनदहाड़े अपहरण, कार पलटने से भागे बदमाश

संवाददाता चकरनगर, इटावा

- **जिले के बड़े किराना व्यवसायी का पुत्र है छात्र**
- **बीहड़ क्षेत्र में सुबह दिया गया वारदात को अंजाम**

**अमृत विचार**। बीहड़ांचल के गांव से स्कूल जा रहे साइकिल सवार कक्षा पांच के छात्र को कार सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। पुलिस और गांव वालों के पीछा करने पर हड़बड़ाहट में बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी, जिससे बदमाश कार और छात्र को छोड़कर भाग निकले। कार में फंसे छात्र को पुलिस ने निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट हुई है।

कस्बा चकरनगर के प्रमुख किराना व्यवसायी योगेश कुमार गुप्ता का 11 साल का बेटा कर्तव्य गुप्ता मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे साइकिल से घर से एक किमी की दूरी पर सेंट जोसियर स्कूल जा रहा था। रास्ते में कार सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और जबरन साइकिल से खींचकर कार में डालकर भागने लगे। सिकरोड़ी रोड की ओर भाग रहे बदमाशों को


पुलिस के साथ मौके पर छात्र कर्तव्य गुप्ता। अमृत विचार

देखकर खेतों में काम करने वाले लोगों ने कार का पीछा शुरू कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दे दी। तभी मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी और बदमाशों को दोनों ओर से घेर लिया गया। भरेह पुलिस ने थाने के पास कार को रोकने का किया प्रयास लेकिन बदमाश

> छात्र को एक कार सवार कुछ लोगों ने उठाने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से बदमाश कार खाई में पलटाकर भाग निकले। अपहृत छात्र को बचा लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।
>
> –संजय वर्मा, एसएसपी, इटावा

कार की रफ्तार तेज करके चंबल पुल की ओर भाग निकले। थाने के सिपाही सुमित कुमार ने अपाचे बाइक से कार का पीछा जारी रखा। बदमाश चंबल पुल पार करके भाग रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। कार के पलटते ही बदमाश कार से कूदकर भाग निकले। कार में फंसे बच्चे को सिपाही सुमित कुमार ने जैसे तैसे निकाला। तब तक गांव के लोग भी पहुंच गये। छात्र को कार पलटने से चोटें आयी हैं। छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार बरामद करके बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। कार में मध्य प्रदेश का नंबर लिखा है।

## कायाकल्प योजना के तहत प्रधानाध्यापकों से मांगे प्रस्ताव

**जसवंतनगर, इटावा।** ब्लाक सभागार में अध्यापकों तथा पंचायत सचिवों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें स्कूलों की कायाकल्प करने के लिए प्रधानाध्यापकों से प्रस्ताव मांगे गए। बीडीओ श्वेता गर्ग ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी प्रधानाध्यापकों से शुद्ध पेयजल, बालक शौचालय, बालिका शौचालय, दिव्यांग शौचालय ,रसोईघर, हैंड वॉश यूनिट , सबमर्सिबल , फर्नीचर , एमडीएम, बाउंड्री वॉल, रंगाई पुताई आदि से संबंधित बातचीत की गई । सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया जहां भी कुछ कमियां है। सचिवों को भी निर्देश दिए गए कि वह अपने-अपने क्षेत्र के हर स्कूल में पहुंचे। कमियों का पता लगाकर इसका प्रस्ताव बनाएं अगर इसके बावजूद भी कहीं स्कूलों में कोई कमी पाई जाती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक तथा सचिव की होगी।

# ऑटो लूटने वाले पांच लुटेरे मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- **पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से हुआ घायल**

**अमृत विचार**। सिविल लाइन थाना पुलिस व एसओजी टीम ने सोमवार की रात को ग्वालियर बाईपास के पास से एक मुठभेड़ में पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि अनिल कुमार निवासी नगला कन्हई थाना जसवंतनगर ने सूचना दी थी कि जसवंत नगर से चार लोगों ने पूठन सकरौली जाने के लिए उसका ऑटो बुक किया। रास्ते में उक्त लोगों ने लघुशंका करने के लिए आटो रुकवाया तो वह भी उतर कर लघुशंका करने लगा तभी वह लोग उसका ऑटो व उसमें रखा मोबाइल लेकर भाग निकले। सोमवार की रात को प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन व एसओजी टीम बाइस ख्वाजा रोड पर चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि ऑटो में सवार लोग लुहन्ना चौराहे से ग्वालियर बाईपास रोड पर लाइन सफारी की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने ऑटो को रोकने का इशारा किया तो ऑटो सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर किये। बचाव में पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें जीवाराम पुत्र राजवीर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हए। बाद में पुलिस ने उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने अपने नाम जीवाराम, मुकेश ,नीलेश राजपूत, संदीप राजपूत व नवनीत बताया। एसएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपया इनाम देने की घोषणा की है।

# तीन नए सदस्यों ने ग्रहण की क्लब की सदस्यता

संवाददाता भरथना,इटावा

- **अधिष्ठापन समारोह में प्रतीक चिह्न भेंट किए गए**

**अमृत विचार**। लायंस क्लब भरथना का 44 वां अधिष्ठापन समारोह मण्डलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा एवं दीक्षा समारोह अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनुराग पोरवाल के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया।

भरथना कस्बा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डलाध्यक्ष पीके जैन ने श्यामबिहारी अग्रवाल, राकेश सिंघल, स्वाती माथुर, संजीव तोमर के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके शुभारंभ किया। अध्यक्ष मिथलेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष कुलदीप यादव, सचिव देवेन्द्र सिंह चौहान, राममनोहर पोरवाल, संयोजक गुरलदास नन्दवानी,सह संयोजक आशीष चौधरी सोनी ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। तीन नये सदस्यों अभिनव दुबे, अभिनव दीक्षित, विशाल चौबे ने लायन्स क्लब की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव,नितिन पोरवाल, अखिलेश पोरवाल,भोला सिंह यादव,सुधा पाण्डेय,वीरेन्द्र सिंह चौहान,रहीश वारसी अन्ना,डा समीर पाण्डेय,डा अभिषेक दुबे,इमरान खान, अंशू वर्मा,नवम विश्नोई आदि रहे।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता , इटावा

**अमृत विचार** । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडे ने पत्नी की गला दबाकर की गई हत्या के ग्यारह साल पुराने मामले में पति को दोषी करार दिया।

दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मुकुंद पुरा निवासी सुरेश चंद्र यादव ने सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसने अपनी पुत्री मंजू की



शादी 17 साल पहले सुनील यादव के साथ की थी। शादी के बाद से सुनील मंजू के साथ मारपीट करता था। इस सम्बंध में थाने में मामला भी दर्ज कराया गया था। कोर्ट में घरेलू हिंसा का भी मामला चल रहा था। 12 दिसम्बर 2012 को सुनील ने मंजू की गला दबाकर हत्या कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान ससुर ओम प्रकाश की मौत हो गई।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस में हुई। कोर्ट ने पति सुनील को हत्या का दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### पॉक्सो एक्ट में एक को पांच साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने बच्ची को दुकान के अंदर ले जाकर उससे अश्लील हरकतें करने के तीन साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव की नौ साल की बच्ची गांव में स्थित एक दुकान से 27 अक्टूबर 2020 की शाम को साबुन लेने के लिए गई थी । तभी दुकानदार ने उसे नमकीन देने का लालच देकर दुकान के अंदर बुला लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची ने शोर मचाया तो दुकानदार ने उसके साथ मारपीट की और शिकायत न करने की धमकी दी। बच्ची ने घर जाकर इसकी जानकारी अपनी दादी व मां को दी। मां ने इस सम्बंध में थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही रणवीर उर्फ लडआ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस न बच्ची का डाक्टरी परीक्षण के अलावा उसके कोर्ट में बयान भी करवाए। छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी रणवीर उर्फ लउआ के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रणवीर को दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

## सार-संक्षेप

### कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव मसूदपुर में एक साथ हुईं दो मौतें

**कुदरकोट,औरैया।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव मसूदपुर में सोमवार को अचानक दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक युवक सूरज सिंह शाक्य जनपद इटावा निवासी अपनी ससुराल मसूदपुर में शादी समारोह में शामिल होने आया था। अचानक सीने में दर्द उठने से उसकी मौत हो गई। उसे देखने पड़ोसी शिवम दीक्षित अधिवक्ता उसको देखने आए थे कि अचानक घबराकर अचेत होकर गिर जाने से उनकी हालत खराब हो गई। उनको तुरंत रूरूगंज एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना गांव में पहुंचने पर दोनों परिवारो में कोहराम मच गया। उनके साथी अधिवक्ता लोगों की भी भीड़ एकत्रित हो गई इस संबंध में थाना प्रभारी पूजा सोलंकी से बात की गई तो उन्होंने बताया परिवारी जनों ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया।

### भीम पार्टी ने अपराधियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**ककोर औरैया।** जिले के सहार ब्लॉक के मजरा बहादुरपुर गांव में ब्रजेश दोहरे की हत्या के बाद भीम आर्मी के चंद्रशेखर रावण ने पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की थी। इसी क्रम में मंगलवार भीम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नौटियाल दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इसके बाद मृतक ब्रजेश के हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग की। तथा अपराधियों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने को कहा। यदि प्रशासन कर रवैया नहीं बदला और कोई कार्रवाई नही हुई तो भीम पार्टी 21 फरवरी को मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। जिसमें अन्य प्रदेशों के संगठन के लोग भी एकत्रित होंगे। इसके साथ नौटियाल ने सीओ भरत पासवान से मुलाकात की।

**शानदार** ग्राम पंचायत में खुले में शौच मुक्ति को लेकर प्रधान ने लोगों को किया जागरूक

# चौमुखी विकास से चमक उठी ग्राम पंचायत सिंगलामऊ

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार**। जनपद औरैया के ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सिंगलामऊ में विकास कार्य होने से ग्राम पंचायत चमक उठी है। बीते दो साल में युवा ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने स्कूलों का कायाकल्प, इज्जतघर, पर्यावरण और हरियाली के विद्यालयों में पौधरोपण,गांव में नाली और सड़कों के विकास के लिए काम कराया है।जिससे ग्राम पंचायत के लोगों को सुविधाएं मिली है।बताते चले की हम बात कर रहे हैं ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सिंगलामऊ के ग्राम प्रधान सुनील की।

हाईस्कूल की पढ़ाई दौरान ही उन्हें समाज सेवा का ऐसा जुनून हुआ कि वह समाजसेवा के लिए आगे बढ़े। जिसमें जनता उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताया था। पंचायत में उनके प्रयासों ने विकास की नई ऊंचाइयां दी है। ग्राम पंचायत में खुले में शौच मुक्ति को लेकर



गांव का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार


ग्राम सभा का प्राथमिक विद्यालय। अमृत विचार


गांव में बनी शानदार सड़क।

### विद्यालय का कायाकल्प

ग्राम पंचायत में बने विद्यालयों का कायाकल्प कराया गया है। जिससे फर्श से लेकर दीवारे तक चमक उठी हैं। जिनमें बच्चों को पढ़ने के लिए वर्णमाला, पहाडा, जीवों के नाम और चित्र जिससे उन्हे आसानी से पहचाना जा सकता है।

### छह विकलांग लोगों को मिली पक्की छत

ग्राम पंचायत में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत के 6 विकलांग परिवारों को पक्की छत नसीब हुई है। जिससे वह झोपड़ी में नहीं अपने पक्के घर में रहते हैं।

### 56 परिवारों को दिलाया इज्जतघर

ग्राम प्रधान ने स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के लोगों को 56 इज्जतघर का लाभ दिलाया है। इससे अब गांव की महिलाएं खेतों की तरफ नहीं अब घर पर बने इज्जतघर में शौच के लिए जाती हैं।

प्रधान ने लोगो को जागरूक किया।प्रधान ने गांव के मजदूरों को श्रम विभाग की योजनाओं के लाभ लिए पहल की,जिससे कई लोगों को साइकिल दिलाई है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंचायत में गरीबो को फ्री कनेक्शन करवाए गए हैं।पंचायत की सड़कें साफ रहती है।प्रधान ने बताया कि जल्द ही ग्राम पंचायत युवाओं के लिए बाई फाई लगवाया जाएगा।

ग्राम पंचायत लोगों को शादी विवाह में शहर का रुख करना पड़ता है। जिसके लिए बेटी के हाथ पीले करने के लिए लाखों रुपये खर्च कर गेस्ट करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने ग्राम प्रधान ने कहा कि जल्द ही ग्राम पंचायत में बारात घर का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिससे कि गांव मे ही शहनाई गूंजेगी।

# मेरठ को हरा कर गुरुग्राम बना विजेता

संवददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार**। बिधूना प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुग्राम ने मेरठ को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मंगलवार को खेले गए निर्णायक मुकाबले में गुरुग्राम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 139 रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम अपनी तमाम कोशिशों के बाद 15वें ओवर में 78 रन पर ऑल आउट हो गई और मेरठ को 61 रनों से हराकर गुरुग्राम बीपीएल 2024 की चैम्पियन बनी।

बिधूना के तहसील ग्राउंड पर पिछले 10 दिनों से एक शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता बिधूना प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन किया जा रहा था। मंगलवार को सैफियंस क्लब गुरुग्राम व मेरठ के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरुग्राम ने निर्धारित 20 ओवर में अपने सात विकेट खोकर 139 रन बनाए। जिसमे बल्लेबाज अंकित प्रताप सिंह ने 52 गेंदों में 5 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। गेंदबाजी में मेरठ की तरफ से कार्तिक सिद्धू ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी



विजेता टीम को ट्रॉफी व चेक देते जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

- **विजेता को ट्रॉफी के साथ मिले 2 लाख रुपये व उपविजेता को 1 लाख रुपये**

करते हुए 32 रन देकर सर्वाधिक 3 विकेट लिए ।

140 रनों के जवाब में उतरी मेरठ की शुरुआत बेहद खराब रही। 4.2 ओवर में ही 12 रन के स्कोर पर शीर्ष क्रम के 3 बल्लेबाज आउट हो गए। इसके बाद हर्षवर्धन और यशोवर्धन ने गुरुग्राम के गेंदबाजों के सामने कुछ देर संघर्ष जरूर किया मगर अंत में वो संघर्ष नाकाफी साबित हुआ। मेरठ की टीम 15वें ओवर में ही 78 रनों के स्कोर पर धराशाई हो गई। इस तरह से गुरुग्राम की टीम ने इस किताबी मुकाबले को 61 रनों से जीतकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। विजेता को दो लाख और उपविजेता को एक लाख का पुरस्कार खिताबी जीत के साथ गुरुग्राम को बीपीएल ट्रॉफी और दो लाख रुपये का पुरस्कार और मेरठ को उपविजेता ट्रॉफी और एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। शानदार बल्लेबाजी के लिए गुरुग्राम के अंकित प्रताप सिंह को खिताबी मुकाबले में मैन ऑफ द मैच चुना गया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,555.19 | 21,743.25 |
| बढ़त | 482.70 | 127.20 |
| प्रतिशत में | 0.68 | 0.59 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 14 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 8000-8300 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14700-14900 |
| अरहरस्पेशल1 | 12300-12500 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 5300-5400 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 8800- 12500 |
| उड़द धोवा | 10200- 12800 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1440-1475 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद



वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

## एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

## भारत का कोयला आयात दिसंबर में 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 27.2 प्रतिशत बढ़कर 2.335 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 तक शून्य तापीय कोयला आयात का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बी2बी (कंपनियों के बीच) ई-वाणिज्य कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, देश का कोयला आयात दिसंबर 2022 में एक करोड़ 83.5 लाख टन था। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार-दिसंबर 2023 में कोयले का आयात करीब 2.335 करोड़ टन था... दिसंबर 2022 की तुलना में 27.25 प्रतिशत अधिक रहा।

# विकसित देश बनने के लिए 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

**हैदराबाद, एजेंसी**

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात



भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट



के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है. कोई राजनीतिक दल उस पर कैसे बैठ सकता है? हाईकोर्ट को कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

## आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

## उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला



उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

## मेरे राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत : अशोक चव्हाण

**मुंबई, एजेंसी**



- भाजपा में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री बोले

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए।

चव्हाण (65) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन समेत कई नेताओं की उपस्थिति में मुंबई स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा में शामिल किया गया। कांग्रेस में लगभग चार दशक बिताने वाले चव्हाण ने नए चरण के बारे में कहा कि आज का दिन उनकी नई राजनीतिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एस बी चव्हाण के बेटे अशोक चव्हाण ऐसे समय में भाजपा में शामिल हुए हैं जब ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें राज्यसभा का नामांकन दिया जा सकता है।

## सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प

**संदेशखालि मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा



यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए। • एजेंसी

लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

## समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

**कोलकाता, एजेंसी**

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये नकद जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

# किसानों ने लोहे और कंक्रीट के लगे बैरिकेड्स तोड़े, इंटरनेट सेवाएं ठप



मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।



उग्र प्रदर्शन के बाद पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर एकत्रित किसानों में मची भगदड़।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान संगठनों के आंदोलन की वजह से आज सीमाओं पर अच्छा-खासा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद करने का फैसला लिया गया है। ये फैसला किसानों के आंदोलन की उग्रता कम करने के लिए लिया गया है। हरियाणा पुलिस ने बताया है कि, प्रदर्शनकारियों ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया है। स्थिति को काबू में करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। उग्र प्रदर्शन के चलते 15 जिलों में धारा 144 लागू की गई है।



शंभू बॉर्डर पर भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

### किसान आंदोलन के बीच सीजेआई ने लिया ट्रैफिक जाम का संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अदिश अग्रवाल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को किसानों के कूच को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस पत्र में दिल्ली घुसने की कोशिश करने वाले किसानों पर कार्रवाई की मांग की है। इस चिट्ठी का संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि वकीलों को कोई दिक्कत न आए। दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर यातायात बाधित हुआ है। संज्ञान लेते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को कहा कि अगर वकील यातायात में फंस जाते हैं तो उनके साथ सहयोग किया जाएगा। शीर्ष कोर्ट दिल्ली में घुसकर समस्या खड़ी करने और लोगों के आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले किसानों पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करे।



मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से वाहनों का चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

### क्या है न्यूनतम समर्थन मूल्य दर

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है।

## एक नजर

### अमेरिका: न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रोंक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4:38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

### अमेरिका: दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

### श्रीनगर: पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

### ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

### राष्ट्रपति चुनावः विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

# बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।



हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

### बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय



**42 फीसदी** बाइडन (81)
18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोक्रेट प्रत्याशी घोषित होंगे।



**45 फीसदी** ट्रंप (77)
15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।

**बाइडन को दी जा सकती है चुनौती**
नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

**बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक**
डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

**चिंता: 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा**
बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता भी बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

**उपलब्धि: अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी**
एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3.53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।



उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

# बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को यह दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

### पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी

इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### पीटीआई नेता को पुलिस के सामने मारी गोली, मौत

इमरान की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया के अनुसार, पीटीआई के पूर्व संसदीय मामलों के सदस्य चौधरी मुहम्मद अदनान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। पीटीआई नेता ने रावलपिंडी के निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

## चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

**मुंबई।** शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

# न्यूयॉर्क में एमटीए बोर्ड में भारतवंशी मीरा जोशी नामित

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- मीरा बोलीं, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़, सभी का आभार, जल्द संभालेंगी पद

न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने भारतवंशी मीरा जोशी को मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड के लिए नामित किया है। जोशी डिप्टी मेयर (ऑपरेशन) हैं। न्यूयार्क शहर के बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक क्षेत्र और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाली डिप्टी मेयर जोशी को आठ फरवरी को एनवाइसी विभाग के सिटी प्लानिंग निदेशक और सिटी प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष डैन गारोडनिक के साथ नामित किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया है। आधिकारिक नोट में कहा गया है कि एडम्स ने बोर्ड में सार्वजनिक परिवहन के लंबे समय से समर्थक रहे दोनों अधिकारियों को नामित कर न्यूयॉर्क वासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। एडम्स ने कहा कि नामित दोनों शख्स एमटीए के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उचित हैं। बोर्ड के लिए नामांकन के बाद डिप्टी मेयर मीरा जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़ है।

न्यूयॉर्क के कार्यों को सुगमता के साथ संचालित करने में कोई भी चीज ऐसी नहीं है जो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से अधिक प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। वह न्यूयॉर्क सिटी सिविलियन कंप्लेंट रिव्यू बोर्ड की पहली उप कार्यकारी निदेशक थीं, जिन्होंने पुलिस कदाचार के नागरिक आरोपों की जांच का नेतृत्व किया।

### मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...



**गुवाहाटी:** बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गईं, अंतिम रूस देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

## कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

**आरा (बिहार)।** महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।



आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

## कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

**विज्ञान** इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

# पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।



पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

### ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

## अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

**चीकटोवागा।** अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

# इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयार: क्रेमलिन

**मॉस्को।** क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।